रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/97 REGISTERED No. DL—33001/97

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 4] नई दिल्ली, शनिवार, जनवरी 25, 1997 (माघ 5, 1918)
No. 4] NEW DELHI, SATURDAY, JANUARY 25, 1997 (MAGHA 5, 1918)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सकेगा ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं ।]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

औद्योगिक और निर्यात ऋण विभाग

मुम्बई-400 001, दिनांक 6 सितम्बर 1996

सं. औनिऋवि. 14/08.15.01/96-97—जबकि, यह मानते हुए कि सरकारी प्रतिभूति बाजार के विकास के लिए ऐसा करना जरूरी है, भारतीय रिजर्व बैंक ने 14 मई 1994 के परिपत्र सं. सीपीसी. डीसी. 136/07.01.279/93-94 द्वारा, प्राथमिक व्यापारियों की सूचीकरण की प्रणाली आरम्भ की थी, जिसके उद्देश्य थे (क) सरकारी प्रतिभूति बाजार को स्पंदनशील, तरल और मजबूत आधार प्रदान बनाने के लिए आधारिक संरचना को दृढ़ करना, (ख) भारतीय रिजर्व बैंक से बाहर सरकारी प्रतिभूतियों के लिए बाजार-निर्माण-क्षमताओं तथा हामीदारी का विकास सुनिश्चित करना, (ग) एक ऐसी द्वितीयक बाजार व्यापार प्रणाली का सुधार करना, जो बदले में, मूल्य-खोज में, तरलता बढ़ाने में और व्यापकतर निवेशक-आधार पर सरकारी प्रतिभूतियों की स्वैच्छिक धारिता को प्रोत्साहित करने में सहायक हो, और (घ) खुले बाजार के कार्यों को चलाने में प्राथमिक व्यापारियों का उपयोग सशक्त माध्यमों के रूप में करना और जबकि, समय-समय पर यथासंशोधित, दिनांक 29 मार्च 1995 के, "सरकारी प्रतिभूति बाजार में प्राथमिक व्यापारियों के लिए दिशा-निर्देश" प्राथमिक व्यापारियों के कार्यकलापों को उक्त उद्देश्यों के दायरे में नियमित करने के लिए उनकी पात्रता की शर्तों, दायित्वों, पूंजी पर्याप्तता मानदंडों, प्राधिकरण-संबंधी प्रक्रिया, विनियमों तथा अन्य मानदंडों को निर्धारित करते हैं ।

और जबकि, प्राथमिक व्यापारियों द्वारा प्राप्त किए जाने वाले उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें वाणिज्यिक पत्र के निर्गम के जरिए वित्त जुटाने की अनुमति देना वांछित समझा गया है।

अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक इस बात से संतुष्ट होने पर कि ऐसा करना लोक हित में आवश्यक है, एतद्द्वारा, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45ट तथा 45ठ द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस संबंध में इसे समर्थ बनाने वाली सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए आगे विनिर्दिष्ट निदेश देता है।

भाग 1 : प्रारंभिक

1. निदेशावली का संक्षिप्त नाम और प्रारंभ

यह निदेशावली "प्राथमिक व्यापारी (वाणिज्यिक पत्र के जरिए जमाराशियों का स्वीकरण) निदेशावली, 1996" कहलाएगी। यह 6 सितम्बर 1996 से अमल में आएगी और इस निदेशावली में इसके प्रारंभ होने के दिनांक का उल्लेख होने पर इसका संबंध उक्त दिनांक से माना जाएगा।

भाग 2 : निदेशावली का प्रभाव-क्षेत्र

2. वाणिज्यिक पत्र पर निदेशावली की प्रयोज्यता

ये निदेश वाणिज्यिक पत्र के जरिए जमाराशियां जुटानेवाले प्रत्येक प्राथमिक व्यापारी पर लागू होंगे।

3. परिभाषाएं

इन निदेशों में जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "प्राथमिक व्यापारी" से अभिप्रेत है ऐसी वित्तीय संस्था, जिसके पास, समय-समय पर यथा-संशोधित, दिनांक 29 मार्च 1995 के "सरकारी प्रतिभूति बाजार में प्राथमिक व्यापारियों के लिए दिशा-निर्देश" के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा, उसे प्राथमिक व्यापारी के रूप में जारी वैध प्राधिकरण-पत्र हो।

(ख) इसमें जो शब्द और अभिव्यक्तियां प्रयुक्त हैं, परन्तु परिभाषित नहीं हैं और भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) में परि-भाषित हैं, उनका अर्थ वही होगा जो उनके लिए उस अधिनियम में निर्धारित है। यदि कोई अन्य शब्द या अभिव्यक्तियां इसमें अथवा भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) में परिभाषित नहीं हैं तो उनका अर्थ वही होगा जो कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) में उनके लिए निर्धारित है।

4. वाणिज्यिक पत्र जारी करने की पात्रता

निम्नलिखित अपेक्षा पूरी करने वाला प्रत्येक प्राथमिक व्यापारी वाणिज्यिक पत्र जारी करने का पात्र होगा, बशर्ते वह इन निदेशों में दी गई शर्तें भी पूरी करता हो :

प्राथमिक व्यापारी ने वाणिज्यिक पत्र जारी करने के लिए किसी ऐसी साख निर्धारण एजेंसी से, विनिर्दिष्ट न्यूनतम साख निर्धारण-क्रम प्राप्त कर रखा है जिसके द्वारा किए गए साख-निर्धारण को भारतीय रिजर्व बैंक ने वाणिज्यिक पत्र जारी करने के प्रयोजनार्थ अनुमोदित किया हुआ है। प्राथमिक व्यापारी यह सुनिश्चित करेगा कि वाणिज्यिक पत्र जारी करते समय उसके द्वारा प्राप्त साख-निर्धारण प्रचलन में है और उसे प्राप्त किए दो माह से अधिक समय नहीं हुआ है। भारतीय साख निर्धारण सूचना सेवा लिमिटेड (क्रिसिल) द्वारा प्रदत्त क्रम पी-2, अथवा भारतीय साख निर्धारण एजेंसी (इकरा) द्वारा प्रदत्त क्रम ए-2, अथवा साख निर्धारण तथा अनुसंधान लिमिटेड (केयर) द्वारा प्रदत्त पीआर-2 अथवा डफ एंड फेल्प्स रेटिंग इंडिया प्रायवेट लिमिटेड (डीसीआर इंडिया) द्वारा प्रदत्त क्रम डी-2 अथवा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस प्रयोजनार्थ समय-समय पर निर्धारित क्रम को ही न्यूनतम विनिर्दिष्ट साख निर्धारण क्रम माना जाएगा।

5. वाणिज्यिक पत्र की न्यूनतम और अधिकतम अवधि

(क) वाणिज्यिक पत्र निर्गम की तारीख से 3 माह और एक वर्ष से कम के बीच परिपक्वता-अवधियों के लिए जारी किया जाएगा।

(ख) वाणिज्यिक पत्र के भुगतान के लिए कोई छूट अवधि नहीं होगी। यदि अवधि-समाप्ति की तारीख को छुट्टी पड़ती हो तो प्राथमिक व्यापारी तत्काल पूर्वगामी कार्य दिवस को भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

(ग) वाणिज्यिक पत्र के प्रत्येक निर्गम (पुनर्निर्गम सहित) को नया निर्गम माना जाएगा।

स्पष्टीकरण

जहां नीचे पैरा 6(ख) में उल्लिखित अपेक्षाओं के पालन के फलस्वरूप वाणिज्यिक पत्र की अवधि तीन माह से कम होगी वहां इन निदेशों के प्रयोजनार्थ उसे तीन माह से अन्यून अवधि का माना जाएगा।

6. वाणिज्यिक पत्र का मूल्यवर्ग और न्यूनतम आकार

(क) वाणिज्यिक पत्र 5 लाख रुपये के गुणजों में जारी किया जा सकता है किन्तु किसी भी एक निवेशकर्ता द्वारा निवेश की गई राशि 25 लाख रुपये (अंकित मूल्य) से कम नहीं होगी बशर्ते द्वितीयक (गौण) बाजार के लेन देन 5 लाख रुपये अथवा उसके गुणजों में हों।

(ख) जारी किए जाने के लिए प्रस्तावित वाणिज्यिक पत्र की कुल राशि, इन निदेशों में दिए गए अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित किए जाने की तारीख से दो सप्ताह की अवधि के भीतर जुटाई जाएगी तथा वाणिज्यिक पत्र को एक ही तारीख को अथवा अंशों में अलग-अलग तारीखों को जारी किया जा सकता है, किन्तु शर्त यह होगी कि अंशों में अलग-अलग तारीखों को जारी किए जाने की स्थिति में उस वाणिज्यिक पत्र की परिपक्वता की तारीख एक ही होगी।

7. वाणिज्यिक पत्र के निर्गम की राशि की उच्चतम सीमा

वाणिज्यिक पत्र जारी करके प्राथमिक व्यापारी द्वारा प्राप्त की जाने वाली कुल राशि उसके निमित्त भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित राशि से अधिक नहीं होगी।

8. जारी करने का तरीका और बट्टा-दर

वाणिज्यिक पत्र इससे संलग्न अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट फार्म के अनुसार पृष्ठांकन और हस्तांतरण द्वारा परक्राम्य मीयादी वचन-पत्र के रूप में होगा तथा उसे अंकित मूल्य पर जारी किया जाएगा और वाणिज्यिक पत्र जारीकर्ता प्राथमिक व्यापारी द्वारा निर्धारित बट्टा-दर लगाई जाएगी ।

9. निर्गम व्यय

वाणिज्यिक पत्र जारीकर्ता प्राथमिक व्यापारी उक्त निर्गम के व्यय वहन करेगा, जिनमें व्यापारियों का शुल्क, निर्धारण (रेटिंग) एजेन्सी का शुल्क आदि शामिल है ।

10. वाणिज्यिक पत्र के निवेशकर्ता और पृष्ठांकन

(क) वाणिज्यिक पत्र व्यक्तियों, बैंकों, कम्पनियों और भारत में पंजीकृत या निगमित अन्य कम्पनी निकायों और अनिगमित निकायों सहित किसी भी व्यक्ति को जारी किया जा सकता है ।

बशर्ते कोई भी वाणिज्यिक पत्र अनिवासी भारतीय (एनआरआई) को प्रत्यावर्तन के आधार से भिन्न किसी अन्य आधार पर और इस शर्त को छोड़कर कि वह हस्तांतरणीय नहीं होगा, किसी अन्य शर्त के अधीन नहीं जारी किया जाएगा ।

(ख) अनिवासी भारतीय (एनआरआई) को जारी किये गये वाणिज्यिक पत्र पर अप्रत्यावर्तनीयता और अहस्तांतरणीयता से संबंधित शर्तें निर्दिष्ट की जाएंगी ।

स्पष्टीकरण

उक्त अभिव्यक्ति "अनिवासी भारतीय" (नान-रेजिडेन्ट इण्डियन) का अर्थ वही होगा जो विदेशी मुद्रा विनियम अधिनियम, 1973 की धारा 9 के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की गई दिनांक 9 अक्तूबर 1989 की अधिसूचना सं फेरा 85/89-आरबी में उसके लिए निर्दिष्ट किया गया है ।

11. वाणिज्यिक पत्र जारी करने की कार्यविधि

(क) वाणिज्यिक पत्र जारी करने का प्रस्ताव करने वाला प्रत्येक प्राथमिक व्यापारी भारतीय रिजर्व बैंक को एक प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा और अपना समस्त ब्यौरा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर संशोधित, अनुसूची-2 के रूप में इस अधिसूचना से संलग्न फार्म में देगा ।

(ख) वाणिज्यिक पत्र जारी करने हेतु उक्त पैरा (क) में उल्लिखित प्रस्ताव प्राप्त होने पर, भारतीय रिजर्व बैंक इस बात से संतुष्ट होने पर कि वाणिज्यिक पत्र के निर्गम के संबंध में निर्धारित पात्रता मानदण्ड तथा अन्य शर्तें पूरी हो गई हैं, प्राथमिक व्यापारी द्वारा वाणिज्यिक पत्र के निर्गम के जरिए एकत्र की जाने वाली राशि का निर्धारण करेगा तथा प्राथमिक व्यापारी को इसकी सूचना देगा ।

(ग) उसके बाद प्रत्येक प्राथमिक व्यापारी निजी तौर पर निर्गम को प्रस्तुत करने की व्यवस्था करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि रिजर्व बैंक से सूचना मिलने की तारीख से दो सप्ताह के भीतर, वाणिज्यिक पत्र के जारी होने के प्रस्ताव का कार्य पूरा हो गया है ।

(घ) वाणिज्यिक पत्र में निवेश करने वाला प्रारम्भिक निवेशकर्ता वाणिज्यिक पत्र के बट्टागत मूल्य का भुगतान जारीकर्ता प्राथमिक व्यापारी के खाते में रेखित आदाता लेखा चैक द्वारा करेगा ।

(ङ) वाणिज्यिक पत्र जारी करने वाला प्रत्येक प्राथमिक व्यापारी निर्गम के पूरा होने की तारीख से तीन दिन के भीतर, भारतीय रिजर्व बैंक (औद्योगिक और निर्यात ऋण विभाग, केन्द्रीय कार्यालय, मुम्बई) को, वास्तव में जारी किए गए वाणिज्यिक पत्र की राशि सूचित करेगा ।

12. वाणिज्यिक पत्र के निर्गम की हामीदारी या सह-स्वीकृति पर प्रतिबन्ध

किसी भी प्राथमिक व्यापारी को वाणिज्यिक पत्र के निर्गम के संबंध में किसी भी प्रकार से कोई हामीदारी अथवा सह-स्वीकृति प्राप्त करने की अनुमति नहीं होगी ।

13. वाणिज्यिक पत्र का भुगतान

वाणिज्यिक पत्र के परिपक्व होने पर वाणिज्यिक पत्र का धारक जारी करने वाले प्राथमिक व्यापारी को भुगतान के लिए उक्त प्रपत्र प्रस्तुत करेगा ।

14. अतिरिक्त प्रलेखन

वाणिज्यिक पत्र जारी करने वाला प्रत्येक प्राथमिक व्यापारी समय-समय पर अपेक्षित सभी अतिरिक्त प्रलेख निष्पादित करेगा और सभी पूर्व-सावधानी बरतेगा ।

15. जहां तक इन निदेशों के अनुसार वाणिज्यिक पत्र जारी करके जमाराशियां स्वीकार करने का संबंध है, गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी (रिजर्व बैंक) निदेशावली, 1977 और गैर-बैंकिंग कम्पनी (वाणिज्यिक पत्र के निर्गम द्वारा जमाराशियों की स्वीकृति) निदेशावली, 1989 में निहित कोई भी बात किसी भी प्राथमिक व्यापारी पर लागू नहीं होगी ।

वि. सुब्रमण्यम
कार्यपालक निदेशक

अनुसूची - 1

परक्राम्य वाणिज्यिक पत्र

जारी करने वाले प्राथमिक व्यापारी का नाम

जिस राज्य में इसे जारी किया जाता है उस राज्य में लागू नियमों के अनुसार स्टाम्प-ड्यूटी लगायी जाये ।

क्रम संख्या

. . . . में जारी किया गया । जारी करने की
(स्थान)

तारीख . . . . .छूट के दिनों को छोड़कर अवधि-समाप्ति की तारीख . . . .(यदि उस तारीख को छुट्टी हो तो भुगतान तत्काल पूर्वगामी कार्यदिवस को किया जाएगा) ।

. . . . एतद्द्वारा प्राप्त मूल्य के
(जारी करने वाले प्राथमिक व्यापारी का नाम)
लिए . . . . को अथवा आदेश पर
(निवेशकर्ता का नाम)

ऊपर यथानिर्दिष्ट अवधि-समाप्ति की तारीख को यह वाणिज्यिक पत्र . . . . को प्रस्तुत और

(निगमकर्ता और अदाकर्ता एजेंट का नाम)
अभ्यर्पित करने पर रु. . . . .
(शब्दों में) राशि अदा करने का वचन देते हैं ।

. . . . के लिए उनकी
(जारी करने वाले प्राथमिक व्यापारी का नाम)
ओर से ।

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

इस वाणिज्यिक पत्र पर सभी पृष्ठांकन स्पष्ट तथा सुव्यक्त होने चाहिए । प्रत्येक पृष्ठांकन निर्धारित स्थान पर ही लिखा जाए ।

1. . . . . को अथवा आदेश

(हस्तांतरी का नाम)

पर इसमें उल्लिखित राशि अदा करें ।

. . . . के लिए और उसकी ओर से

(हस्तांतरणकर्ता का नाम)

2. ''
3. ''
4. ''
5. ''
6. ''
7. ''
8. ''

अनुसूची 2

गोपनीय

वाणिज्यिक पत्र के निर्गम हेतु जारीकर्ता प्राथमिक व्यापारी द्वारा अनुमोदन प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन का प्रोफार्मा

सेवा में,
मुख्य महा प्रबन्धक
भारतीय रिजर्व बैंक
औद्योगिक और निर्यात ऋण विभाग
केन्द्रीय कार्यालय
मुम्बई-400001 ।

प्रिय महोदय

वाणिज्यिक पत्र—जारी करने का कार्यक्रम

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 6 सितम्बर 1996 को जारी की गई, समय-समय पर यथासंशोधित अधिसूचना सं. आई ईसीडी. 14/08.15.01/96-97 के निदेशों के अनुसार हम नीचे दिये गये ब्यौरे के अनुसार वाणिज्यिक पत्र जारी करने का प्रस्ताव करते हैं ।

1. जारीकर्ता का नाम
2. पंजीकृत कार्यालय और पता
3. व्यावसायिक गतिविधियां
4. (क) जारी करने के लिए प्रस्तावित वाणिज्यिक पत्र की राशि (अंकित मूल्य)

(ख) निर्गम की अवधि

5. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित साख निर्धारण एजेन्सी से प्राप्त निर्धारण (रेटिंग) 1 (निर्धारण प्रमाणपत्र की एक प्रति संलग्न की जाए)

(जारीकर्ता प्राथमिक व्यापारी का नाम)
प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

मुम्बई, दिनांक 4 नवम्बर 1996

सं. औनिऋवि. 15/08.15.01/96-97—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45ट द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस संबंध में इसे समर्थ बनाने वाली सभी शक्तियों का उपयोग करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक, इस बात से प्रति संतुष्ट होकर कि ऐसा करना जनहित में आवश्यक है, एतद्द्वारा निदेश जारी करता है कि "गैर-बैंकिंग कम्पनी (वाणिज्यिक पत्र के जरिए जमाराशियों की स्वीकृति) निदेशावली, 1989" (यथासंशोधित) को तात्कालिक प्रभाव से, निम्नानुसार संशोधित किया जाएगा, अर्थात् :—

1. पैरा 4 में उप-पैरा (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप-पैरा रखा जाएगा, अर्थात् :—

"कम्पनी की कार्यशील पूंजी (निधि आधारित) सीमा चार करोड़ रुपये से कम नहीं है ।"

2. पैरा 7 के स्थान पर निम्नलिखित पैरा रखा जाएगा, अर्थात् :—

"वाणिज्यिक पत्र जारी करके उगाही जाने वाली कुल राशि बैंक/बैंकों द्वारा जारीकर्ता कम्पनी को स्वीकृत कार्यशील पूंजी (निधि आधारित) सीमा से अधिक नहीं होगी ।"

3. पैरा 10 के स्पष्टीकरण में "दिनांक 9 अक्तूबर 1989 की अधिसूचना संख्या फेरा 85/89 आर बी" शब्दों के बाद "समय समय पर यथासंशोधित" शब्द जोड़े जाएंगे ।

4. पैरा 11 में उप पैरा (5) के स्थान पर निम्नलिखित उप-पैरा रखा जाएगा, अर्थात् :—

वाणिज्यिक पत्र के जारी होते ही वित्त पोषक बैंकिंग कम्पनी द्वारा, वाणिज्यिक पत्र जारी करने वाली प्रत्येक कम्पनी की कार्यशील पूंजी (निधि आधारित) सीमा में तदनुरूपी कटौती की जाएगी और वित्त-पोषक बैंकिंग कम्पनी उस कम्पनी के क्रमशः बैंकिंग कम्पनी/अन्य सदस्य बैंकिंग कम्पनियों के यहां खुले-

खाते में आवश्यक समायोजन करेगी। चूंकि उक्त कम्पनी द्वारा संबंधित बैंकिंग कम्पनियों के यहां रखी कार्यशील पूंजी (निधि आधारित) सीमाओं में से ही वाणिज्यिक पत्र की व्यवस्था (कार्विग) की जानी है, अत: वाणिज्यिक पत्र जारी करने से उसकी समग्र अल्पावधि उधार सुविधाओं में कोई वृद्धि नहीं होगी।''

वि. सुब्रमण्यम
कार्यपालक निदेशक

वित्तीय कम्पनी विभाग
केन्द्रीय कार्यालय

कलकत्ता-700001, दिनांक 24 जुलाई 1996

सं. 86 ई डी (जे आर पी)/96—भारतीय रिजर्व बैंक, यह आवश्यक समझते हुए कि ऐसा करना लोक हित में है और इस बात से संतुष्ट हो जाने पर कि ऋण प्रणाली को देश के लाभ के प्रयोजन के लिए विनियमित करने हेतु बैंक को सक्षम बनाने के लिए गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी (रिजर्व बैंक) निदेशावली, 1977 को संशोधित करना आवश्यक है, एतद्द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45ञ, 45 ट और 45 ठ द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस संबंध में इसे समर्थ बनाने वाली सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निदेश देता है कि दिनांक 20 जून, 1977 की अधिसूचना सं. डीएनबीसी 38/डी जी (एच)-77 में समाविष्ट उक्त निदेशों को, तत्काल प्रभाव से, निम्नानुसार संशोधित किया जाएगा, अर्थात्,

1. पैराग्राफ 3 में,—

(क) उप पैराग्राफ (3) में,

''गुजरात इंडस्ट्रियल इनवेस्टमेंट कारपोरेशन लिमिटेड''

शब्दों के पश्चात् और

''अथवा अन्य कोई वित्तीय संस्था''

शब्दों के पहले

निम्नलिखित शब्दों को जोड़ा जाए —

''एशियन डेवेलमेंट बैंक, अथवा इंटरनेशनल फाइनांस कारपोरेशन''

(ख) उप-पैराग्राफ (9) को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्, —

''(9) इक्विटी शेयर कैपिटल में उक्त डिबेंचरों अथवा बांडों को परिवर्तित करने के लिए जारीकर्ता अथवा धारक को किसी भी प्रकार का विकल्प दिये बिना परिवर्तन की पूर्व निर्धारित शर्तों सहित डिबेंचरों अथवा बांडों को जारी कर जुटायी गयी कोई भी राशि।''

2. पैराग्राफ 4, उप पैराग्राफ (1क) में,

''10क (ख)'' शब्दों और अंक को ''10क (1) (ख)'' शब्दों और अंक से प्रतिस्थापित किया जाएगा।''

3. पैराग्राफ 5 को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जाएगा—

5. गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों द्वारा जमा राशियां स्वीकार करना

(1) जमा राशियों की अवधि

25 जुलाई 1996 को और उसके बाद,

कोई भी गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी निम्न प्रकार की कोई भी जमाराशि स्वीकार नहीं करेगी न ही 25 जुलाई 1996 के पहले स्वीकार की गयी उस जमाराशि का नवीकरण करेगी,—

(1) जो मांग अथवा सूचना पर प्रतिदेय हो, अथवा

(2) जब तक ऐसी जमाराशि, स्वीकृत किये जाने अथवा ऐसी राशि का नवीकरण किये जाने की तारीख से बारह महीने की अवधि के बाद परन्तु साठ महीने की अवधि तक प्रतिदेय न हो;

शर्त यह है कि डिबेंचरों और बांडों के निर्गम द्वारा जुटाये गये धन पर इस खंड में उल्लिखित प्रावधान लागू नहीं होंगे।

शर्त यह भी है कि कोई गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनी बारह महीने से अनधिक अवधि के भीतर प्रतिदेय कोई जमाराशि स्वीकार कर सकती है या उसका नवीकरण कर सकती है यदि,

(1) वह जमाराशि किसी ऐसी अन्य कम्पनी से प्राप्त की जाती है, जो भारत के बाहर निगमित कम्पनी न हो; और

(2) ऐसी जमाराशि, कुल मिलाकर किसी उपस्कर पट्टादायी कम्पनी या किराया खरीद वित्त कम्पनी या ऋण कम्पनी या निवेश कम्पनी के मामले में,

(क) यदि वह कम्पनी पंजीकृत है तो उसकी निवल स्वाधिकृत निधि से दुगुनी राशि से अधिक न हो, और

(ख) यदि वह कम्पनी पंजीकृत नहीं है तो उसकी निवल स्वाधिकृत निधि के बराबर की राशि से अधिक न हो।

(2) निर्धारित उच्चतम सीमा से अधिक की जमाराशियां स्वीकार करने या उनके नवीकरण पर प्रतिबंध और पहले स्वीकार की गयी उच्चतम सीमा से अधिक रखी गयी जमाराशियों का विनियमन

(क) उपस्कर पट्टादायी कम्पनियां और किराया खरीद कम्पनियां दिनांक 25 जुलाई 1996 को और उसके बाद,

(1) कोई भी उपस्कर पट्टादायी कम्पनी या किराया खरीद वित्त कम्पनी ऐसी जमाराशि प्राप्त करने या उसका नवीकरण करने के लिए पात्र होगी, जिसकी कुल राशि, पहले ही प्राप्त राशियों और दिनांक 25 जुलाई 1996 को कारोबार शुरू होने के समय कम्पनी की बहियों में बकाया राशियों तथा निदेशावली क के पैरा 3 के खंड (2), (3) और (9) में उल्लि-

खित प्रकार से यदि कोई राशियां हों तो उन सबको मिलाकर, कम्पनी की निवल स्वाधिकृत निधि के पांच गुना की राशि से अधिक नहीं हो ।

शर्त यह है कि जमाराशियां यदि किसी अन्य कम्पनी, जो भारत से बाहर निगमित कम्पनी न हो, से प्राप्त जमाराशियां बारह महीने से अनधिक अवधि के लिए हों तो वे कुल मिलाकर, कम्पनी की निवल स्वाधिकृत निधि से अधिक न हों ।

तथापि, शर्त यह है कि,

(क) कोई उपस्कर पट्टादायी कम्पनी या कोई किराया खरीद वित्त कम्पनी, जो पंजीकृत है, जमाराशियां स्वीकार करने के लिए पात्र होगी जिसकी कुल राशि, पहले से हो प्राप्त राशियों और दिनांक 25 जुलाई 1996 को कारोबार शुरु होने के समय कम्पनी की बहियों में बकाया राशियां तथा निदेशावली के पैरा 3 के खंड (2), (3) और (4) में उल्लिखित प्रकार से यदि कोई राशियां हों तो वे सभी राशियां उस कम्पनी की निवल स्वाधिकृत निधि के सात गुना राशि से अधिक न हों ।

(ख) कोई उपस्कर पट्टादायी कम्पनी या कोई किराया खरीद वित्त कम्पनी, जो पंजीकृत है और रिजर्व बैंक से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्राप्त करती है कि वह निदेशावली के पैरा 5 क में निहित ऋण निर्धारण अपेक्षा या विवेकशील मानदंडों की पूर्ति करती है, ऐसी जमाराशि स्वीकार करने या उसका नवीकरण करने के लिए पात्र होगी, जिसकी कुल राशि, पहले से प्राप्त राशि और दिनांक 25 जुलाई 1996 को कारोबार शुरु होने के समय कम्पनी की बहियों में बकाया राशि तथा निदेशावली के पैरा 3 के खंड (2), 3) और (9) में उल्लिखित प्रकार से यदि कोई राशियां हों तो वे सभी राशियां, उस कम्पनी की निवल स्वाधिकृत निधि की दस गुना राशि से अधिक न हों ।

(ग) कोई उपस्कर पट्टादायी कम्पनी या कोई किराया खरीद वित्त कम्पनी, जो पंजीकृत है और रिजर्व बैंक से इस आशय का प्रमाणपत्र प्राप्त करती है कि वह निदेशावली के पैरा 5 क में निर्दिष्ट ऋण निर्धारण अपेक्षा तथा विवेकशील मानदंडों की भी पूर्ति करती है, किसी भी मात्रा में जमाराशि स्वीकार करने के लिए पात्र होगी;

शर्त यह भी है कि

(1) किसी उपस्कर पट्टादायी कम्पनी या किसी किराया खरीद वित्त कम्पनी, जो पंजीकृत है, के मामले में किसी अन्य ऐसी कम्पनी से जो भारत से बाहर पंजीकृत न हो, 12 महीने से अनधिक अवधि के लिए प्राप्त की हुई जमाराशियां कुल मिलाकर ऐसी कम्पनी की स्वाधिकृत निधि से दुगनी राशि से अधिक न हों ।

(2) जब किसी उपस्कर पट्टादायी कम्पनी या किसी किराया खरीद वित्त कम्पनी का पंजीकरण रद्द कर दिया जाता है या वह निदेशावली के पैरा 5 क में निर्दिष्ट ऋण निर्धारण अपेक्षा या विवेकशील मानदण्ड या उक्त दोनों का अनुपालन, इनमें से जो भी लागू हो, बंद कर देती है, तो वह,

(क) इस प्रकार पंजीकरण रद्द होने या अनुपालन करना बंद कर देने के दिन से पंद्रह दिन के भीतर कम्पनी, इसकी द्वितीय अनुसूची में यथानिर्दिष्ट रिजर्व बैंक के पर्यवेक्षण विभाग के उस क्षेत्रीय कार्यालय को, जिसके अधिकार क्षेत्र में उक्त कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय स्थित है, समय-समय पर निर्दिष्ट फार्म में सभी प्रकार के ब्यौरे लिखित रूप में सूचित करेगी;

(ख) यदि उप पैरा (2) (क) (1) के द्वितीय परन्तुक के खंड (क) या (ख), जो भी लागू हो के दायरे के भीतर आने वाली कम्पनी हो और वह उसे उपलब्ध अधिकतम अनुमत सीमा पर पहले पहुंच गयी हो या यदि वह उप पैरा (2) (क) (1) द्वितीय परन्तुक के खंड (ग) के दायरे के भीतर आने वाली कोई कम्पनी हो तो तत्काल प्रभाव से नयी जमाराशियां स्वीकार करना या मौजूदा जमाराशियों का नवीकरण बंद कर दे; और

(ग) छः महीने की अवधि के भीतर या रिजर्व बैंक द्वारा बढ़ायी जाने वाली ऐसी अवधि के भीतर अतिरिक्त जमाराशियां, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या वह उप पैरा 2 (क) (1) के द्वितीय परन्तुक के खंड (क) या (ख) या (ग), जैसा भी मामला हो, के अंतर्गत जमाराशियां स्वीकार करने के लिए पात्र थी, ऐसे उचित स्तर तक कम करे जिसके लिए वह उसके बाद जमाराशियां प्राप्त करने के लिए पात्र होगी ।

(3) जहां किसी उपस्कर पट्टादायी अथवा किराया खरीद वित्त कम्पनी की उप पैरा (2) (क) (1) के द्वितीय परन्तुक के खंड (2) (ख) के अंतर्गत नयी जमाराशियां स्वीकार करने या वर्तमान जमाराशियों को नवीकृत करने की पात्रता समाप्त हो जाती हो, कम्पनी को उक्त उप पैरा के द्वितीय परन्तुक के खंड (ख) या (ग) के अंतर्गत रिजर्व बैंक द्वारा जारी प्रमाणपत्र अप्रभावी हो जाएगा और कम्पनी उसे निरसन के लिए रिजर्व बैंक के पास तत्काल लौटाएगी ।

(4) जहां किसी उपस्कर पट्टादायी कम्पनी या किसी किराया खरीद वित्त कम्पनी के पास दिनांक 25 जुलाई, 1996 को कारोबार की शुरूआत करते समय इस पर लागू तथा उप-पैरा (2) (क) (1) अथवा उप-पैरा (2) (क) (1) के द्वितीय परन्तुक के खंड (क) या (ख), जैसी भी स्थिति हो, में यथानिर्दिष्ट उपयुक्त सीमा से अधिक जमाराशियां हों तो वहां ऐसी कम्पनी 25 जनवरी, 1997 तक इस प्रकार की अतिरिक्त जमाराशियां चुकौती द्वारा या अन्यथा कम करेगी ।

(ख) ऋण कम्पनियां और निवेश कम्पनियां

25 जुलाई, 1996 को और उसके बाद से,

(1) किसी उपस्कर पट्टादायी कम्पनी या किराया खरीद वित्त कम्पनी के अतिरिक्त कोई गैर बैंकिंग कम्पनी निम्नलिखित जमाराशि को प्राप्त करने या नवीकृत करने की पात्र होगी :—

(क) शेयरधारकों से जमाराशियां अथवा किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा गारण्टीकृत कोई जमाराशि अथवा किसी ऐसे

व्यक्ति द्वारा गारण्टीकृत कोई जमाराशि जो गारण्टी देते समय कम्पनी का निदेशक था अथवा है बशर्ते इस प्रकार की कुल जमाराशि इस उप खंड में विनिर्दिष्ट ऐसी किसी अन्य जमाराशि तथा इस प्रकार की जमाराशियों की प्राप्ति और नवीकरण की तारीख को कम्पनी की बहियों में बकाया राशि सहित कम्पनी निवल स्वाधिकृत निधि के पन्द्रह प्रतिशत से अधिक न हो;

(ख) कोई अन्य जमाराशि, इस प्रकार की किसी अन्य जमाराशि सहित, जो इस खंड के उप खंड (क) में विनिर्दिष्ट जमाराशि न हो और प्राप्ति या नवीकरण की तारीख को कम्पनी की बहियों में प्राप्त या बकाया जमाराशि को मिलाकर कम्पनी की निवल स्वाधिकृत निधि के पच्चीस प्रतिशत से अधिक न हो; और

(ग) किसी अन्य कम्पनी से, जो भारत से बाहर कोई निगमित कम्पनी न हो, बारह महीने से अनधिक अवधि के लिए प्राप्त जमाराशियां, जिसकी कुल राशि कम्पनी की निवल स्वाधिकृत निधि से अधिक न हो।

(2) कोई ऋण कम्पनी या निवेश कम्पनी जो पंजीकृत हो, उपर्युक्त खंड (1) उपखंड (क) और (ख) में यथा विनिर्दिष्ट जमाराशियों के अतिरिक्त किसी अन्य ऐसी कम्पनी से जो भारत के बाहर निगमित न हो, बारह महीने से अनधिक अवधि के लिए कुल उसकी ही राशि जो उसकी निवल स्वाधिकृत निधि से दुगनी से अधिक न हो, प्राप्त करने या नवीकृत करने की पात्र है।

(3) कोई ऋण कम्पनी या निवेश कम्पनी जो पंजीकृत है और जिसके पास रिज़र्व बैंक से इस आशय का प्रमाणपत्र हो कि वह निदेशों के पैरा 5 क में यथा विनिर्दिष्ट ऋण-पात्रता मूल्यांकन अपेक्षाओं या विवेकपूर्ण मानदण्डों की पूर्ति करती हो, निम्नलिखित को प्राप्त करने या नवीकृत करने की पात्र है :

(क) शेयर धारक से जमाराशि अथवा किसी ऐसे व्यक्ति, जो ऐसी गारण्टी देने के समय कम्पनी का निदेशक था या है, द्वारा गारण्टीकृत कोई जमाराशि बशर्ते इस उप खंड में विनिर्दिष्ट ऐसी अन्य प्रकार की सभी जमाराशियां या कोई जमाराशि सहित इस प्रकार की कोई जमा राशि; और

(ख) कोई अन्य जमाराशि इस प्रकार की किसी अन्य जमाराशि सहित, जो इस खंड के उप खंड (क) में विनिर्दिष्ट जमाराशि न हो और प्राप्ति या नवीकरण की तारीख को कम्पनी की बहियों में प्राप्त या बकाया जमाराशि को मिलाकर कम्पनी की निवल स्वाधिकृत निधि के पच्चीस प्रतिशत से अधिक न हो; और

(ग) किसी अन्य कम्पनी से, जो भारत से बाहर कोई निगमित कम्पनी न हो, बारह महीने से अनधिक अवधि के लिए प्राप्त जमाराशियां, जिसकी कुल राशि उसकी निवल स्वाधिकृत निधि से अधिक न हो।

(4) कोई ऋण कम्पनी अथवा कोई निवेश कम्पनी जो पंजीकृत हो और रिज़र्व बैंक से आशय का प्रमाणपत्र उसे प्राप्त हो कि वह निदेशों के पैरा 5 क में यथा विनिर्दिष्ट ऋण पात्रता मूल्यांकन अपेक्षाओं तथा विवेकपूर्ण मानदण्डों की पूर्ति करती है निम्नलिखित राशि प्राप्त करने या नवीकृत करने की पात्र होगी :

(क) शेयर धारक से जमाराशि अथवा किसी ऐसे व्यक्ति, जो ऐसी गारण्टी देने के समय कम्पनी का निदेशक था या है, द्वारा गारण्टीकृत कोई जमाराशि बशर्ते इस उप खंड में विनिर्दिष्ट ऐसी अन्य प्रकार की सभी जमाराशियां या कोई जमाराशि सहित इस प्रकार की कोई जमा राशि; और

(ख) कोई अन्य जमाराशि, ऐसी जमाराशियों की कुल राशि, इस प्रकार की किसी जमाराशि सहित जो इस खंड के उप खंड (क) में विनिर्दिष्ट जमाराशि न हो, और प्राप्ति या नवीकरण की तारीख को कम्पनी की बहियों में प्राप्त या बकाया जमाराशि को मिलाकर कम्पनी की निवल स्वाधिकृत निधि से अधिक न हो; और

(ग) किसी अन्य कम्पनी से, जो भारत के बाहर निगमित कम्पनी न हो, बारह महीने से अनधिक अवधि के लिए प्राप्त जमाराशियां जिसकी कुल राशि कम्पनी की निवल स्वाधिकृत निधि से दुगनी न हो।

(5) जब किसी ऋण कम्पनी अथवा निवेश कम्पनी का पंजीकरण समाप्त कर दिया जाए अथवा वह निदेशों के पैरा 5 क में यथाविनिर्दिष्ट ऋण-पात्रता मूल्यांकन अपेक्षाओं अथवा विवेकपूर्ण मानदण्डों अथवा दोनों, जैसा भी मामला हो, की पूर्ति नहीं करती हो तो, वह,—

(क) इस प्रकार पंजीकरण रद्द होने या अनुपालन करना बंद कर देने के पन्द्रह दिन के भीतर, रिज़र्व बैंक के पर्यवेक्षण विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय को जिसके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत उस कम्पनी का कार्यालय जैसा कि इसकी द्वितीय अनुसूची में विनिर्दिष्ट है, ऐसे फार्म में जो समय-समय पर विहित किया जाए, सभी प्रकार के विवरण देते हुए, लिखित रूप में, सूचित करेगी;

(ख) यदि वह कम्पनी खंड (2) अथवा (3) के अंतर्गत आती हो, जैसा भी मामला हो और उसे प्राप्त स्वीकार्य अधिकतम सीमा तक पहले ही पहुंच चुकी हो अथवा यदि वह कम्पनी इस उप पैरा के खंड (4) के अंतर्गत आती हो तो, वह तत्काल प्रभाव से किसी प्रकार की नयी जमाराशियों को स्वीकार करना अथवा वर्तमान जमाराशियों को नवीकृत करना बंद कर दे; और

(ग) अतिरिक्त जमाराशियों की राशि जो इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या वह उप-खंड (2) अथवा (3) अथवा (4), जैसा भी मामला हो, के अंतर्गत जमाराशियां प्राप्त करने की पात्र थी, जमाराशियों के उस उपयुक्त स्तर तक कम करेगी जिसे बाद में छह महीने की अवधि अथवा रिज़र्व बैंक द्वारा बढ़ायी गयी किसी अवधि के भीतर स्वीकार करने की वह पात्र होगी।

(6) जहां किसी ऋण कम्पनी अथवा निवेश कम्पनी की इस उप-पैरा के खंड (5) के अंतर्गत नयी जमाराशियां स्वीकार करने अथवा वर्तमान जमाराशियों को नवीकृत करने की पात्रता समाप्त हो जाती हो कम्पनी को इस उप-पैरा खंड (3) अथवा (4) के अंतर्गत रिज़र्व बैंक द्वारा निर्गत प्रमाणपत्र अप्रभावी हो जाएगा और कम्पनी उसे निरसन के प्रयोजनार्थ रिज़र्व बैंक को तत्काल सुपुर्द कर देगी।

(7) जहां किसी ऋण कम्पनी अथवा निवेश कम्पनी के पास 25 जुलाई, 1996 को कारोबार की शुरूआत करते समय, उस पर लागू और खंड (1) अथवा खंड (2) अथवा (3), जैसी भी स्थिति हो, में इसके लिए विनिर्दिष्ट उपयुक्त सीमा से अधिक जमाराशियां हों तो ऐसी कम्पनी 25 जनवरी, 1997 तक इस [illegible]

स्पष्टीकरण :

1. इस पैरा और पैरा 5 क, 12 तथा 14 के प्रयोजनार्थ, 'पंजीकृत' से अभिप्रेत है रिजर्व बैंक के दिनांक 12 अप्रैल, 1993 के परिपत्र डीएफसी (सीओसी) सं. 828.174.92-93 की अपेक्षानुसार रिजर्व बैंक में पंजीकृत ।

2. इस पैरा के प्रयोजनार्थ, 'विवेकपूर्ण मानदण्ड' से अभिप्रेत है, आय निर्धारण, लेखांकन मानक, अशोध्य और संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधानन, पूंजी पर्याप्तता तथा ऋण निवेशों के केन्द्रीकरण के संबंध में रिजर्व बैंक के दिनांक 13 जून, 1994 के परिपत्र डीएफसी (सीओ) सं. 1707.174.93-94 में उसके द्वारा यथा विनिर्दिष्ट और समय-समय पर यथा संशोधित विवेकपूर्ण मानदण्ड ।

3. इस पैरा के प्रयोजनार्थ, 'निवल स्वाधिकृत निधि' से अभिप्रेत है, चुकता पूंजी की कुल राशि और कम्पनी के अद्यतन अंकेक्षित तुलन-पत्र के अनुसार निर्बंध आरक्षित निधियां जिन्हें हानि के संचयी शेष की राशि, आस्थगित राजस्व व्यय और अन्य अगोचर परिसम्पत्तियां घटाकर, यदि कोई हों, जैसाकि उक्त तुलन-पत्र में दर्शाया गया हो ।

तुलन-पत्र में दर्शाया गया हो ।

4. पैरा 10 का में,

वर्तमान उपबंध को उप-पैरा (1) के रूप में पुनः संख्यांकित किया जाएगा और पुनः संख्यांकित उप-पैरा (1) के बाद नया उप-पैरा (2) को निम्नानुसार सन्निविष्ट किया जाएगा, अर्थात्

"(2) इस पैरा के उप-पैरा (1) के खंड (क) में निहित किसी बात के होते हुए भी, कोई भी गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी, जो पंजीकृत हो, उस तारीख से जिसको उसे रिजर्व बैंक से यह प्रमाणपत्र प्राप्त हो कि वह निदेशों के पैरा 5 क में विनिर्दिष्ट ऋण-पात्रता मूल्यांकन की अपेक्षाओं और विवेकपूर्ण मानदण्डों का भी पालन करती है, अपने द्वारा निर्धारित दर पर जमाराशियां आमंत्रित कर सकती है या उनका नवीकरण कर सकती है और दलाल को जमाराशि के लिए दलाली का, जो इस पैराग्राफ के उप पैराग्राफ (1) के खंड (ख) में विनिर्दिष्ट से अधिक न हो, भुगतान भी कर सकती है ।

"परन्तु जब ऐसी कोई कंम्पनी पंजीकृत नहीं रहती या ऋण-पात्रता मूल्यांकन की आवश्यकता या विवेकपूर्ण मानदण्डों या दोनों जो भी हो, का पालन नहीं करती, वह तत्काल प्रभाव से इस पैराग्राफ के उप-पैराग्राफ (1) के खंड (क) में विनिर्दिष्ट ब्याज की दर के सिवाय जमाराशियों को आमंत्रित करना या स्वीकार करना या उनका नवीकरण करना बंद कर देगी ।"

5. पैराग्राफ 12 के खंड (3) के उप-खंड (क) में निम्नलिखित उपबंध को जोड़ा जाए, अर्थात्—

"तथापि, शर्त यह है कि कोई भी गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनी (क) जो पंजीकृत है और रिजर्व बैंक से प्रमाणपत्र प्राप्त करती है कि निदेशावली के पैराग्राफ 5 क में विनिर्दिष्ट किए अनुसार ऋण-पात्रता मूल्यांकन की आवश्यकता और विवेकपूर्ण मानदण्डों का भी पालन करती है, ऐसा प्रमाणपत्र प्राप्त होने की तारीख से उपर्युक्त उप-खंड 12 (3) (क) में किए उल्लेख अनुसार किसी भी दिन कारोबार की समाप्ति पर भारत में राशि रखेगी जो उस दिन कम्पनी की बहियों में शेष जमाराशियों के साढ़े बारह प्रतिशत से कम राशि नहीं होनी चाहिए और इसमें से केन्द्रीय/राज्य सरकार की प्रतिभूतियों और/या सरकारी गारण्टी बाण्डों में किए गए निवेश किसी भी दिन कारोबार की समाप्ति पर बकाया जमाराशियों के दस प्रतिशत से कम नहीं होने चाहिए; और

(ख) जब ऐसी कोई कम्पनी पंजीकृत नहीं रहती या ऋण-पात्रता मूल्यांकन आवश्यकता या विवेकपूर्ण मानदण्डों या दोनों, जो भी हो का पालन नहीं करती, वह तत्काल प्रभाव से, जैसाकि ऊपर उप खंड 12 (3) (क) में उल्लेख किया गया है, किसी भी दिन कारोबार की समाप्ति पर उस दिन कम्पनी की बहियों में बकाया जमाराशियों के पन्द्रह प्रतिशत से कम राशि नहीं रखेगी ।

6. पैराग्राफ 15 और प्रथम अनुसूची में :

जहां-जहां "वित्तीय कम्पनी विभाग" शब्द हों,

वहां-वहां उन्हें निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जाए; अर्थात्,

"पर्यवेक्षण विभाग"

जे. आर. प्रभु
कार्यपालक निदेशक

अधिसूचना डी एफ सी (सी ओ सी) सं. 87 ई डी जे आर पी/96—भारतीय रिजर्व बैंक, यह विचार करने पर कि ऐसा करना लोक हित में है और इस बात से संतुष्ट हो जाने पर कि ऋण प्रणाली को देश के लाभ के प्रयोजन के लिए विनियमित करने हेतु बैंक को सक्षम बनाने के लिए विविध गैर बैंकिंग कम्पनी (रिजर्व बैंक) निदेशावली, 1977 को संशोधित करना आवश्यक है, एतद्द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम,

1934 (1934 का 2) की धारा 45 ञ, 45ट और 45 ठ द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस संबंध में इसे समर्थ बनाने वाली सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निदेश देता है कि दिनांक 20 जून, 1977 की अधिसूचना सं. डीएफसी. 39/डी जी (एच)-77 में समाविष्ट उक्त निदेशों को, तत्काल प्रभाव से, निम्नानुसार संशोधित किया जाएगा, अर्थात्:--

1. पैराग्राफ 4 में,

(क) उप पैराग्राफ 4 में,

''गुजरात इंडस्ट्रियल एण्ड इनवेस्टमेंट कारपोरेशन लिमि.''

शब्दों के पश्चात और

''अथवा कोई वित्तीय संस्था''

शब्दों के पहले

निम्नलिखित शब्दों को जोड़ा जाए---

''एशियन डेवेलपमेंट बैंक अथवा इंटरनेशनल फाइनांस कारपोरेशन''

(ख) उप-पैराग्राफ (8) को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्, ''(3) इक्विटी शेयर कैपिटल में उक्त डिबेंचरों अथवा बांडों को परिवर्तित करने के लिए जारीकर्ता अथवा धारक को किसी भी प्रकार का विकल्प दिये बिना परिवर्तन की पूर्व निर्धारित शर्तों सहित डिबेंचरों अथवा बांडों को जारी कर जुटायी गयी कोई भी राशि'' ।

2. पैराग्राफ 12 और प्रथम अनुसूची में जहां-जहां ''वित्तीय कम्पनी विभाग'' शब्द हों वहां वहां उन्हें निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात्,

''पर्यवेक्षण विभाग''

जे. आर. प्रभु
कार्यपालक निदेशक

दिनांक 24 जुलाई 1996

अधिसूचना डी एफ सी (सी ओ सी) सं. 88 ई डी जे आर पी/96---भारतीय रिजर्व बैंक, यह आवश्यक समझते हुए कि ऐसा करना लोक हित में है और इस बात से संतुष्ट हो जाने पर कि ऋण प्रणाली को देश के लाभ के प्रयोजन के लिए विनियमित करने हेतु बैंक को सक्षम बनाने के लिए अवशिष्ट गैर बैंकिंग कम्पनी (रिजर्व बैंक) निदेशावली, 1977 को संशोधित करना आवश्यक है, एतद्द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की धारा 45ञ, 45 ट और 45 ठ द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा इस संबंध में इसे समर्थ बनाने वाली सभी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निदेश देता है कि दिनांक 15 मई, 1987 की अधिसूचना सं. डीएफसी. 55/डी जी (ओ)-77 में समाविष्ट उक्त निदेशों को, तत्काल प्रभाव से, निम्नानुसार संशोधित किया जाएगा, अर्थात्

1. पैराग्राफ 6 के उप-पैराग्राफ (1) और उप पैराग्राफ (3) में भी ''30 जून और 31 दिसम्बर'' शब्दों और अंकों को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात्---

''31 मार्च और 30 सितम्बर''

2. पैराग्राफ 15, अनुसूची क और अनुसूची ग में, जहां-जहां

''वित्तीय कम्पनी विभाग''

शब्द हों, वहां-वहां उन्हें निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात,---

''पर्यवेक्षण विभाग''

जे. आर. प्रभु
कार्यपालक निदेशक

मुम्बई-400023, दिनांक 20 जून 1996

शुद्धि-पत्र

औद्योगिक. सं. 12/08.15.01/15-96---भारत राजपत्र भाग 3, खण्ड 4, सं. 29 पर दिनांक 20 जुलाई 1996 को प्रकाशित हिन्दी पाठ में पाई गई मुद्रण की त्रुटियां ।

पृष्ठ संख्या	पैरा	त्रुटी	सुधार
3539	1 सोलहवीं पंक्ति	प्रतिशत अधिक	प्रतिशत से अधिक

बैंक आफ इंडिया
औद्योगिक विधि प्रभाग
प्रधान कार्यालय

मुम्बई-400021, दिनांक 14 दिसम्बर 1996

सं. आईआरएल : 86-97---बैंकिंग कम्पनीज अधिनियम (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तान्तरण), 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उप-धारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक की परामर्श और केन्द्रीय सरकार की पूर्व्वहीं स्वीकृति से बैंक आफ इंडिया का निदेशक मण्डल एतद्द्वारा बैंक आफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम 1976 को आगे संशोधित करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है अर्थात् :---

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :

(1) इन विनियमों को बैंक आफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) (संशोधन) विनियम 1996 कहा जा सकेगा ।

(2) ये राजपत्रीय राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे ।

2. खण्ड (बी) के बाद ''लघु शास्तियों'' शीर्षक के अन्तर्गत बैंक आफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम 1996 (इसमें इसके बाद प्रधान विनियम के रूप में कथित) के विनियम 4 में निम्नलिखित खण्ड जोड़े जाएंगे, अर्थात :---

(ग) ''(सी) संचयी प्रभाव और उसके पेंशन को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किए बिना 3 वर्षों से अनधिक अवधि के लिए वेतन के समय-वेतनमान में निचले स्तर तक कमी करना ।''

(ख) ''बड़े दण्डों'' शीर्षक के अन्तर्गत खण्ड (ई), (एफ), (जी) और (एच) को खण्ड (जी), (एच), (आई) और (जे) के रूप में पुनः क्रमांकित किया जाएगा ।

(ग) खण्ड (जी) को पुनः क्रमांकित करने के पहले निम्नलिखित जोड़ा जाएगा, अर्थात् :—

''(एफ) (ई) में दिए गए को यथावत रखते हुए विनिर्दिष्ट अवधि के लिए वेतन के समय-वेतनमान में निचले स्तर तक की उपर्युक्त कमी, आगे निदेशों के साथ कि क्या अधिकारी ऐसी कमी की अवधि के दौरान वेतनवृद्धि अर्जित करेगा या नहीं और ऐसी अवधि के समाप्त होने पर कमी का उसके वेतन की भावी वेतनवृद्धियों को मुल्तवी करने को प्रभावित करेगी या नहीं करेगी ।''

(घ) पुनः क्रमांकित (जी) के लिए निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जा सकेगा, अर्थात् :—

''(जी) निचले संवर्ग या पद तक कमी'' ।

3. प्रधान विनियमों के विनियम के उप विनियम (1) में विनियम 4 के शब्दों, कोष्ठकों और अंकों के लिए ''खण्ड (ई), (एफ), (जी) और (एच), विनियम 4 के शब्दों, कोष्ठकों और अंकों के लिए ''खण्ड (एफ), (जी), (एच), (आई) और (जे)'' प्रतिस्थापित किया जा सकेगा ।

4. प्रधान विनियमों के विनियम 8 के उप विनियम (1) में विनियम 4 के शब्दों, कोष्ठकों और अंकों के लिए खण्ड (ए) से (डी), विनियम 4 के शब्दों, कोष्ठकों और अंकों के लिए खण्ड (ए) से (ई) प्रतिस्थापित किया जा सकेगा ।

5. प्रधान विनियमों के विनियम 8 के उप विनियम (1) में विनियम 5 के शब्दों, कोष्ठकों और अंकों के लिए ''खण्ड (ई), (एफ), (जी) और (एच) विनियम 4 के शब्दों, कोष्ठकों अंकों के लिए ''खण्ड (एफ), (जी), (एच), (आई) और (जे)'' प्रतिस्थापित किया जा सकेगा ।

6. प्रधान विनियमों के प्रथम प्राविजो से विनियम 8 में विनियम 4 के शब्दों, कोष्ठकों और अंकों के लिए खण्ड (ई), (एफ), (जी) या (एच), विनियम 4 के शब्दों, कोष्ठकों और अंकों के लिए ''खण्ड (एफ), (जी), (एच), (आई), या (जे) प्रतिस्थापित किया जा सकेगा ।

नोट : बैंक आफ इंडिया अधिकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) विनियम के पूर्ववर्ती संशोधन निम्नलिखित ब्यौरे के अनुसार भारत के गजट के अनुभाग 4 भाग 3 में प्रकाशित किए गए थे :

क्रम सं.	अधिसूचना सं.	दिनांक
1	43	22-10-1988

के. एम. मेहरोत्रा
महाप्रबंधक

इलाहाबाद बैंक

विधि विभाग

कलकत्ता-700001, दिनांक 14 दिसम्बर 1996

सं. एच ओ/विधि/0938—इलाहाबाद बैंक का निदेशक बोर्ड बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उपधारा (क) के सभी पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श करके और केन्द्र सरकार की पूर्व मंजूरी से निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात :—

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. इस विनियम को इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा संशोधन विनियम, 1996 कहा जा सकेगा ।

2. यह शासकीय राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रभावी होगा ।

3. इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 में विनियम 19 के उप विनियम (1) के प्रथम परन्तुक के स्थान पर निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात

''परन्तु बैंक, अपने विवेकानुसार, इसमें इसके पश्चात् उप विनियम (2) में यथा उपबंधित विशेष समिति/विशेष समितियों के पुनर्विलोकन पर, यदि यह अभिमत हो कि यह लोकहित में है, किसी अधिकारी कर्मचारी को 55 वर्ष की आयु पूरी कर लेने पर या उसके पश्चात् किसी समय, अथवा 30 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के पश्चात किसी समय, इनमें से जो भी पहले हो, सेवा निवृत्त कर सकेगा ।''

आर. एल. वत्ता
मुख्य प्रबंधक (विधि)

इलाहाबाद बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 में संशोधन करने संबंधी पिछली अधिसूचनाएं भारत सरकार के राजपत्र भाग-3 खंड-4 में निम्नलिखित तिथियों को प्रकाशित की गई :

1. 12-09-1987
2. 31-10-1987
3. 21-11-1987
4. 28-11-1987
5. 12-12-1987
6. 29-10-1988
7. 21-07-1990
8. 28-07-1990
9. 19-09-1992
10. 17-08-1993
11. 09-10-1993
12. 09-04-1994
13. 18-02-1995
14. 25-02-1995
15. 15-07-1995

आर. एल. वत्ता
मुख्य प्रबंधक (विधि)

यूको बैंक

प्रधान कार्यालय

कार्मिक विभाग

कलकत्ता-700001, दिनांक 7 नवम्बर 1996

सं. ओ. एस. आर/1/96—बैंककारी कम्पनी उपक्रमों का अर्जन और अंतरण अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की

उप धारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यूको बैंक का निदेशक मण्डल, भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से और केन्द्रीय सरकार की पूर्व मंजूरी से एतद्-द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :

(1) ये विनियम यूको बैंक अधिकारी सेवा (संशोधन) विनियम, 1996 कहलाएंगे।

(2) इन विनियमों में अन्यथा स्पष्ट रूप से उपबंधितानुसार, ये विनियम सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से लागू होंगे।

2. यूको बैंक अधिकारी सेवा विनियम, 1979 (जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल विनियम कहा जाएगा) में, विनियम 4 के लिए निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात्

4 (1) 01-11-1987 को तथा उसके बाद, प्रत्येक श्रेणी के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान लागू होंगे :

(क) शीर्ष कार्यपालक श्रेणी :

वेतनमान 7 रु. 6400-150-7000

वेतनमान 6 रु. 5950-150-6550

(ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान 5 रु. 5350-150-5950

वेतनमान 4 रु. 4520-130-4910-140-5050-150-5350

(ग) मध्य प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान 3 रु. 4020-120-4260-130-4910

वेतनमान 2 रु. 3060-120-4260-130-4390

(घ) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :
वेतनमान 1 रु. 2100-120-4020

4 (2) 01-07-1993 को तथा उसके बाद, प्रत्येक श्रेणी के सामने विनिर्दिष्ट वेतनमान लागू होंगे :

(क) शीर्ष प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान 7 रु. 12650-300-13250-350-13600-400-14000

वेतनमान 6 रु. 11450-300-12650

(ख) वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान 5 रु. 10450-250-11450

वेतनमान 4 रु. 8970-230-9200-250-10450

(ग) मध्य प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान-3 रु. 8050-230-9200-250-9700

वेतनमान-2 रु. 6210-230-8740

(घ) कनिष्ठ प्रबंधन श्रेणी :

वेतनमान-1 रु. 4250-230-4940-350-5290-230-8050

4(3) उप विनियम (1) और (2) की किसी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि बैंक के लिए हर समय इन सभी श्रेणियों में अधिकारी रखना अपेक्षित है।

3. मूल विनियमों में, विनियम 5 के लिए निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् —

5(1) विनियम 4(2) के उपबंधों के अध्यधीन, दिनांक 01-11-1992 को या उसके बाद से, वेतनवृद्धियां निम्नलिखित उपखंडों के अध्यधीन दी जाएंगी :

(क) विनियम 4 के उपदर्शित विभिन्न वेतनमानों में विनिर्दिष्ट वेतनवृद्धियां, सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के अध्यधीन वार्षिक आधार पर प्रोद्भूत होंगी और वे जिस महीने में देय होती हैं उस महीने की पहली तारीख को दी जाएंगी।

(ख) वेतनमान 1 तथा 2 के अधिकारियों को, अपने संबंधित वेतनमानों के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष के पश्चात्, अगले उच्च वेतनमान में अवरोध वेतनवृद्धि(यों) सहित आगे की वेतनवृद्धियां केवल नीचे (ग) में निर्दिष्ट आधार पर सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार दी जाएंगी बशर्ते कि वे दक्षतारोध को पार कर लें।

(ग) ऊपर (ख) में उल्लिखित अधिकारियों सहित, मध्य प्रबंधन श्रेणी वेतनमान 2 तथा 3 के अधिकतम पर पहुंचने वाले अधिकारियों को, यथास्थिति, वेतनमान 2 तथा 3 के अंतिम प्रक्रम पर पहुंचने के पश्चात् प्रत्येक 3 वर्षों की सेवा पूरी होने पर अवरोध वेतनवृद्धि(यां) दी जाएगी/जाएंगी। वेतनमान 2 के अंतिम प्रक्रम पर पहुंच चुके अधिकारियों के मामले में रु. 230/- की अधिक से अधिक दो वेतनवृद्धियां दी जाएंगी तथा वेतनमान 3 के अंतिम प्रक्रम के अधिकारियों के मामले में रु. 250/- की एक वेतनवृद्धि दी जाएगी।

परन्तु 1-11-1994 और उसके बाद में मूल वेतनमान 3 के अधिकारियों को अर्थात् जो वेतनमान 3 में भर्ती या पदोन्नत हुए हैं, दूसरी अवरोध वेतनवृद्धि पहली अवरोध वेतनवृद्धि पाने के तीन वर्ष पश्चात् प्रदान की जाएगी।

टिप्पणी :

अगले उच्चतर वेतनमान में की गई ऐसी वेतनवृद्धियों को पदोन्नति नहीं माना जाएगा। ऐसी वेतनवृद्धियां पाने के पश्चात् भी अधिकारी को, यथास्थिति, उसके अपने मूल पद के वेतनमान 2 तथा 3 के ही विशेषाधिकार, परिलब्धियां, ड्यूटी, उत्तरदायित्व अथवा पद मिलेंगे।

(2) नियत तारीख को या उसके पश्चात् भारतीय बैंकर संस्थान की प्रमाणपत्रित एसोसिएट (सी ए आई आई बी) परीक्षा का प्रत्येक भाग उत्तीर्ण करने पर वेतनमान में एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि प्रदान की जाएगी।

स्पष्टीकरण 1

जिस अधिकारी ने नियत तारीख से पहले अधिकारी के रूप में भारतीय बैंकर संस्थान की प्रमाणपत्रित एसोसिएट (सी ए आई आई बी) परीक्षा का भाग 1 या भाग 2 उत्तीर्ण कर लिया हो, उसे नियत तारीख से, यथास्थिति, अतिरिक्त वेतनवृद्धि अथवा वेतनवृद्धियां दी जाएंगी बशर्ते कि उसने उक्त परीक्षा के दोनों भाग उत्तीर्ण करने पर कोई वेतनवृद्धि न ली हो अथवा केवल एक वेतनवृद्धि ली हो

स्पष्टीकरण 2

(क) 01-11-1987 को तथा उसके बाद से वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने वाले अथवा पहुंच चुके ऐसे अधिकारियों को जो पदोन्नति पाए बिना आगे नहीं जा सके, सरकारी मार्गनिर्देशों के अधीन, यदि कोई हों, सी ए आइ आइ बी परीक्षा उत्तीर्ण करने के फलस्वरूप अतिरिक्त वेतनवृद्धियों के स्थान पर निम्नानुसार व्यावसायिक अर्हता भत्ता दिया जाएगा :

जिन्होंने सी०ए०आई०आई०बी० का केवल भाग 1 उत्तीर्ण किया है	(i) एक वर्ष पश्चात् रु० 100/- प्रति माह जिसमें से रु० 75/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे।
जिन्होंने सी०ए०आई०आई०बी० के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं	( ) एक वर्ष पश्चात् रु० 100/- प्रति माह जिसमें से रु० 75/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे। (ii) दो वर्ष पश्चात् रु० 250/- प्रतिमाह जिसमें से रु० 200/- अधिवर्षिता लाभ के लिए गिने जाएंगे।

(ख) 01-11-1994 को तथा उसके बाद से, अन्य बातें समान होने पर, व्यावसायिक अर्हता भत्ते की मात्रा निम्नानुसार पुनरीक्षित रहेगी :

जिन्होंने सी०ए०आई०आई०बी० का केवल भाग 1 उत्तीर्ण किया है	(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर एक वर्ष पश्चात् रु० 120/- प्रति माह ।
जिन्होंने सी०ए०आई०आई०बी० के दोनों भाग उत्तीर्ण कर लिए हैं	(i) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर एक वर्ष पश्चात् रु० 120/- प्रति माह । (ii) वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने पर दो वर्ष पश्चात् रु० 300/- प्रति माह ।

परन्तु विनियम 5(3)(ख) के अनुसार नियत वैयक्तिक भत्ता प्राप्त करने के पात्र अधिकारी, यथास्थिति, क्रमशः भाग 1 या 2 के लिए व्यावसायिक अर्हता भत्ता पाने के एक/दो वर्ष पश्चात् प्राप्त कर सकेंगे ।

टिप्पणी :

(1) यदि किसी ऐसे अधिकारी को जिसे व्यावसायिक अर्हता भत्ता मिल रहा है, अगले उच्चतर वेतनमान में पदोन्नत किया जाता है तो ऐसे उच्चतर वेतनमान में उसका वेतन निर्धारित करते समय उसे वेतनमान में उपलब्ध वेतनवृद्धियों की सीमा तक, सी ए आइ आइ बी की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर अतिरिक्त वेतनवृद्धियां दी जाएंगी और यदि वेतनमान में कोई भी वेतनवृद्धियां उपलब्ध नहीं हैं अथवा केवल एक वेतनवृद्धि उपलब्ध है तो अधिकारी वेतनवृद्धि(यों) के एवज में व्यावसायिक अर्हता भत्ता पाने का पात्र होगा ।

(2) 01-11-1994 को तथा उसके बाद से परिशोधित व्यावसायिक अर्हता भत्ते को महंगाई भत्ता, मकान किराया भत्ता तथा अधिवर्षिता लाभों के लिए गिना जाएगा ।

3(क) जो अधिकारी 01-11-1993 को बैंक की स्थायी सेवा में हैं उन्हें वेतनमान में एक अग्रिम वेतनवृद्धि दी जाएगी। जो अधिकारी 01-11-1993 को परिवीक्षा पर हैं उन्हें एक अग्रिम वेतनवृद्धि स्थायीकरण के एक वर्ष पश्चात् दी जाएगी ।

टिप्पणी :

अग्रिम वेतनवृद्धि के कारण वार्षिक वेतनवृद्धि की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं होगा ।

(ख) जो अधिकारी वेतनमान के अधिकतम पर पहुंच चुका है या जो 01-11-1993 को अवरोध वेतनवृद्धि(यों) प्राप्त कर चुका है वह 01-11-1993 से नियत वैयक्तिक भत्ता प्राप्त कर सकेगा जो अंतिम आहरित वेतनवृद्धि और उस पर 01-11-1993 को देय महंगाई भत्ता, तथा विनियम 22 के अनुसार लागू दरों पर मकान किराया भत्ते की मात्रा के बराबर होगा । यहां नीचे दिया गया नियत वैयक्तिक भत्ता तथा साथ ही साथ महंगाई भत्ता, यदि कोई हो, संपूर्ण सेवा अवधि के लिए अवरुद्ध कर दिया जाएगा ।

वेतनवृद्धि घटक	1-11-93 को महंगाई भत्ता	जहां बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है वहां देय कुल नियत वैयक्तिक भत्ता
(क)	(ख)	(ग)
230	5.79	236
250	6.30	257
300	7.56	308
400	10.08	411

टिप्पणी :

(1) ऊपर (सी) में निर्दिष्ट नियत वैयक्तिक भत्ता उन अधिकारी कर्मचारियों को देय होगा जिन्हें बैंक का आवास उपलब्ध कराया गया है।

(2) मकान किराया भत्ते के लिए पात्र अधिकारियों को नियत वैयक्तिक भत्ता, विनियम 4 के उप विनियम (2) में निर्दिष्टानुसार संबंधित वेतनमान की अंतिम वेतनवृद्धि प्राप्त कर लेने पर, (क)+(ख)+संबद्ध अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आहरित मकान किराया भत्ता होगा।

(3) नियत वैयक्तिक भत्ता पाने वाले वर्ष में देय व्यावसायिक अर्हता भत्ता, यदि कोई हो, अगले वर्ष दिया जाएगा।

(4) नियत वैयक्तिक भत्ते के वेतनवृद्धि घटक को अधिवर्षिता लाभों के लिए गिना जाएगा।

(ग) जिस अधिकारी को यह अग्रिम वेतनवृद्धि मिल चुकी है, उसे ऊपर (ख) में उल्लिखित नियत वैयक्तिक भत्ते की प्रमात्रा, वेतनमान के अधिकतम पर पहुंचने के एक वर्ष पश्चात् प्राप्त होगी।

4. मूल विनियमों में, विनियम 21 के लिए निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात्—

21(1) 01-11-1987 को तथा उसके बाद से, महंगाई भत्ता योजना इस प्रकार होगी --

(1) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सामान्य आधार 1960=100 की तिमाही औसत में 600 अंकों के ऊपर 4 अंकों की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से संदेय होगा।

7,700

(2) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर संदेय होगा :

(1) रु. 2,500/- तक 'वेतन' का 0.67%, धन (+),

(2) रु. 2,500/- से ऊपर परंतु रु. 4,000/- तक 'वेतन' का 0.55%, धन (+),

(3) रु. 4,000/- से ऊपर परन्तु रु. 4,260/- तक 'वेतन' का 0.33%, धन (+),

(4) रु. 4,260/- से ऊपर 'वेतन' का 0.17%

21(2) 01-07-1993 को तथा उसके बाद से, महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर संदेय होगा—

(1) महंगाई भत्ता अखिल भारतीय औसत श्रमिक वर्ग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सामान्य आधार 1960=100 की तिमाही औसत में 1148 अंकों के ऊपर 4 अंकों की प्रत्येक वृद्धि अथवा गिरावट के हिसाब से संदेय होगा।

(2) महंगाई भत्ता निम्नलिखित दरों पर संदेय होगा :

(क) रु. 4,800/- तक 'वेतन' का 0.35%, धन (+),

(ख) रु. 4,800/- से ऊपर परंतु रु. 7,700/- तक 'वेतन' का 0.29%, धन (+),

(ग) रु. 7,700/- से ऊपर परंतु रु. 8,200/- तक 'वेतन' का 0.17%, धन (+),

(घ) रु. 8,200/- से ऊपर 'वेतन' का 0.09%

टिप्पणी :

(1) महंगाई भत्ते के प्रयोजन हेतु 'वेतन' से मूल वेतन तथा अवरोध वेतनवृद्धियां अभिप्रेत हैं।

(2) महंगाई भत्ते के लिए व्यावसायिक अर्हता भत्ते को 01-11-1994 से गिना जाएगा।

5. मूल विनियमों में, विनियम 22 के उप-विनियम (1) और (2) के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात्,

22(1) 1-11-1994 को या उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा आवासीय सुविधा प्रदान की जाती है तो वह जिस वेतनमान में है उसके प्रथम प्रक्रम में मूल वेतन के 4% के बराबर रकम या आवास हेतु मानक किराया, इनमें से जो भी कम हो, वसूल किया जाएगा।

22(2) 1-11-1992 को या उसके बाद से, यदि किसी अधिकारी को बैंक द्वारा मकान नहीं दिया गया है तो वह निम्नलिखित दरों पर मकान किराया भत्ता पाने का पात्र होगा :—

स्तम्भ I	स्तम्भ II
कार्यस्थल निम्नलिखित स्थानों पर होने पर	देय मकान किराया भत्ता
(i) सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार समय-समय पर विनिर्दिष्ट प्रमुख "ए" वर्ग के नगर तथा समूह "ए" के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 13% प्रतिमाह
(ii) क्षेत्र I में अन्य स्थान तथा समूह 'बी' के परियोजना क्षेत्र केन्द्र	वेतन का 12% प्रतिमाह
(iii) क्षेत्र II तथा उपर्युक्त (I) और (II) के अन्तर्गत न आने वाले राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों की राजधानियां	वेतन का 10½% प्रतिमाह
(iv) क्षेत्र III	वेतन का 9½% प्रतिमाह

परन्तु यदि कोई अधिकारी किराये की रसीद प्रस्तुत करता है तो उसे देय मकान किराया भत्ता, जिस वेतनमान में वह है उसके प्रथम प्रक्रम के 4% से ऊपर, उसके द्वारा अपने आवास के लिए दिया गया वास्तविक किराया या ऊपर स्तंभ 2 के अनुसार देय मकान किराया भत्ते का 150%, जो भी कम हो, होगा।

टिप्पणी : (1) मकान किराया भत्ते के प्रयोजन हेतु 'वेतन' से मूल वेतन तथा 1-7-1993 को परिशोधित वेतनमान के अनुसार अवरोध वेतनवृद्धियाँ अभिप्रेत हैं ।

(2) मकान किराया भत्ते के प्रयोजन हेतु व्यावसायिक अर्हता भत्ते को 1-11-1994 से प्रभावी गिना जाएगा ।

6. मूल विनियमों में, विनियम 23 के उप-विनियम (1) के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

23(1) 1-11-1993 को और उसके बाद से, यदि अधिकारी निम्नलिखित सारणी के स्तंभ 1 में उल्लिखित किसी स्थान में कार्यरत हो तो वह उस स्थान के सामने स्तंभ 2 में उल्लिखित दर पर नगर प्रतिकर भत्ता पाने का पात्र होगा :

स्थान	दर
(क) क्षेत्र I के स्थान और गोवा राज्य	मूल वेतन का $4\frac{1}{2}\%$ अधिकतम रु० 335/— प्रतिमाह
(ख) 5 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाले स्थान और राज्यों की राजधानियां तथा चण्डीगढ़, पांडिचेरी और पोर्टब्लेयर जो ऊपर (क) में नहीं आते।	मूल वेतन का $3\frac{1}{2}\%$ अधिकतम रु० 230/— प्रतिमाह

7. मूल विनियमों में, विनियम 24 के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

24(1) अधिकारी अपने परिवार के लिए किए गए वास्तविक चिकित्सा व्यय की निम्नलिखित आधार पर प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा, अर्थात् :—

(क) चिकित्सा व्यय

1-11-1994 को और उसके बाद से अधिकारी द्वारा अपने और अपने परिवार के लिए किए गए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति नीचे स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट श्रेणी तथा स्तंभ 2 में विनिर्दिष्ट प्रतिपूर्ति सीमा के अध्यधीन की जाएगी । इसके लिए अधिकारी को अपनी ओर से ही प्रमाण-पत्र देना होगा कि उसने यह व्यय किया है और दावा की गई राशि के समर्थन में उस खर्च का विवरण देना होगा :

सारणी

श्रेणी	वार्षिक
1	2
कनिष्ठ प्रबंधन तथा मध्य प्रबंधन श्रेणी	रु० 1,500/—
वरिष्ठ प्रबंधन तथा शीर्ष कार्यपालक श्रेणी	रु० 2,000/—

टिप्पणी : (1) उपयोग में न आई चिकित्सा सहायता राशि को अधिकारी संचित कर सकता है परन्तु संचित राशि किसी भी समय उल्लिखित अधिकतम राशि के तीन गुना से अधिक नहीं होगी ।

(2) चिकित्सा सहायता योजना के अधीन वर्ष 1994 के लिए चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति दो महीने, अर्थात् नवम्बर और दिसम्बर, 1994 के लिए यथानुपात बढ़ाई जाएगी ।

स्पष्टीकरण :

इस विनियम के प्रयोजन के लिए अधिकारी के 'परिवार' में उसका पति/पत्नी, पूर्णतः आश्रित संतान और पूर्णतः आश्रित माता-पिता ही शामिल होंगे ।

(ख) अस्पताल में भर्ती खर्च

(1) 1-11-1994 को और उसके बाद से, अस्पताल में भर्ती होने पर अधिकारी के मामले में 100% तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 75% तक के खर्च की प्रतिपूर्ति की जाएगी । सरकार के मार्ग-निर्देशों के अनुसार समय-समय पर निर्धारित उच्चतम सीमा के अध्यधीन बिलों, वाउचरों आदि के आधार पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

(2) अधिकारियों या उनके परिवार के सदस्यों से, यथास्थिति, यह अपेक्षा की जाती है कि वे किसी सरकारी या नगरपालिका अस्पताल में या किसी निजी अस्पताल अर्थात् किसी न्यास, धर्मार्थ संस्थान या धार्मिक मिशन के प्रबंधन के अधीन आने वाले अस्पतालों में भर्ती हों, किन्तु अपरिहार्य परिस्थितियों में अधिकारीगण या उनके परिवार के सदस्य अथवा दोनों किसी अनुमोदित निजी नर्सिंग होम या बैंक द्वारा अनुमोदित निजी अस्पतालों में भर्ती हो सकते हैं किन्तु ऐसे मामलों में प्रतिपूर्ति ऊपर वर्णित अस्पतालों में भर्ती पर प्रतिपूर्ति-योग्य राशि तक सीमित रहेगी ।

(3) 1-11-1994 को या उसके बाद से, मान्यताप्राप्त अस्पताल के प्राधिकारियों और बैंक के चिकित्सा अधिकारी द्वारा घर पर इलाज की आवश्यकता प्रमाणित करने पर निम्नलिखित रोगों के चिकित्सा खर्चों को भी अस्पताल में भर्ती खर्च माना जाएगा और उसमें संबंधित खर्चों की अधिकारी के मामले में 100% तक और उसके परिवार के सदस्यों के मामले में 75% तक प्रतिपूर्ति की जाएगी :

कैंसर, श्वेतरक्तता, थैलेसामिया, तपेदिक, पक्षाघात, हृदय रोग, कुष्ठ रोग, गुर्दे की खराबी, मिरगी, पार्किन्सन की बीमारियाँ, मनोविकार दोष और मधुमेह ।

टिप्पणी : घरेलू उपचार के मामले में दवाओं आदि की लागत की प्रतिपूर्ति विशेषज्ञ के नुस्खे में उल्लिखित अवधि के लिए की जाएगी । यदि अवधि का उल्लेख नहीं किया गया है तो प्रतिपूर्ति के प्रयोजन हेतु नुस्खा 90 दिनों तक वैध होगा ।

(2) उक्त उप-विनियम (1) में उल्लिखित चिकित्सा लाभ (जिसमें अस्पताल में भर्ती आदि भी शामिल है) के होते हुए भी और उनका पूर्णतया प्रतिस्थापन करते हुए, नियत तारीख को जो चिकित्सा लाभ (जिसमें अस्पताल में भर्ती आदि भी शामिल है) बैंक में उपलब्ध थे, निदेशक-मण्डल उनमें कोई परिवर्तन किए बिना, उन्हें बनाए रखने का विनिश्चय कर सकता है और यदि निदेशक-मण्डल ऐसा तय करता है तो सभी अधिकारी चिकित्सा लाभ (जिसमें अस्पताल में भर्ती आदि भी शामिल है) के लिए नियत तारीख को बैंक में लागू निबंधनों एवं शर्तों के अनुसार ही चिकित्सा खर्च की प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे ।

(3) चिकित्सा सहायता और अस्पताल में भर्ती की सुविधाएं निलंबित अधिकारियों को भी दी जाएंगी ।

8. मूल विनियमों में, विनियम 25 के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

25. अधिकारी बैंक द्वारा आवास उपलब्ध कराये जाने के लिए साधिकार हकदार नहीं होगा। किन्तु, यदि बैंक चाहे तो वह अधिकारी को आवास उपलब्ध करा सकता है जिसके लिए अधिकारी 1-11-1994 को और उसके बाद से अपने वेतनमान के प्रथम प्रक्रम के 4% के बराबर राशि या आवास के लिए मानक किराये का, जो भी कम हो, भुगतान करेगा।

परन्तु यदि ऐसे आवास पर फर्नीचर भी उपलब्ध कराया गया हो तो अधिकारी से उसके वेतनमान के प्रथम प्रक्रम के 1% के बराबर अतिरिक्त राशि वसूल की जाएगी।

यदि बैंक द्वारा ऐसी आवास व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है तो बिजली, पानी, गैस और सफाई प्रभार अधिकारी द्वारा दिए जाएंगे।

9. मूल विनियमों में, विनियम 41 के उप-विनियम (4) के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

41(4) 1-6-1995 को और उसके बाद से, नीचे दी गई सारणी के स्तंभ 1 में वर्णित श्रेणी/वेतनमान का अधिकारी स्तंभ 2 में वर्णित तदनुरूपी दरों से विराम भत्ता पाने का हकदार होगा :

अधिकारियों की श्रेणी/वेतनमान	दैनिक भत्ता (रुपये) प्रमुख "ए" वर्ग के नगर	क्षेत्र 1	अन्य स्थान
1	2	3	4
वेतन मान IV और उससे ऊपर के अधिकारी	250.00	200.00	175.00
वेतनमान I/II/III के अधिकारी	200.00	175.00	150.00

परन्तु

(क) यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 8 घंटे से कम किन्तु 4 घंटे से अधिक है तो ऊपर बताई गई दरों की आधी दर से विराम भत्ता देय होगा।

(ख) विभिन्न श्रेणियों/वेतनमानों के अधिकारियों को होटल के वास्तविक खर्च की प्रतिपूर्ति की जा सकती है जो नीचे बताई गई सीमा तक भारतीय पर्यटन विकास निगम (आई टी डी सी) के होटलों में एकल आवास कमरे के प्रभारों तक सीमित होगी :

खान-पान खर्च (रुपये)

अधिकारियों की श्रेणी/वेतनमान	ठहरने की पात्रता	प्रमुख 'ए' वर्ग के नगर	क्षेत्र I	अन्य स्थान
1	2	3	4	5
वेतनमान VI और VII	4* होटल	250.00	200.00	175.00
वेतनमान IV और V	3* होटल	250.00	200.00	175.00
वेतनमान II और III	2* होटल (अवातानुकूलित)	200.00	175.00	150.00
वेतनमान I	1* होटल (अवातानुकूलित)	200.00	175.00	150.00

(ग) सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार ऊपर परन्तुक (ख) में निर्धारित सीमाओं से अधिक अतिरिक्त सीमा की प्रतिपूर्ति बोर्ड निर्धारित कर सकता है।

(घ) यदि आवास की व्यवस्था बैंक की लागत पर/बैंक द्वारा की गयी है तो तीन चौथाई विराम भत्ता दिया जाएगा।

(ङ) यदि भोजन की व्यवस्था बैंक की लागत पर/बैंक द्वारा निःशुल्क की गई है तो आधा विराम भत्ता दिया जाएगा।

(च) यदि आवास और भोजन की व्यवस्था बैंक की लागत पर/बैंक द्वारा की गई है तो चौथाई विराम भत्ता दिया जाएगा। लेकिन, यदि कोई अधिकारी वास्तविक रूप में हुए खर्च के संबंध में बिल प्रस्तुत किए बिना, घोषणा के आधार पर आवास खर्च का दावा करता है तो उसे चौथाई विराम भत्ता नहीं दिया जाएगा

(छ) सभी निरीक्षण अधिकारियों को मुख्यालय से बाहर निरीक्षण ड्यूटी पर विराम की प्रतिदिन के लिए रु. 10/- का अनुपूरक दैनिक भत्ता दिया जा सकता है।

स्पष्टीकरण

विराम भत्ते की संगणना के लिए 'प्रतिदिन' का अभिप्राय है 24 घंटे की अवधि या उसके बाद का कोई भी भाग, जिसकी गणना विमान यात्रा के मामले में प्रस्थान के लिए नियत समय से लेकर पहुंचने के वास्तविक समय तक की जाएगी। यदि अनुपस्थिति की कुल अवधि 24 घंटे से कम है तो 'प्रतिदिन' से ऐसी अवधि अभिप्रेत है जो 8 घंटे से कम न हो।

10. मूल विनियमों में, विनियम 42 के उप-विनियम 2(1) के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

42.2(1) 1-7-1993 को और उसके बाद से, स्थानांतरित अधिकारी को मालगाड़ी से अपने सामान के परिवहन के लिए निम्नलिखित सीमाओं के अनुसार प्रतिपूर्ति की जाएगी :—

वेतन-सीमा	परिवार-सहित	परिवार रहित
I रु० 4,250/- से रु० 6,210/- प्रतिमाह	3,000 किलोग्राम	1,000 किलोग्राम
II रु० 6,211/- प्रतिमाह और उससे अधिक	पूरा माल डिब्बा	2,000 किलोग्राम

11. मूल विनियमों में, विनियम 45 के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

45. भविष्य निधि और पेंशन

(1) प्रत्येक अधिकारी, यदि वह पहले ही भविष्य निधि का सदस्य नहीं है तो बैंक द्वारा गठित भविष्यनिधि का सदस्य बनेगा तथा वह ऐसी निधि को शासित करने वाले नियमों द्वारा आबद्ध होने के लिए सहमत होगा।

(2) भविष्य निधि नियमों में यह व्यवस्था है कि 1-11-1993 को और उसके बाद से :—

(क) पेंशन योजना द्वारा शासित अधिकारी के मामले में केवल अधिकारी द्वारा वेतन के 10% की दर से भविष्य निधि में अंशदान, बैंक की ओर से किसी समतुल्य अंशदान के बिना, किया जाएगा।

परन्तु 1-7-1993 से 31-10-1993 के लिए भविष्य निधि में पहले ही किए गए अंशदानों के कारण कोई समायोजन नहीं किया जाएगा।

(ख) पेंशन योजना द्वारा शासित न होने वाले अधिकारी के मामले में, अधिकारी द्वारा भविष्य निधि में अंशदान और बैंक द्वारा समतुल्य अंशदान वेतन 10% की दर से किया जाएगा।

परन्तु 1-7-1993 से 31-10-1993 के लिए भविष्य निधि में पहले ही किए गए अंशदानों के कारण कोई समायोजन नहीं किया जाएगा।

(3) 29-9-1995 को या उसके बाद बैंक की सेवा में आने वाले अधिकारी पेंशन योजना द्वारा शासित होंगे।

तथापि, निम्नलिखित श्रेणी के अधिकारी पेंशन योजना द्वारा शासित नहीं होंगे :—

(क) जो अधिकारी 29-9-1995 के पूर्व बैंक की सेवा में था, बशर्ते कि उसने पेंशन योजना के संबंध में बैंक की नोटिस के जवाब में पेंशन योजना का सदस्य होने का विकल्प विशेष रूप से चुन लिया हो।

(ख) जो अधिकारी 29-9-1995 को या उसके बाद 35 वर्ष या उससे अधिक की आयु में भर्ती हुआ है, और जिसने पेंशन योजना के अनुसार पेंशन का अपना अधिकार छोड़ देना चुना है।

टिप्पणी :—भविष्य निधि के प्रयोजन हेतु 'वेतन' का अर्थ है मूल वेतन, जिसमें अवरोध वेतनवृद्धियां, स्थानापन्न भत्ता, व्यावसायिक अर्हता भत्ता और नियत वैयक्तिक भत्ते या वेतनवृद्धि घटक शामिल हैं।

12. मूल विनियमों में, विनियम 46 के लिए, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाए, अर्थात् :—

46. उपदान :

(1) प्रत्येक अधिकारी, निम्नलिखित स्थितियों में उपदान के लिए पात्र होगा :—

(क) सेवा-निवृत्ति पर;

(ख) मृत्यु पर;

(ग) ऐसी निःशक्तता पर जिसके कारण बैंक द्वारा अनुमोदित चिकित्सा अधिकारी के प्रमाण-पत्र के अनुसार वह आगे सेवा के लिए अक्षम है;

(घ) दस वर्ष की निरंतर सेवा पूरी करने के बाद त्याग-पत्र देने पर; या

(ङ) दस वर्ष की सेवा पूरी होने के बाद दण्डस्वरूप सेवा-समाप्ति को छोड़कर अन्य किसी कारण से सेवा-समाप्ति पर।

(2) अधिकारी को देय उपदान की राशि के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए एक माह का वेतन, जो अधिक से अधिक 15 माह का वेतन हो सकता है।

परन्तु यदि किसी अधिकारी ने 30 वर्ष से अधिक की सेवा पूरी की है तो वह उपदान के रूप में 30 वर्ष से अधिक की सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए आधे माह के वेतन की दर से अतिरिक्त राशि का पात्र होगा।

परन्तु जिस अधिकारी की सेवाएं 1-7-1993 से 31-10-1994 के दौरान समाप्त हो गयी हैं उसके उपदान के प्रयोजन हेतु वेतन से तात्पर्य विनियम 4 के उप-विनियम (1) में उल्लिखित अनुसार वेतनमान से है।

टिप्पणी :

यदि सेवाकाल के पूर्ण वर्षों के अतिरिक्त छह महीने या उससे अधिक की कोई अवधि बचती है तो उस अवधि के लिए आनुपातिक आधार पर उपदान दिया जाएगा।

पाद टिप्पणी : उपर्युक्त विनियमों में पहले किए गए संशोधन अधिसूचना सं. पी.ई.आर./टी.पी./पी.सी.आर./1041/91 दिनांक 7-3-1991 द्वारा गजट किए गए थे।

सी. महादेवन

महाप्रबन्धक

(कार्मिक)

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (केन्द्रीय कार्यालय)

नई दिल्ली—110066, दिनांक 7 जनवरी 1997

सं० के० भ० नि० आ० 1 (4) दिल्ली (1372)/96—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से सम्बन्धित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबन्ध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जाएं।

क्र० सं०	कोड सं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	दिल्ली/17053	मै० सीमा फैशन्स, एफ—17, उद्योग नगर, पीरागढ़ी, दिल्ली—110041	1—6—95

1	2	3	4
2.	दिल्ली/16969	मैं० दीपक इन्टरप्राइजिज, 170, आर० पी० एस० कालोनी, अपो० खानपुर डिपो, नई दिल्ली–110062	1–4–94
3.	दिल्ली/16920	मैं० रावे स्केन्स, ए–27, नरायणा इण्डस्ट्रीयल एरिया, फेस–II, नई दिल्ली–110028	1–5–95
4.	दिल्ली/16929	मैं० एस० आर० ट्रेडर्स, 23, कम्युनिटी सेन्टर, मायापुरी, फेस–1, नई दिल्ली–110064	1–4–95
5.	दिल्ली/16755	मैं० नेशनल म्यूजियम इन्स्टीट्यूट आफ हिस्ट्री आफ आर्ट कन्जरवेशन एण्ड म्यूजिओलोजी, मार्फत नेशनल म्यूजियम, जनपथ, नई दिल्ली–110001	1–4–92
6.	दिल्ली/16885	मैं० इन्टरडेकर, ई–271, नरायणा विहार, नई दिल्ली–110028	1–4–95
7.	दिल्ली/16888	मैं० ट्रीक्षीम कारपोरेशन सी–53, हिमालय हाऊस, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली–110001	1–4–95
8.	दिल्ली/9760	मैं० इण्डो गल्फ एक्सप्लोरिंग लि०, बी–2/13, अफ्रीका एवेन्यू, सफदरजंग इन्क्लेव, नई दिल्ली–110029	1–11–88

अतः मैं, आर० एस० कौशिक, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शाई गई है।

आर० एस० कौशिक,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० आ० 1 (4) कर्ना० (1385)/96/12—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से सम्बन्धित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबन्ध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जाएं।

क्र० सं०	कोड सं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	कर्ना०/बंग०/18325	मैं० रॉयल सिक्योरिटी सर्विसिज एण्ड प्रा० इन्वेस्टीगेटर्स, 109, रत्नम कॉम्पलैक्स, 8वां मेन, 18वां क्रॉस, मल्लेश्वरम, बंगलौर–560055.	1–11–94
2.	कर्ना०/बंग०/18139	मैं० श्यामचन्द अग्रालस, 570, 4वां 'ई' मेन, दूसरा स्टेज, 11वां क्रॉस, वेस्ट ऑफ चोर्ड रोड, बंगलौर–560086.	31–10–94

1	2	3	4
3.	कर्ना०/18878	मै० जैड डिटेक्टिव एजेंसी (प्रा०) लि०, नं० 112/2, 17वां मेन रोड, 5वां ब्लाक, के० एच० बी० कालोनी, कोरामंगला, बंगलौर-560095.	1-12-94
4.	कर्ना०/बंग०/18376	मै० कविराज एन्टरप्राइसिज प्रा० लि०, प्लाट नं० 245, तीसरा फेज, पीन्या इण्डस्ट्रीयल एरिया, बंगलौर-560058.	1-2-95
5.	कर्ना०/बंग०/18621	मै० श्री रामा एन्टरप्राईजिज, डोर नं० 122, डासानपुरा, डासानपुरा पोस्ट, बंगलौर नार्थ तालुक, बंगलोर डिस्ट्रीक्ट	1-10-93
6.	कर्ना०/बंग०/18829	मै० श्री रामा नर्सिंग होम, नं० 34 एण्ड 35, संजीवाप्पा लेन, कुब्बीनपेट, बंगलौर-560002.	1-6-95
7.	कर्ना०/बंग०/18839	मै० रशमी इन्टरप्राईजिज, नं० 47, दूसरा क्रॉस, हेगांहली, मेन रोड, पीन्या दूसरा स्टेज, बंगलौर-58	1-7-95
8.	कर्ना०/बंग०/18775	मै० बालाजी इंजीनियरिंग कं०, सीट नं० 2-ए, (बैंक साईड) बिसमिल्ला नगर, तवारेकेरे, बन्नेरघट रोड, क्रॉस, बंगलौर-560029.	31-5-95
9.	कर्ना०/बंग०/18885	मै० मस्कट लेबोरेटरी सर्विसिज, 93, तीसरा फेज, पीन्या इण्डस्ट्रीयल एरिया, बंगलौर-560058.	1-1-95
10.	कर्ना०/बंग०/18748	म० रिगो एण्ड सन्स, 8/4, एच० एम० टी०, मेन रोड, मेथीकेरे, बंगलौर-560054.	31-10-94

अतः मैं, आर० एस० कौशिक, केन्द्रीय शुल्क भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शाई गई हैं।

आर० एस० कौशिक,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० आ० 1 (4) पी० एन० (1392)/96/25—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से सम्बन्धित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबन्ध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जाएं।

क्र० सं०	कोड सं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1.	पी० एन० 17276	मै० परफैक्ट ट्रांसमिशन प्रा० लि०, डी-23, स्पोर्टस एण्ड सर्जिकल गुड्स कम्पलेक्स कपूरथला रोड, जालन्धर सिटी-144002 पंजाब	1-4-95

अतः मैं, आर० एस० कौशिक, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शाई गई हैं।

आर० एस० कौशिक,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सा० आ० सं० के० भ० नि० आ० 1 (4) कर्ना० (1394) 96-29—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से सम्बन्धित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबन्ध उक्त स्थापनाओं पर लागू किए जाएं।

क्र० सं०	कोड सं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1	2	3	4
1.	कर्ना०/बंग०/18886	मै० सुष्मा इण्डस्ट्रीज, नं० 18-ई, दूसरा फेज, पीन्या इण्डस्ट्रीयल एरिया, पीन्या, बंगलौर-560058.	31-8-95
2.	कर्ना०/बंग०/18749	मै० एल० बी० बी० बेकरी, नं० 274/4, न्यु गुड्डाहली, मैसूर रोड, बंगलौर-560026.	1-7-95
3.	कर्ना०/बंग०/18820	मै० चैतन्या इन्टरप्राइजेस, नं० 1/ए, चौथा मेन रोड, रामाचन्द्रमपुरम, बंगलौर-560021.	30-6-95
4.	कर्ना०/बंग/18863	मै० मुकम्बीका मेटल क्राफ्ट 1941/1991, शंकाप्पाकाट्टे, मगाडी रोड, बंगलौर-560091.	30-6-95
5.	कर्ना०/बंग०/18723	मै० त्रिप्रानिल सिन्थेटिक इण्डस्ट्रीज प्रा० लि०, 13-49/4, शंकापाकाडे, मगाडी रोड, बंगलौर-560091.	31-12-94
6.	कर्ना०/बंग०/18729	मै० प्युरस्ट्रीम सिस्टम प्रा० लि०, पो० बाक्स नं० 7962, नं० 16, एन० एच० सी० एस० लेआउट, कावेरीनगर, विजयनगर नार्थ, बंगलौर-560079.	31-5-95
7.	कर्ना०/बंग०/18735	मै० विकसान एसोसिएटस नं० 180/ई, 4वां 'ए' मेन, तीसरा क्रास, तीसरा ब्लाक, तीसरा स्टेज, बासावेश्वरानगर, बंगलौर-560079.	30-4-95
8.	कर्ना०/बंग०/18561	मै० नेताजी सिक्योरिटी सर्विसिज, नं० 28, 7वां क्रास, शक्ति गणपथि नगर, वासावेश्वरानगर, बंगलौर-560079.	31-3-95
9.	कर्ना०/बंग०/18641	मै० रवि क्लीनिंग मैनेजमेंट सर्विस, नं० 672/3, मारूति बिल्डिंग, नियर गवर्नमेंट स्कूल, टी० डासाराहली, बंगलौर-560057.	1-2-95
10.	कर्ना०/बंग०/18794	मै० प्रीमियर पावर सिस्टमस, नं० 8/1, 1 'बी' क्रास, सुधामा नगर, लालबाग रोड, क्रास, बंगलौर-560027.	1-4-95

अतः मैं, आर० एस० कौशिक, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, उक्त अधिनियम की धारा 1 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शाई गई है।

आर० एस० कौशिक,
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० आ० 1 (4) दिल्ली (1398)/96/42—केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जायें।

क्र० सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1.	दिल्ली/17337	मै० दिवाकर नायक, लेबर कॉन्ट्रैक्टर मार्फत एन० बी० सी० सी० सिटी सेंटर, फेस-II, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001.	18-2-95
2.	दिल्ली/17336	मै० प्रोफिक ओरगेनिक लि० 54ए/ए-10, कालकाजी एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110019.	1-5-95
3.	दिल्ली/17324	मै० श्रुति शर्मा 10, फिरोज गांधी रोड, लाजपत नगर-III, नई दिल्ली-110024.	1-10-95
4.	दिल्ली/17305	मै० जय जवान सिक्युरिटी प्रा० लि० डब्ल्यु जैड-553, ए/3, सोनी कुंज, नांगल राय, नई दिल्ली-110046.	1-6-95
5.	दिल्ली/17309	मै० डी० एस० पी० टैक्नोलोजी एण्ड ट्रेड लि० 705-707, अरूणाचल भवन 19, बाराखम्बा रोड, नई दिल्ली-110001.	1-10-95
6.	दिल्ली/17470	मै० ह्यूमेन रिप्रोडक्शन रिसर्च सेंटर इंडियन कौंसिल आफ मैडिकल रिसर्च डिपार्टमेंट आफ आब्सटेट्रीक्स एण्ड ग्यानोकोलोजी, सफदरजंग हास्पीटल, नई दिल्ली-110029.	1-4-95
7.	दिल्ली/17471	मै० जे० एल० सरना एक्सपोर्टस ए-11-ए, ग्रीन पार्क, नई दिल्ली-110016.	1-1-96
8.	दिल्ली/17450	मै० एम० एन० एस० हाऊस कीपिंग एण्ड कंसलटेंसी सर्विसिज, 66-बी, जी० जी० 1, एम० आई० जी० फलैट्स, विकासपुरी, नई दिल्ली-18.	1-12-95
9.	दिल्ली/17304	मै० मैक्वैल सर्विसिज 47/3, इंदरा पार्क एक्टेंशन, उत्तम नगर, नई दिल्ली।	1-4-95
10.	दिल्ली/17398	मै० एयर फोर्स कैंटीन एयर फोर्स स्टेशन, रेस कोर्स, नई दिल्ली-110003.	1-6-95
11.	दिल्ली/17278	मै० सिक्योरिटी-कम-इनवेस्टीगेशन एजेंसी ए-74/1, एस० एफ० एस० मार्ग नं० 3, नियर अनुपम सिनेमा, साकेत, नई दिल्ली-110017.	1-6-95

अतः मैं, आर० एस० कौशिक, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उक्त अधिनियम के उपबंध उनके सामने दर्शायी गयी तिथि से लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गयी हैं।

आर० एस० कौशिक
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त

सं० के० भ० नि० श्रा० 1(4)दिल्ली(1399)/96/53—सा०श्रा० केन्द्रीय भविष्य निधि श्रायुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्न लिखित स्थापनाश्रों से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत हैं कि कर्मचारी भविष्य निधि श्रौर प्रकीर्ण उपबंध श्रधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाश्रों पर लागू किये जायें।

क्र० सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1.	दिल्ली/17298	मै० किशोर चन्द्रा, इलैक्ट्रीकल इंजीनियर एण्ड कांट्रैक्टर, बी–65, गली नं० 3, वैस्ट विनोद नगर, नियर–मयूर विहार, फेस–II, दिल्ली–110092.	1–9–95
2.	दिल्ली/17301	मै० कमांडो सिक्योरिटी सर्विसिज, 3243, सैक्टर डी, पॉकेट–3, बसंत कुंज, नई दिल्ली–110070.	1–4–95
3.	दिल्ली/17348	मै० कोहली एण्ड संस, 2, क्लब रोड, सिविल लाइन्स, दिल्ली–110054.	1–11–95
4.	दिल्ली/16040	मै० सात्विक मार्केटिंग इंडिया (प्रा०) लि०, सी–5, कुतुब होटल, नई दिल्ली–110016.	1–4–94
5.	दिल्ली/17292	मै० श्रर्चना एयरवेज लि०, 41–ए, फ्रैण्ड्स कालोनी ईस्ट, मथुरा रोड, नई दिल्ली–110065.	1–5–95
6.	दिल्ली/17280	मै० श्रनिल मंडल एण्ड कं० मकान नं० 339, वार्ड नं० 4, महरौली, नई दिल्ली–110030.	1–9–95
7.	दिल्ली/17353	मै० मम्बेनी कोरपोरेशन प्रोजेक्ट श्राफिस, मार्फत एशिया ब्राउन बोवेरी लि०, सोम दत्त चैम्बर्स–1, 5, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066.	1–8–95
8.	दिल्ली/17248	मै० फाईन फूड प्रोडक्टस, खसरा नं० 70, रंगोला विलेज, नई दिल्ली–110041.	1–6–95
9.	दिल्ली/17300	मै० गुलाटी बिल्डर्स एण्ड पब्लिशर्ज प्रा० लि०, गुलाटी मेनशन, बिल्डिंग नं० 10, ब्लाक नं० 4, श्रासफ श्रली रोड, नई दिल्ली–110001.	1–4–95

श्रत: मैं, श्रार० एस० कौशिक, केन्द्रीय भविष्य निधि श्रायुक्त उक्त श्रधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाश्रों पर उस या उसी प्रभावी तिथि से श्रधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाश्रों के नमस के सामने दर्शायी गयी हैं।

आर० एस० कौशिक
केन्द्रीय भविष्य निधि श्रायुक्त

सं० के० भ० नि०आ० 1(4) कर्नाटक (1402)/65/96—सा० आ० केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त को जहां प्रतीत होता है कि निम्नलिखित स्थापनाओं से संबंधित नियोक्ता तथा कर्मचारियों का बहुमत इस बात से सहमत है कि कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) के उपबंध उक्त स्थापनाओं पर लागू किये जायें।

क्र० सं०	कोड नं०	स्थापना का नाम व पता	व्याप्ति की तिथि
1.	कर्ना०/12944	मै० एडलाब्स कोडक एक्सप्रेस, प्लाजा टावर्स अपो० के० एस० सी०, हमपंकट्टा, मंगलौर—575001.	1–1–97
2.	कर्ना०/बंग०/15411	मै० टैक्सटाईल को-आपरेटिव बैंक लि०, देवांगा मार्किट, जामा मस्जिद रोड, बंगलौर—560002	1–1–93
3.	कर्ना०/बंग०/18314	मै० ट्रैक एयर कंडीशनर्स प्रा० लि०, नं० 3, एण्ड 5, कनाट रोड, बंगलौर—560052.	1–12–94
4.	कर्ना०/बंग०/18697	मै० सत्यावथी लेबर कांट्रेक्टर, त्रिरगोनगर ओल्ड मद्रास रोड, बंगलौर—560049.	1–6–95
5.	कर्ना०/बंग०/18789	मै० नन्दी हिल्स होटल्स एण्ड रिसोर्टस लि०, जानसन्स बिल्डिंग, 75–76, कमर्शियल स्ट्रीट, बंगलौर—560001.	1–6–95
6.	कर्ना०/बंग०/18831	मै० सैन सोपस एण्ड डिटरजैंटस, 52/2बी, गोदावरी इस्टेट, नीयर बुदीगिरि क्रास, ऑफ ओल्ड मद्रास रोड, बंगलौर—560049.	1–6–95
7.	कर्ना०/16258	मै० मनिपाल होटलस लि०, मनिपाल सेंटर, 47, डिकन्सन रोड, बंगलौर—560042.	1–3–93

अतः मैं, आर० एस० कौशिक, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त उक्त अधिनियम की धारा 1 की उप धारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपर्युक्त स्थापनाओं पर उस या उसी प्रभावी तिथि से अधिनियम को लागू करता हूं जो उक्त स्थापनाओं के नाम के सामने दर्शायी गयी हैं।

आर० एस० कौशिक
केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त,

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

मुम्बई, दिनांक 5 दिसम्बर 1996

सं० यू टी/डी बी डी/एम/आर ए एसजीडी 2/77/96–97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 की धारा 21 के अन्तर्गत बनाए गये, कार्यकारिणी समिति द्वारा 16 मार्च, 1993 को आयोजित बैठक में अनुमोदित तथा कार्यकारिणी समिति की क्रमशः 19 अप्रैल, 1993, 16 जून 1993, 22 दिसम्बर, 1993, 31 जनवरी, 1994 और 26 जून, 1996 की बैठकों में संशोधित ग्रैंड मास्टर यूनिट योजना—1993 के उपबन्ध इसके नीचे प्रकाशित किये जाते हैं।

ए० जी० जोशी
महाप्रबंधक
व्यवसाय विकास एवं विपणन

ग्रैंड मास्टर यूनिट योजना—1993

यूनिट योजना ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना—1993 यूटी आई के न्यासी मंडल द्वारा भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 21 के अन्तर्गत बनाई गई है।

विशिष्टताएं

*सतत खुली वृद्धि योजना

*बालिग/नाबालिग निवासी और अनिवासी व्यक्तियों अविभक्त हिन्दू परिवारों/न्यासों/भागीदारों वाली फर्मो समितियों/निगमित निकायों (कंपनी अधिनियम, 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत कंपनियों सहित) विदेशी निगमित निकायों (ओ सी बी)/ विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए खुली।

* शुद्ध आस्ति मूल्य पर आधारित कीमत पर पुनर्खरीद।
* प्रमुख शेयर बाजारों में सूचीकरण के जरिए नकदीकरण।

जोखिम के तत्व

* योजना के यूनिटों में निवेश पर बाजार का जोखिम होता है और योजना के शुद्ध आस्ति मूल्य (एन ए वी) का ऊपर या नीचे जाना योजना के पोर्टफोलियो को प्रभावित करने वाली बाजार की शक्तियों पर निर्भर करता है।
* ट्रस्ट की पहले योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है। इस योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है।
* ग्रैंड मास्टर यूनिट योजना—1993 केवल योजना का नाम है और यह किसी भी प्रकार से योजना की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है। निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि वे इस योजना में निवेश करने से पहले पेशकश की शर्तों का सावधानी पूर्वक अध्ययन कर लें।

योजना की विस्तृत विशेषताएं नीचे दी गई है:—

1. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का आरम्भ:

यह योजना ग्रैंड मास्टर यूनिट योजना—1993 कही जाएगी और 1[29 अप्रैल 1993] से लागू होगी।

2. परिभाषाएं:

इस योजना में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित नहीं हो—

(क) 'अधिनियम' का अर्थ है भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963

(ख) 'आवेदक' का अर्थ वह व्यक्ति है, जिसने योजना के अन्तर्गत यूनिटों के लिए आवेदन किया हो।

1. 190493 से जोड़ा गया।

(ग) 'आवेदन' का अर्थ सभी आवेदकों के लिए यूनिट पेश करने के लिए निर्धारित आवेदन पत्र से है, जिसमें निवेशक जन के लिए योजना में यूनिट अभिदान के प्रयोजनार्थ नियम और शर्तें समाविष्ट हो।

(घ) 'आबंटन' का अर्थ इस प्रयोजनार्थ ट्रस्ट द्वारा निर्धारित रीति में वैध आवेदन पर यूनिट के आबंटन से है।

1(घक) 'स्वीकृति तिथि' अथवा ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को दिए गए आवेदन के संदर्भ में स्वीकृति तिथि का अर्थ उस तिथि से है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है।]

(ङ) 'निर्गम' का अर्थ उपरोक्त (ग) में यथोक्त संबंधित आवेदन पर में अभिदान के लिए योजना के अन्तर्गत पेश और निर्गत यूनिटों की कुल संख्या से है।

(च) 'सूचीबद्ध' का अर्थ मान्यताप्राप्त शेयर बाजार में जो प्रतिभूति संविदा (विनियम) अधिनियम 1956 (1956 का 42) के अन्तर्गत उस समय मान्यताप्राप्त हो, में व्यापार के प्रयोजनार्थ यूनिटों के सूचीबद्ध होने से है।

(छ) 'ग्रैंड मास्टर' का अर्थ इसके बाद यथा पारिभाषित यूनिट और इसके बाद यथा पारिभाषित 'ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना' या ग्रैंड मास्टर की पूंजी में शेयर या यूनिट से है।

(ज) 'ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना' या 'ग्रैंडमास्टर का अर्थ ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना—1993 के अन्तर्गत निर्गत यूनिटों से है।

1[(जक) 'अनिवासी भारतीय (एन आर आई)' का तात्पर्य भारतीय राष्ट्रीयता/मूल के अनिवासियों से है। जैसा कि मूलत: अधिनियमित भारत सरकार अधिनियम, 1935 में परिभाषित है, किसी भी व्यक्ति को "भारतीय मूल का व्यक्ति" माना जाएगा यदि वह या उसके माता पिता या पितामह-पितामही में से कोई भी, श्रेणी अथवा पूर्वज के रूप में कितना ही बड़ा क्यों न हो, चाहे पितृ पक्ष या मातृ पक्ष से हो, भारत में जन्मा हो जन्मी हो।

(झ) 'निगमित' यूनिटों की संख्या का अर्थ बिक्री किए गए और बकाया यूनिटों की समग्र संख्या से है 2[]।

(ञ) 'यूनिट पेशकश' का अर्थ योजना के अन्तर्गत पूंजी निर्माण के लिये निवेशकों को प्रदत्त पेशकश दस्तावेजों के अन्तर्गत ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री के लिए की गई पूर्ण पेशकश से है।

1[(झक) "विदेशी निगमित निकाय (ओ सी बी)" सहित विदेशी कम्पनियां, भागीदारी फर्में, समितियां और अन्य निगमित निकाय जिनका कम से कम 60%

तक की सीमा का स्वामित्व प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से भारत के बाहर रहने वाले भारतीय राष्ट्रीयता अथवा मूल के व्यक्तियों का हो तथा विदेशी ट्रस्ट जिनमें कम से कम 60 प्रतिशत लाभप्रद हित अप्रतिसंहरणीय रूप से ऐसे व्यक्तियों द्वारा धारित हों।

(ट) 'यूनिट धारक व्यक्ति' या 'यूनिट धारक' का अर्थ ऐसे व्यक्ति से है, जिसके पास उस समय यूनिट हों।

(ठ) 'रजिस्ट्रार' का अर्थ इस योजना के अन्तर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिये नियुक्त व्यक्ति से है।

(ड) 'विनियमावली' का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत निर्मित भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली 1964 से है।

(ढ) [1][("सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज जिसे भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम 1992 (1992 का 15) के अन्तर्गत स्थापित किया गया)]।

(ढ) 'व्यापार" का अर्थ यूनिट के प्रथम आबंटन के बाद किसी भी शेयर बाजार के माध्यम से यूनिटों की खरीद या बिक्री के रूप में किए जाने वाले लेन देन से है।

---

1. 26-6-96 से जोड़ा गया।

2. "निर्गम के बन्द होने के बाद" 26-6-96 को हटाया गया

(ण) 'यूनिट' का अर्थ दस रुपये के अंकित मूल्य के एक अविभक्त शेयर से है।

(त) "यूनिट पूंजी" का अर्थ योजना के अन्तर्गत निर्गत और आबंटित यूनिटों के समग्र अंकित मूल्य से है।

(थ) इस योजना में अपरिभाषित शब्दों के वही अर्थ होंगे जो अधिनियम के अन्तर्गत उन्हें दिये गये हैं।

(द) एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन और सभी पुल्लिंग संदर्भों में स्त्रीलिंग और उनके विपरीतार्थ समाविष्ट होंगे।

3. मुख्य उद्देश्य :

यह योजना कम्पनी प्रतिभूतियों और बाजार के विकास में भागीदार और हिस्सेदार बनाने के लिये सामान्य निवेशकों को अवसर प्रदान करने की दृष्टि से बनाई गई है। चूंकि दीर्घावधि पूंजी वृद्धि इस योजना का मुख्य लक्ष्य होगा। इसलिये लाभांश के रूप में प्राप्त संवितरण की अपेक्षा राइट्स और बोनस के माध्यम से वृद्धि में हिस्सेदारी पर जोर दिया जाएगा।

4. निवेशकों की श्रेणियां :

निम्नलिखित श्रेणियों के व्यक्ति यूनिटों के लिए आवेदन कर सकते हैं :—

1. निवासी भारतीय, जो वयस्क हैं, चाहे एकल रूप में या संयुक्त आधार पर तीन व्यक्तियों तक संयुक्त रूप में।

2. [1][प्रत्यावर्तनीय और अप्रत्यावर्तनीय, दोनों आधारों पर अनिवासी भारतीय [2](व्यक्ति हिन्दू अविभक्त परिवार और विदेशी निगमित निकाय) [3][ ] अनिवासी प्रत्यावर्तनीय आधार पर निवेश कर सकते हैं, बशर्ते कि प्रेषण विदेशी मुद्रा में, चाहे एफ सी एन आर खाते एन आर खाते से हो या सीधे हो)।

3. अवयस्क:

अवयस्क की ओर से उनके पिता, माता या विधिक अभिभावक निवेश करने के पात्र होंगे।

4. निगमित निकाय का अर्थ और उसमें शामिल हैं कंपनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत पंजीकृत कंपनी और सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत रजीकृत या तत्समय प्रवृत्त राज्य या केन्द्रीय विधि के अन्तर्गत स्थापित समितियां ऐसी समिति इसमें इसके बाद समिति कही जाएगी।

5. पात्र ट्रस्ट का अर्थ विनियम 2 के खण्ड (एएए) में इसको दिए गए इसके अभिप्रेत से है।

6. समिति का अर्थ होगा और उसमें शामिल होगा उक्त निगमित निकाय, जिसकी परिभाषा ऊपर विनिर्दिष्ट की गई है।

7. भागीदार फर्म :

भागीदारी फर्म का अर्थ भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 में दिये गये अर्थ से हैं, लेकिन अभिव्यक्ति साझेदार में : वह व्यक्ति भी शामिल होगा, जिसे अवयस्क होने के नाते साझेदारी फर्म के लाभ के लिये प्रवेश दिया गया हो।

8. हिन्दू अविभक्त परिवार

[4][9. सेबी के साथ पंजीकृत विदेशी संस्थागत निवेशक

5. खर्चों पर सीमा :

आवर्ती आधार पर योजना का निम्नलिखित व्यय होगा जो किसी भी लेखा वर्ष के दौरान औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य के 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार है :—

---

1. "अनिवासी भारतीय अप्रत्यावर्तनीय आधार पर था ऊपर जैसी शर्तों पर दिनांक 19-4-93 को प्रतिस्थापित।

2. 26-6-96 को जोड़ा गया।

3. "तथा उपयुक्त शर्तों पर 26-6-96 को हटाया गया।

4. 26-6-96 को जोड़ा गया।

1 (व्यय)	प्रतिशत
प्रशासनिक व्यय	1.00
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास प्रारक्षित निधि	0.10
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
रजिस्ट्रारों के लिए शुल्क	0.50
अन्य व्यय	0.80
योग	3.00

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों के साथ परिवर्तन किए जाने के अधीन हैं फिर भी, सेबी (म्यूचुअल फण्ड) विनियम, 1993 के अनुसार कुल व्यय किसी भी लेखा वर्ष के दौरान साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर ही होगा। इसके अलावा प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि में अंशदान तथा कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान लेखा वर्ष के दौरान योजना के साप्ताहिक औसत एन ए वी के 1.25 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

शुल्क व्यय और लेखा नीतियां विनियमों/सेबी द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार परिवर्तन के अधीन होंगी।

2. (VI) यूनिटों की बिक्री :

(क) इस योजना के अन्तर्गत यूनिट 3 [निवासियों और अनिवासियों दोनों को] पेश किए जायेंगे और अभिदान के लिये खुले रहेंगे।

(ख) कोई व्यक्ति या तीन से अनधिक व्यक्ति जो वयस्क हों (संयुक्त आधार पर) यूनिटों के लिये आवेदन कर सकते हैं।

(ग) कोई मां बाप, सौतला मां बाप या अन्य वैध अभिभावक अवयस्क की ओर से आवेदन कर सकता है।

(घ) यूनिट का अंकित मूल्य रु० 10/- होगा। आवेदन सौ के गुणक में न्यूनतम दो सौ यूनिटों के लिये केवल निर्धारित फार्म में किये जायेंगे। निवेश की कोई अधिकतम सीमा नहीं है।

(ङ) आवेदित यूनिटों के लिये भुगतान सहित विधिवत् रूप से भरे गये आवेदन पत्र 4[ ] ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में या किसी प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र में दिये जा सकते हैं। 5[यदि भुगतान चेक द्वारा किया जाय, तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा चैक प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चैक की वसूली हो। यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाय, तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो। लेकिन आवेदन ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र में ड्राफ्ट जारी होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राप्त हो जाये।] यदि कोई आवेदन अपूर्ण पाया जायगा तो उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा और ऐसी आवेदन राशि की वापसी ट्रस्ट द्वारा ब्याज रहित, जो भी हो, यथाशीघ्र कर दी जायेगी।

1[(च) योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री 1 अगस्त, 1996 से सारा वर्ष, बही बन्दी की अवधि को छोड़ कर जो एक लेखा वर्ष में 45 दिन से अधिक नही होगी। खुली रहेगी।

ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री को शेयर बाजारों में कारोबार में बाधा, किसी दूसरी समाजार्थिक, आशंका आदि की परिस्थिति में मुख्य समाचार पत्रों में सात दिन की पूर्व सूचना देकर या यथा निर्धारित किसी अन्य रीति से किसी भी समय बन्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

2. [ ]

3 [ ]

---

1. 26-06-96 से जोड़ा गया।

2. "यूनिटों की बिक्री" से "यूनिट प्रमाण पत्र का विनिमय और प्रमाण पत्र के कटफट, विरूपित, खो जाने आदि पर क्रिया विधि" खण्डों के V से XXVIII तक के नम्बर 26-06-96 के VI से XXIX तक पुनः दिये गये हैं।

3. "केवल व्यक्तियों, भारत में स्थापित कम्पनियों/निगमित निकायों द्वारा" के लिये 26-06-96 को प्रतिस्थापित।

4. "बिक्री के लिये निर्धारित अवधि के दौरान" 26-06-96 को हटाया गया।

5. 26-06-96 को जोड़ा गया।

1. 5[यूनिट की बिक्री 29 अप्रैल 1993 से अनिवासी भारतीयों के लिये 40 दिन की अवधि के लिये और अन्य श्रेणी के निवेशकों के लिये 38 दिनों की अवधि तक खुली रहेगी।] के लिये 26-06-1996 को प्रतिस्थापित।

2. "(छ) ट्रस्ट पेशकश अवधि या अपने विवेक पर निर्गम पहले ही बन्द करने के बाद किसी भी परिस्थिति में यूनिट की बिक्री की पेशकश के लिये बाध्य नहीं होगा। कार्य समय 6 (यूनिट बिक्री के अन्तिम दिन अर्थात् अनिवासी भारतीयों के लिये 7 जून 1993 और अन्य श्रेणी के निवेशकों के लिये 5 जून 1993] की समाप्ति के बाद और किसी भी प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र पर बाद में प्राप्त आवेदन अवैध और अस्वीकृत माना जायगा।" 26-06-96 को हटाया गया।

3. (ज) ट्रस्ट अपने विवेकानुसार यूनिट धारकों को यूनिट की बिक्री के लिये अवधि बढ़ा सकता है। 16-06-93 को जोड़ा गया और 26-06-94 को हटाया गया।

VII. निवेश लक्ष्य :

योजना का प्रयास सभी प्रारम्भिक, पूर्व परि- और चालन परिचालन व्यय की अदायगी के बाद भारत में मान्यताप्राप्त शेयर बाजार में प्रतिभूतियों में पूंजी का निवेश करना होगा। कुछ समय के बाद निवेश मुख्य रूप से कम्पनियों की इक्विटी, परिवर्तनीय और अपरिवर्तनीय डिबेंचरों, तथा अन्य पूंजी और मुद्रा बाजार लिखतों में किये जायेंगे। निवेश संविभाग का विन्यास इस दृष्टि से किया जायगा कि पूंजी लाभ, यदि हो, का पुनर्निवेश करके और खर्चों की अदायगी तथा प्रावधान करने के बाद केवल चालू और सामान्य आय का भुगतान यथा संभव दीर्घावधि वृद्धि प्राप्त करना होगा।

4[योजना के अन्तर्गत संग्रहीत निधियों का, सभी प्रारंभिक निर्गम व्यय के लिये प्रावधान करने के बाद समान्यत: योजना के लक्ष्य के अनुसार निम्नलिखित रीति से निवेश किया जायेगा :

(1) योजना की कम से कम 80% निधि का इक्विटी और इक्विटी सम्बन्ध लिखतों में निवेश किया जायगा। इक्विटी निवेशों में जोखिम मध्यम से उच्च होगा।

(2) योजना की 20% तक निधि का ऋण एवं मुद्रा बाजार लिखतों मे निवेश किया जाएगा। निवेश में जोखिम न्यून से मध्यम होगा। उपरोक्त के बावजूद मुद्रा बाजार लिखतों में निवेश इस बारे में सेबी के दिशा निर्देशों के अनुरूप होगा।

VII. यूनिटों का आबंटन :

(क) 1 [ ]

(1) 2 [आबंटन की तिथि आवेदन की स्वीकृति तिथि होगी] [3]।

4. 26-06-96 को जोड़ा गया।

5. "यूनिट बिक्री 29 अप्रैल से 29 मई 1993 तक 31 दिन की अवधि के लिये खुली रहेगी"। 16-06-1993 को प्रतिस्थापित, जो पहले "यूनिटों की बिक्री दि०————————से शुरू होकर ————————दिन की अवधि" के लिए खुली रहेगी, 19-04-1993 को प्रतिस्थापित किया गया था।

6. "29 मई 1993" के लिये 16-06-1993 को प्रतिस्थापित, जो पहले 19-04-1993 को जोड़ा गया था।

1. "आवेदन पर यूनिटों का आबंटन ट्रस्ट के पूर्ण विवेक पर और यथा संभव निम्नलिखित रीति से किया जायगा : 26-06-1996 को हटाया गया।

2. "यूनिट का आबंटन 4 [1 अगस्त,] 1993 को किया जायगा" के लिये 26-06-1996 को प्रस्थापित।

अटर्नी द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन और अन्तरण-पत्र :

यदि निबन्धक द्वारा रखी गई बहियों में पहले से ही मुख्तारनामा पंजीकृत नहीं हो तो वैध मुख्तारनामा रखने वाले व्यक्ति द्वारा आवेदन या अन्तरण पत्र पर हस्ताक्षर किये जाने के मामले में, यथास्थिति, आवेदन या अन्तरण पत्र के साथ मूल मुख्तारनामा या उसकी सम्यक नोटरीकृत प्रमाजित प्रतिलिपि प्रस्तुत की जानी चाहिये।

X. यूनिटधारकों की पंजी :

यूनिटधारकों के पंजीयन के सम्बन्ध में निम्नलिखित प्रावधान किये जायेंगे :

(क) ट्रस्ट द्वारा यूनिटधारकों की पंजी रखी जायगी और इससे संबंधित निर्णय ट्रस्ट द्वारा लिये जायेंगे। पंजी में निम्नलिखित विवरण रखे जायेंगे।

(i) यूनिटधारकों के नाम और पते :

(ii) यूनिट प्रमाण पत्र या प्रमाणपत्रों की विभेदक संख्या और हरेक ऐसे धारक द्वारा रखी गई यूनिटों की संख्या; और

(iii) जिस तिथि से धारक के नाम में यूनिट है, वह तिथि।

(ख) किसी धारक की मृत्यु हो जाने पर उक्त यूनिटों के हकदार किसी अन्य व्यक्ति, ट्रस्ट द्वारा आवश्यक समझी जाने वाली रीति से दावा मान्य होने के बाद ऐसा अन्य व्यक्ति यूनिटधारक के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है और संबंधित यूनिटें हमेशा सौ के गुणक में होगी।

(ग) जहां यूनिट प्रमाण पत्र दो या तीन व्यक्तियों के नाम में हो वहां ऐसें व्यक्ति संयुक्त आधार पर यूनिटधारक माने जायेंगे :

3. 5000 ग्रैडमास्टर यूनिटों (रु० 50,000) का निश्चित आबंटन किया जायगा और उसके बाद समग्र अभिदान को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट के विवेकानुसार आबंटन किया जायगा। आबंटन की रीति और प्रक्रिया का आधार वही होगा, जिसे ट्रस्ट उचित और न्याय संगत समझे और इस सम्बन्ध में ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा 5 [लेकिन, अनिवासी भारतीयों के लिये निश्चित आबंटन किया जायगा, चाहे जितनी राशि का निवेश किया गया हो।]

(ख) वापसी आदेश एकमात्र आवेदक के मामले में आवेदक के नाम से और अन्य मामलों में प्रथम आवेदक के नाम से आहरित बैंक लिखतों द्वारा भेजा जायगा।" 26-06-1996 को हटाया गया।

4. 19-4-1993 को जोड़ा गया।

5. 16-6-1993 को जोड़ा गया।

(i) हरेक मामले में यह समझा जायेगा कि ऐसे व्यक्तियों में से पहला व्यक्ति यूनिटधारक है और अन्तरण या अन्य कार्यों के लिये, यदि हो, वह पहला व्यक्ति सक्षम माना जाएगा।

(ii) सभी भुगतान पहले धारक को किये जायेंगे और उसकी रसीद योजना के सम्बन्ध में वैध निपटान मानी जाएगी।

(iii) योजना के अन्तर्गत सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिय पत्राचार प्रथम धारक से किया जायगा और प्रथम धारक से किया गया सभी पत्राचार योजना के दायित्वों का वैध निपटान माना जाएगा।

(iv) किसी संयुक्त धारक की मृत्यु हो जाने पर उत्तर जीवी ही वह व्यक्ति होगा, जिसे योजना द्वारा प्रमाण पत्र में अंकित यूनिटों के हकदार या हिता-धिकारी के रूप में मान्यता दी जाएगी।

लेकिन किसी व्यक्शि के नाम से यूनिटों का पंजीयन होने से किसी अन्य व्यक्ति के अधिकार पर, जो उक्त यूनिटों से संबंधित उत्तरजीवी/(कवियों) के विरूद्ध हो, कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(घ) यूनिटधारक के नाम और पते में परिवर्तन की सूचना निबंधक को दी जायगी। ऐसे परिवर्तन का समाधान हो जाने पर और अपेक्षित औपचारिकतायें पूरी करने पर निबंधक तदनुसार पंजी में परिवर्तन करेगा।

(ङ) इसमें इसके बाद यथा उपबन्धित पंजी बन्दी को छोड़कर निबन्धक द्वारा लगाए गए समुचित प्रतिबन्धों के अन्तर्गत कार्य समय के दौरान पंजी प्रत्येक कार्य दिवस को न्यूनतम दो घण्टे के लिए यूनिट धारक के निरक्षण के लिए खुली रखी जायगी।

(च) ट्रस्ट द्वारा निर्धारित समय और अवधि के लिए पंजी बन्द रखी जायगी लेकिन एक वर्ष में 1 (45) दिन अधिक समय के लिय पंजी बन्द नहीं रखी जायगी। किसी अवधि या अवधियों के लिय पंजी बन्द होने की सूचना कम से कम दो प्रमुख अंग्रेजी और एक देशी भाषा के समाचार पत्रों में विज्ञापन द्वारा दी जायगी।

(छ) निबन्धक और योजना तब तक न तो ट्रस्ट अभि-व्यक्त या विवक्षित न्यास्विक की कोई जानकारी प्राप्त करेगी और न ही पंजी में किसी यूनिट से संबंधित कोई जानकारी ग्रहण करने के लिय बाध्य होगी जब तक किसी सक्षम अधिकारिता वाले न्यायालय द्वारा ऐसा कोई आदेश नहीं दिया जाय।

(ज) किसी यूनिटधारक की मृत्यु होने पर कार्यपालक या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 के अन्तर्गत निर्गत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र का धारक या कोई विधिक प्रतिनिधि ही वह व्यक्ति होगा, जिसें निबन्धक द्वारा यूनिट के हकदार के रूप में मान्यता प्रदान की जायगी और ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर पुनर्खरीद के लिय पेश करेगा

(झ) मृत्यु, दिवालियापन या एकमात्र धारक या संयुक्त धारक के उत्तरजीवी के समाप्त हो जाने के परि-णामस्वरूप यूनिट के हकदार व्यक्ति को निबंधक के समाधान के लिए साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने के बाद यथास्थिति यूनिट के धारक के रूप में पंजीकृत कर लिया जायगा या यूनिट के अन्तरण के लिय अनुमति प्रदान की जायगी।

(ञ) उक्त खण्ड (छ) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी यदि कोई यूनिटधारक किसी अनु-सूचित बैंक में प्रमाण पत्र गिरवी रखता है तो पंजी में गिरवी के हित का उल्लेख किया जायगा। यदि गिरवी प्रवृत करते हुए अनुसूचित बैंक यूनिट का अन्तरण और अपने नाम में पंजीकृत कराना चाहे तो निबन्धक ऐसा अनुरोध मान लेगा और पंजी में ऐसें विवरण की प्रविष्टि कर देगा कि प्रमाण पत्र का धारक बैंक है।

XI. निर्गम के बाद यूनिटों का अंतरण :

मुख्य शेयर बाजारों में योजना के सूचीबद्ध होने के लिए निम्नलिखित शर्तों पर योजना के अन्तर्गत निर्गत और बकाया सभी यूनिट स्वतन्त्र रूप से अंतरणीय हैं।

(क) योजना के उप बन्धानुसार निर्गत यूनिट प्रमाणपत्र परक्राम्य है और व्यक्तियों अभिव्यक्त तथा ऐसी अन्य श्रेणियों, जो योजना के उपबन्धों के खण्ड 4 में उल्लिखित हैं, को अंतरित किये जा सकते हैं। अंतरण विलेख की स्वीकार्यता और योजना के अन्तर्गत यूनिट धारक के रूप में अंतरिती की ग्राह्यता ट्रस्ट के पूर्ण विवेक पर होगी।

(ख) यूनिट रखने के लिए सक्षम अंतरक और अंतरिती द्वारा और उन के बीच में अंतरण हो सकता है। योजना अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए बाध्य नहीं होगी।

(ग) सभी अंतरण शेयर बाजार द्वारा निर्धारित शेयर अंतरण पत्र का प्रयोग करते हुए किए जाएंगे जो न्यूनतम दो सौ यूनिट के लिए होंगे और उसके बाद सौ के गुणांकों में होंगे।

(घ) योजना द्वारा समय समय पर विहित शुल्क सहित संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र के साथ अंतरण लिखत इस प्रयोजनार्थ नियुक्त निबन्धकों के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

1. "60" के लिए 26–06–96 को प्रस्थापित जो पहले "45" के लिय 31–01–94 को प्रस्थापित किया गया था।

(ङ) ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत और उसके द्वारा स्वीकृत अंतरण विलेख निकटतम निबंधक कार्यालय को भेजा जाएगा।

(च) हरेक अंतरण लिखत पर अंतरक और अंतरिती द्वारा हस्ताक्षर किया जाएगा और यह समझा जाएगा कि अंतरक तब तक यूनिट धारक है, जब तक निबंधक द्वारा धारक की पंजी में अंतरिती का नाम दर्ज नहीं कर दिया जाता।

(छ) निबंधक ऐसे साक्ष्य की मांग कर सकते हैं जिसे वे अंतरक के स्वामित्व या यूनिट अंतरण के उसके अधिकार के समर्थन में आवश्यक समझें।

(ज) निबंधक यथावश्यक अपेक्षाएं पूरी होने तक मूल यूनिट प्रमाणपत्र की प्रस्तुति का उन्मोचन कर सकते है, यदि यह खो गया हो, चोरी हो गया हो, या विनष्ट हो गया हो।

(झ) यूनिट अंतरण पंजीकृत हो जाने पर सभी अंतरण लिखत और यूनिट प्रमाणपत्र निबंधक द्वारा अपने पास रखे जा सकते हैं।

(ञ) अंतरण को मान्यता देने वाले और पंजीकृत करने वाले निबंधक ऐसे शुल्कों जो प्रमाणपत्र/प्रमाणपत्रों के अंतरण और निर्गम के संबंध में देय हो, के भुगतान होने और वसूली होने पर अंतरिती को मूल या नया नये यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकते हैं।

(ट) यदि कोई अंतरिती पदीय हैसियत में विधि प्रवर्तन द्वारा या कोई अनुसूचित बैंक किसी गिरवी के प्रवर्तन पर यूनिट धारक हो जाता है तो निबंधक ऐसे साक्ष्य, जो उनकी राय में पर्याप्त हों, की प्रस्तुति के अधीन अंतरण करने की कार्रवाई शुरू कर सकते हैं, बशर्ते कि अंतरिती यूनिट रखने के लिए अन्यथा योग्य हो।

(1) जैसे ही ग्रैडमास्टर यूनिट योजना मान्यताप्राप्त शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हो जाएगी वैसे ही सूचीबद्धता करार के उपबन्धों और शेयर बाजार द्वारा इस संबंध में निर्गत दिशा निर्देशों, जैसा कि योजना में कहा गया है, के अनुसार अंतरण/प्रेषण की औपचारिकताएं शुरू कर दी जाएंगी।

XII. यूनिट धारक द्वारा नामांकन नहीं :

इस योजना के अन्तर्गत नामांकन के लिए कोई प्रावधान नहीं किया जाएगा।

XIII. लेखा प्रकाशन :

प्रत्येक वर्ष 30 जून के बाद ट्रस्ट उस तिथि को समाप्त अवधि में योजना के कार्यों को दर्शाते हुए बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखों का प्रकाशन निधि द्वारा निर्णीत विधि से करेगा। ट्रस्ट यूनिट धारक से लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर उसे प्रकाशित लेखे की प्रति भेजेगा।

1[शुल्क, व्यय और लेखा नीतियां विनियमों/सेबी द्वारा जारी दिशा निर्देशों पर निर्भर रहते हुए परिवर्तन के अधीन होंगी।]

2(XIV). योजना 01-08-1996 से सतत खुली :

योजना 1, अगस्त 1996 से सतत खोल दी गई है। परिणामस्वरूप योजना के सभी यूनिट धारक अपनी यूनिट धारिता की एन.ए. वी आधारित पुर्नखरीद मूल्य पर निर्बाध रूप से पुर्नखरीद कर सकते हैं। तथापि यूनिट धारक योजना में बने रहने के लिए स्वतन्त्र हैं।

बिक्री मूल्य साप्ताहिक आधार पर निर्धारित और घोषित किए जाने वाले एनए वी पर होगा।

3(XV) यूनिटों की पुर्नखरीद :

(क) यूनिट धारक को अपने यूनिटों को पुर्नखरीद करने की कोई बाध्यता नहीं होगी और वह योजना के चालू रहने के दौरान जब तक चाहे यूनिट को धारित करने के लिए स्वतन्त्र होगा।

(ख) यूनिट ट्रस्ट, यूनिट धारक से पुर्नखरीद का अनुरोध प्राप्त होने पर, यूनिट प्रमाणपत्र में निर्दिष्ट पूरे या विनिर्दिष्ट भाग को जैसा भी मामला हो, पुर्नखरीद करेगा। ऐसे यूनिट धारक हमेशा 100 यूनिटों के गुणकों में हों और बशर्ते कि ऐसी अनांशिक पुर्नखरीद से यूनिट धारक के पास 200 यूनिटों से कम न बचें। इस तरह प्राप्त यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट द्वारा निरसन के लिए रख लिया जाएगा। यूनिट ट्रस्ट, यूनिट प्रमाणपत्र में निर्दिष्ट यूनिटों के अंश को पुर्नखरीद के मामले में यूनिट धारक द्वारा धारित शेष यूनिटों के लिए नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(ग) पुर्नखरीद की संविदा स्वीकृति तिथि को समाप्त मानी जाएगी।

(घ) ट्रस्ट द्वारा पुर्नखरीद की गई यूनिटों का भुगतान स्वीकृति तिथि के बाद यथा शीघ्र ऐसी रीति से किया जाएगा, जिसका उल्लेख आवेदक द्वारा आवेदन में किया गया था। किसी भी कारण से ब्याज की कोई राशि आवेदक को देय नहीं होगी तथा ट्रस्ट प्रेषण खर्च या ट्रस्ट द्वारा प्रोपन बैंक या ड्राफ्ट की वसूली का व्यय भार भी आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।]

XVI. यूनिट की बिक्री और पुर्नखरीद पर प्रतिबन्ध :

इस योजना के किन्हीं अन्य उपबन्धों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए ट्रस्ट यूनिट को बिक्री या पुर्नखरीद करने के लिए बाध्य नहीं होगा।

(i) किसी कार्येतर दिवस को;

(ii) उस अवधि (ट्रस्ट द्वारा यथाधिसूचित) जब बहियों और लेखों की आविधिक बन्दी के कारण यूनिट धारकों की पंजी बन्द रहती है; और

(iii) ट्रस्ट द्वारा अधिसूचित इस योजना की समाप्ति तिथि के बाद ।

स्पष्टीकरण :

इस योजना के प्रयोजनार्थ "कार्य दिवस" का अभिप्राय उस दिन से है, जो न तो

(i) महाराष्ट्र राज्य में या किसी अन्य राज्य में जहाँ ट्रस्ट के कार्यालय हैं, परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 के अधीन सार्वजनिक छुट्टी के रूप में अधिसूचित हो और, न ही ।

(ii) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिन के रूप में अधिसूचित हो कि उस दिन ट्रस्ट का प्रधान कार्यालय बन्द रहेगा ।

XVII. आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति का ट्रस्ट का अधिकार: ट्रस्ट को योजना के अन्तर्गत यूनिट निर्गम सम्बन्धी आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा । योजना के अन्तर्गत आवेदन करने के लिए किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा सम्बन्धी ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा ।

XVIII. यूनिट जारी होने के पूर्व योजना के अन्तर्गत आवेदक द्वारा पूरी की जाने वाली अपेक्षाएं : योजना के अन्तर्गत यूनिट के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए अपनी योग्यता के सम्बन्ध में ट्रस्ट को सन्तुष्ट करना होगा और ट्रस्ट की सभी अपेक्षाएं पूरी करनी होंगी । गलत घोषणा देकर यूनिटधारक व्यक्ति यूनिट प्रमाण पत्र निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम यूनिटधारक की पंजी से काट दिया जाएगा । ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में सममूल्य पर यूनिट की पुनर्खरीद करे । इस राशि पर किसी भी दर से ब्याज नहीं दिया जाएगा, चाहे ट्रस्ट को पुनर्खरीद करने में और आवेदक को पुनर्खरीद आगम भेजने में कितना भी समय क्यों न लग जाए ।

---

1. 26-06-96 को जोड़ा गया ।

2. "XIII आरम्भ अवधि : योजना की अवधि आबंटन की तिथि से सात वर्ष की होगी । इसमें निवेशकों के लिए यह विकल्प होगा कि वे या तो शुद्ध आस्ति मूल्य पर आधारित मूल्य पर प्रतिदान ले लें या, यदि ट्रस्ट समय विस्तार या तत्समय प्रारम्भ या प्रवर्तित किसी अन्य योजना में परिवर्तन का निर्णय लेता है, जारी रखें, ।" के लिए 26-06-96 को प्रतिस्थापित किया गया ।

3 "XIV, यूनिटों की पुनर्खरीद : फिर भी, आबंटन तिथि से चौथे, 5वें, 6ठें और 7वें वर्ष में (4)[1 अगस्त 1996 से]) जब यूनिट शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते रहेंगे, ट्रस्ट पहले आओ पहले पाओ आधार पर ऐसे यूनिट धारकों से प्रचलित पुनर्खरीद मूल्य पर यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए तैयार रहेगा, जो ऐसी अवधि या अवधियों, जो एक वर्ष में 60 दिन से अधिक नहीं होगी, में पुनर्खरीद के लिए यूनिट पेश करेंगे । लेकिन ट्रस्ट को यह स्वतंत्रता होगी कि वह पुनर्खरीद के लिए पेशकश की उक्त अवधि में ऐसी सीमा तक यूनिट की पुनर्खरीद करे, जो योजना की मूल निर्गत पूंजी के 25 प्रतिशत से अधिक न हो । पुनर्खरीद निम्नलिखित उपबन्धों में अन्तर्विष्ट रीति से की जाएगी ।

(क) पुनर्खरीद यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त होने पर अवरुद्ध अवधि के बाद ही की जाएगी । प्रमाणपत्र के पृष्ठ भाग पर दिया गया फार्म विधिवत् रूप से भरा होना चाहिए तथा पुनर्खरीद की तिथि को प्रमाणपत्र में अंकित सभी यूनिट पुनर्खरीद के लिए पेश किए जाने चाहिए । निरस्तीकरण के लिए ट्रस्ट द्वारा प्रमाण पत्र रख लिए जाएंगे ।

(ख) पुनर्खरीद की संविदा स्वीकृति तिथि को समाप्त मानी जाएगी ।

(ग) जैसे ही ट्रस्ट को आवेदक से यूनिट की पुनर्खरीद के लिए आवेदन प्राप्त होगा, ट्रस्ट उसके बाद यथाशीघ्र उसकी पावती उसको भेज देगा ।

(घ) ट्रस्ट द्वारा पुनर्खरीदे गए यूनिटों का भुगतान स्वीकृति तिथि के बाद यथाशीघ्र ऐसी रीति से किया जाएगा, जिसका उल्लेख आवेदक द्वारा आवेदन में किया गया हो । किसी भी कारण से ब्याज की कोई राशि आवेदक को देय नहीं होगी तथा ट्रस्ट प्रेषण खर्च या ट्रस्ट द्वारा प्रेषित चेक या ड्राफ्ट की वसूली का व्यय भार भी आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा ।" के लिए 26-06-96 को प्रतिस्थापित किया गया ।

4 19-04-1993 को जोड़ा गया ।

19. 1 (बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य :
(1) यूनिट ट्रस्ट द्वारा जिस मूल्य (जिसे इसमें इसके बाद "बिक्री मूल्य" कहा जाएगा) पर यूनिटों की बिक्री की जाएगी और यूनिट ट्रस्ट द्वारा जिस मूल्य (जिसे इसमें इसके बाद "पुनर्खरीद मूल्य" कहा जाएगा) पर यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी, उन्हें साप्ताहिक आधार पर घोषित किया जाएगा बिक्री मूल्य, एन एवी (पूर्ववर्ती) होगा। पुनर्खरीद मूल्य एन ए वी (पूर्ववर्ती) के 5 प्रतिशत बट्टे पर होगा।
(2) जिस दिन बिक्री मूल्य, या पुनर्खरीद मूल्य, जैसी भी स्थिति हो, निकाला जाता है, उस दिन यूनिट ट्रस्ट के पास उपलब्ध सामग्री के आधार पर बिक्री मूल्य या पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाएगा।
बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य तथा उनके बीच के अन्तर की गणना इस सम्बन्ध में सेबी द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के अनुसार की जाएगी)।

20. 2 (बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन : यूनिट ट्रस्ट बिक्री और पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद यथाशीघ्र उन्हें समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी करेगा)।

1. "18. पुनर्खरीद मूल्य :
(1) जिस मूल्य पर ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की पुनर्खरीद की जाएगी उसे इसमें इसके बाद "पुनर्खरीद मूल्य" कहा जाएगा।
(2) जिस दिन पुनर्खरीद मूल्य का निर्धारण किया जाता है, उसके पूर्ववर्ती कार्य दिवस को कारोबार की समाप्ति के समय (जिसका निर्धारण इसमें इसके बाद किया जाएगा) इसे योजना से सम्बन्धित आस्तियों के मूल्य में उक्त कार्य दिवस को कारोबार की समाप्ति के समय प्रारक्षित निधि, यदि हो, सहित यूनिट पूंजी से सम्बन्धित देयताओं को घटाकर तथा उस दिन कारोबार की समाप्ति के समय निर्गत यूनिटों की संख्या से भाग देकर तथा उसमें उतनी राशि घटाकर, जो ट्रस्ट की राय में दलाली, कमीशन, कर यदि हो, स्टाम्प शुल्क तथा ट्रस्ट द्वारा निवेशों की वसूली से सम्बन्धित अन्य खर्चों के लिए पर्याप्त हो, पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाएगा।
(3) जिस दिन पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाता है, उस दिन ट्रस्ट के पास उपलब्ध सामग्री के आधार पर यूनिट का पुनर्खरीद मूल्य निकाला जाएगा।
(4) इसमें इसके ऊपर अंतर्विष्ट किसी प्रतिकूल किसी बात के बावजूद, ट्रस्ट का यह समाधान हो जाए कि यह ट्रस्ट और यूनिटधारकों के हित में है, लेकिन उक्त वर्णित रीति से निकाले गये पुनर्खरीद मूल्य में, यथा-स्थिति, युद्ध, विप्लव, नागरिक अशांति या किसी अन्य संभावित या निरंतर राजनीतिक और औद्योगिक अशांति या कुछ अनर्थकारी घटनाओं या तत्समान घटनाओं के कारण शेयर बाजार मूल्यों के वर्तमान आधार में मौलिक परिवर्तन हो जाने के कारण वित्तीय बाजार में व्यवसाय के पूर्णतः ठप्प हो जाने या अस्त व्यस्त हो जाने की दशा में उस सीमा तक, जहां तक इसे सही समझा जाए, अंतर है तो सही समझे जाने की सीमा तक बिक्री या पुनर्खरीद मूल्य या दोनों में यह अंतर हो सकता है।" के लिए 26-06-96 को प्रतिस्थापित किया गया।

2. XIX. पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन : ट्रस्ट पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद यथाशीघ्र यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य ऐसी रीति से प्रकाशित करेगा, जिसे वह उचित समझे।" के लिए 26-06-96 को प्रतिस्थापित किया गया।

21. यूनिटधारकों को आय का वितरण :
(क) ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत प्राप्त आय और उसमें आए खर्चों के आधार पर योजना के अन्तर्गत आय वितरण की घोषणा कर भी सकता है और नहीं भी कर सकता है।
(ख) ट्रस्ट यथावश्यक रूप में आय वितरण के सम्बन्ध में निर्णय कर सकता है और अवितरित आय में से ऐसी राशि या राशियों, जिसे वह उचित समझे, का अंतरण एक या उससे अधिक प्रारक्षित निधियों में कर सकता है। प्रारक्षित निधियों जो किसी विशेष उद्देश्य के लिए उद्दिष्ट नहीं है, का उपयोग केवल यूनिट धारकों के लाभ के लिए किया जाएगा।
(ग) यूनिटधारकों को आय का वितरण प्रत्येक वर्ष 30 जून को योजना के वार्षिक लेखे की बन्दी के बाद यथाशीघ्र किया जाएगा।
1[लाभांश की घोषणा किए जाने के मामले में, आय वितरण वारंट को लाभांश की घोषणा होने के 42 दिनों के भीतर प्रेषित कर दिया जाएगा।]
(घ) योजना द्वारा आय वितरण की घोषणा के पहले पंजी बन्द करते समय यूनिटधारकों की पंजी में जिन यूनिटधारकों के नाम होंगे वे ऐसे वितरित आय को प्राप्त करने और रखने के हकदार होंगे।
(ङ) यदि यूनिट धारक ने आय वितरण की घोषणा के पहले ही यूनिट अन्तरित कर दिया हो, लेकिन वस्तुतः अन्तरण नहीं हुआ हो, तो उसके परिणामस्वरूप अन्तरिती तब तक आय वितरण का हकदार नहीं होगा, जब तक अन्तरिती आय वितरण की घोषणा के पूर्व पंजीबन्दी के 30 दिन पहले निबन्धक के पास अन्तरण प्रलेखन प्रस्तुत न कर दे।
(च) ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना द्वारा वितरित आय का भुगतान उपयुक्त भुगतान सुविधाओं के साथ उसके बैंकों पर आहरित चैक या वारंट द्वारा किया जाएगा।
(छ) इसके बावजूद कि यूनिटधारक ने प्रतिफल के लिए पहले ही यूनिटों का अन्तरण कर दिया हो, जिन यूनिटों का वह धारक है, उनके सम्बन्ध में योजना द्वारा घोषित आय वितरण प्राप्त करना यूनिट धारक के लिए तब तक के लिए वैध होगा, जब तक अन्तरिती, जिसने अन्तरक से आय का दावा किया हो, आय देय होने की तिथि से 30 दिन के भीतर प्रमाण पत्र और अन्तरण सम्बन्धी अन्य सभी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर दे।

1. 26-06-96 को जोड़ा गया।

22. योजना से सम्बन्धित आस्तियों का मूल्यांकन :

1(1) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों सहित उधृत निवेशों का मूल्यांकन मूल्यांकन की तारीख को बाजार में बन्द मूल्य पर या मूल्यांकन की तारीख से दो माह पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल की उपलब्ध दर पर किया जाता है । यदि मूल्यांकन की तारीख से दो माह पूर्व की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनोधृत निवेश माना जाता है ।

(2) उधृत निवेशों और बांडों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्व, यदि हो, के लिए समायोजित किया जाता है ।

(3) अनोधृत इक्विटी और अधिमान शेयर, जिनमें अवरुद्ध अवधि वाले शेयर शामिल है, को लागत पर लिया जाता है ।

(4) अनोधृत डिबेंचर, बांड और अन्तरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) के आधार पर जैसा कि ट्रस्ट के न्यासी मण्डल द्वारा निर्धारित हो, मूल्यांकित किए जाते है ।

(5) अनोधृत वारण्ट, पड़े हुए शेयरों की बाजार दर पर लाभांश तत्व, यदि हो, के लिए बट्टा काटकर तथा देय प्रायोगिक मूल्य को कम करके, लिए जाते हैं, जिन मामलों में इस तरह लिए गए मूल्यों से प्रयोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है ।

(6) परिवर्तनीय डिबेंचर और बांड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हों, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन सम्बन्धित इक्विटी शेयरों, जिनमें लाभांश तत्व, यदि हो, के लिए बट्टा काटा गया हो, पर किया जाता है । ऐसे डिबेंचरों एवं बांडों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि हो, का मूल्यांकन उपरोक्त (4) के अनुसार किया जाता है । जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है ।

(7) मुद्रा बाजार लिखतों को बही मूल्य पर लिया जाता है ।

(8) सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, प्रचलित ब्याज दरों पर आधारित, परिपक्वता पर प्रतिफल (वाई टीएम) आधार पर किया जाता है ।

(9) उपरोक्त पैरा (1) से (8) तक के अनुसार यथासंगणित निवेशों के सकल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की सकल लागत से की जाती है और परिणामी मूल्यह्रास, यदि हो, को राजस्व लेखे से प्रभारित किया जाता है ।

1. "(क) सूचीबद्ध प्रतिभूतियों का मूल्यांकन संबंधित कम्पनी के मुख्य व्यावसायिक स्थान से निकटतम शेयर बाजार में बन्द मूल्य पर किया जाएगा और यदि ऐसी प्रतिभूतियां एक से अधिक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं तो उचित मूल्य के रूप में कम्पनी के मुख्य व्यावसायिक स्थान से निकटतम शेयर बाजार में प्रतिभूति का बन्द मूल्य लिया जाएगा । यदि प्रतिभूति का कारोबार मूल्यांकन की तिथि से पहले छः महीने से अधिक समय से नहीं हुआ है, तो ग्रैण्डमास्टर यूनिट योजना प्रतिभूति का मूल्यांकन उस रीति से करेगी, जो उसके लेखा परीक्षकों के परामर्श से उचित समझी जाए।

(ख) नए सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों (अर्थात् जो शेयर मूल्यांकन की तिथि से पूर्व एक वर्ष की अवधि के भीतर सूचीबद्ध हुआ हो) का मूल्यांकन अनिवार्यतः लागत पर किया जाएगा । इन इक्विटी शेयरों के मूल्य में कमी या वृद्धि के आधार वे तथ्य और परिस्थितियां होंगे, जो योजना की राय में मंदड़िया प्रवृति के प्रतीत होंगे या जिसके परिणामस्वरूप मूल्यांकन अधिक या कम होगा ।

(ग) मुद्रा बाजार लिखतों और ऋणपत्र सहित निश्चित आय वाली अन्य प्रतिभूतियों, जो परिवर्तनीय नहीं है, का मूल्यांकन चालू आय और तुलनीय लिखतों के परिपक्वता मूल्य के आधार पर किया जाएगा ।

(घ) निश्चित आय वाली प्रतिभूतियों और ऋण पत्रों के मामले में उक्त निर्धारित मूल्य में उपचित ब्याज तथा इक्विटी शेयर के सम्बन्ध में घोषित लेकिन अप्राप्त लाभांश जोड़े जाएंगे ।

(ङ) अन्य सभी आस्तियों, जो उक्त रूप में मूल्यांकन के योग्य नहीं हैं, का मूल्यांकन उनके बही मूल्य पर किया जाएगा ।" के लिए 26.06.96 को प्रतिस्थापित किया गया ।

23. 1[शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का अभिकलन और प्रकटीकरण :

योजना के अन्तर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन, योजना के उपचयों और उपबन्धों को ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा । प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन, योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग देकर किया जाएगा । प्रत्येक सप्ताह एनएवी को (पूर्ववर्ती आधार पर) समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु जारी किया जाएगा ।

2 [इन प्रावधानों में किसी भी बात के होते हुए, आस्तियों का मूल्यांकन, एनएवी का अभिकलन, पुनर्खरीद मूल्य और उनके प्रकटीकरण का अन्तराल सेबी द्वारा समय-समय पर जारी सेबी (एमएफ) विनियमों के प्रावधानों/दिशानिर्देशों/निदेशों के अनुसरण में होगा।]

XXIV यूनिटों का कारोबार :

(क) 3[यूनिटों को मुम्बई, नई दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास, बंगलौर, अहमदाबाद, हैदराबाद, कानपुर और जयपुर के शेयर बाजारों में सूचीबद्ध किए गए हैं।] ट्रस्ट बृहस्पतिवार या यदि उस दिन छुट्टी हो तो उसके पूर्ववर्ती कार्य दिवस को निर्धारित शुद्ध आस्ति मूल्य की घोषणा करेगा और कोट करने के प्रयोजनार्थ सभी शेयर बाजारों को मूल्य की सूचना देगा।

(ख) यदि कोई यूनिट धारक अपने यूनिटों का नकदीकरण करना चाहता है तो वह किसी भी शेयर बाजार के माध्यम से यूनिटों का कारोबार कर सकता है।

(ग) ट्रस्ट प्रत्यक्ष रूप से या किसी भी तरह से मूल्य या मूल्यों का, जिन पर बाजार के माध्यम से यूनिट का क्रय या विक्रय किया जा सकता है, उल्लेख नहीं करेगा। फिर भी अन्तिम मूल्यों, जिन पर शेयर बाजार में यूनिटों का क्रय या विक्रय किया गया, का प्रकाशन प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में किया जाएगा।

तथापि ट्रस्ट यूनिटों को शेयर बाजारों सूची से हटाने का अधिकार अपने पास रखता है, यदि यूनिट धारकों या ट्रस्ट के हित में ऐसा करना आवश्यक हो।

(घ) यूनिट के क्रेता को बाजार के माध्यम से स्वयं या किसी मान्यताप्राप्त दलाल के द्वारा अन्तरण विलेख और सम्बन्धित यूनिट प्रमाणपत्र योजना के निबंधन के पास व्यवस्थित पाए जाने पर अन्तरण के लिए प्रस्तुत करना चाहिए।

(ङ) किसी भी मूल्य पर बाजार के माध्यम से यूनिटों का क्रय या विक्रय यूनिट धारक या भावी यूनिटधारक को जोखिम पर होगा। फिर भी यूनिट के अंतरण पर देय स्टाम्प शुल्क के निर्धारण के प्रयोजनार्थ अंतरण तिथि से पूर्व तिथि को प्रचलित उच्च और निम्न मूल्य का औसत प्रभार का आधार होगा।

4[XXIVअ. यूनिटों की पुनःखरीद :

योजना के प्रावधानों में कुछ भी प्रतिकूल अंतर्विष्ट होने के बावजूद :

(क) जब कभी यूनिटों के भाव में उनके एनएवी से 10 प्रतिशत या अधिक की कमी होती है तो ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत बाजार से प्रचलित मूल्य पर यूनिट खरीद सकता है।

(ख) ट्रस्ट किसी एक वित्तीय वर्ष में योजना के अन्तर्गत जारी यूनिट पूंजी का 25 प्रतिशत तक सम सीमा के रूप में पुनःखरीद कर सकता है जो यूनिट पुनः खरीदे जाएंगे उनका प्रतिदान किया जाएगा।

स्पष्टीकरण

(i) "बाजार" का तात्पर्य ऐसे मान्यताप्राप्त शेयर बाजार से है जिस पर इस योजना के अन्तर्गत यूनिट सूचीबद्ध किए गए हैं।

(ii) "प्रचलित मूल्य" का तात्पर्य मान्यता प्राप्त शेयर बाजारों में उस समय यूनिटों के बाजार मूल्य से है जब वे ट्रस्ट द्वारा पुनः खरीदे गए हों।]

XXV. निवेश पर प्रतिबन्ध :

(क) योजना के अन्तर्गत ट्रस्ट की निवेश योग्य निधियों का उसके द्वारा निवेश किसी एक कम्पनी द्वारा जारी प्रतिभूतियों में कुल निधि के 10 प्रतिशत या ऐसी कम्पनी की निर्गत और बकाया प्रतिभूतियों के 15 प्रतिशत जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगा।

(ख) योजना के अंतर्गत ट्रस्ट की निवेश योग्य निधियों का उसके द्वारा निवेश किसी नई कम्पनी की प्रतिभूतियों में ऐसी कम्पनी द्वारा निर्गत प्रतिभूतियों के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा और ऐसे सभी निवेश की कुल राशि निवेश योग्य निधियों के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

स्पष्टीकरण।

नई कम्पनी का अभिप्राय ऐसी कम्पनी से जिसके शेयर किसी शेयर बाजार में पहली बार निधि द्वारा शेयरों में निवेश के पूर्व एक वर्ष के भीतर सूचीबद्ध किए गए हों।

5[(ग) जब कभी सेबी की अनुमति होगी तथा योजना निवेश करना चाहेगी तब यह योजना सहवर्ती निवेशों में निवेश कर सकती है।]

(घ) परिचालनात्मक सुविधा के लिए या अवसरों में परिवर्तन के लिए ट्रस्ट अल्पावधि मुद्रा बाजार लिखतों, परिवर्तनीय या अपरिवर्तनीय ऋण पत्रों, बैंक जमा, पुनर्भ ट्टाकृत बिलों या ऐसी ही अन्य लिखतों में किसी भी समय कुल निधि के 20 प्रतिशत से अधिक निवेश नहीं रख सकता है।

---

1. "शुद्ध आस्ति मूल्य" का प्रकाशन :

(क) ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना का शुद्ध आस्ति मूल्य प्रत्येक बृहस्पतिवार (या यदि उस दिन छुट्टी हो तो पिछले कार्य दिवस) को कारोबार की समाप्ति के समय इसमें दिए गए खण्ड XIV के उपबन्धानुसार बम्बई में उक्त समग्र मूल्य में ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना की देयताओं और आनुपातिक आधार पर अन्य खर्चों, जो ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना की राय में निवेश वसूली पर देय स्टाम्प शुल्क, कर और अन्य खर्चों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हो, को घटाकर निकाला जाएगा और भारत के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाएगा। उसी समय उक्त मूल्य की सूचना भारत के सभी

शेयर बाजारों को भी उपयुक्त रीति से दी जाएगी) इस प्रकार प्रकाशित मूल्यांकन मूल्य के अगले प्रकाशन तक वैध रहेगा।

(ख) यदि आकस्मिक परिस्थितियों में मूल्यांकन का प्रकाशन एक या उससे अधिक सप्ताह तक नहीं किया जाता तो यह नहीं समझा जाएगा कि उसने यूनिटों के पेशकश की किसी शर्त का उल्लंघन किया है।

(ग) वास्तविक निवेश के प्रयोजनार्थ शेयर बाजार में यूनिट का कारोबार इच्छुक क्रेताओं और विक्रेताओं के बीच किया जाएगा। ऐसे कारोबार पर योजना का कोई नियंत्रण नहीं होगा।" के लिए 26-06-96 को प्रतिस्थापित किया गया।

23 "यूनिट ऐसे स्थानों पर शेयर बाजार में सूचीबद्ध किए जाएंगे जिससे सम्बन्धित निर्णय ट्रस्ट, द्वारा आबंटन की तिथि से छः मास के बाद किया जाएगा।" के लिए 26.06.96 को प्रतिस्थापित किया गया।

4. 22.12.93 को जोड़ा गया।

5. 26.06.96 को जोड़ा गया।

लेकिन ट्रस्ट जब तक योजना की निधियों का प्रतिभूतियों में पूर्ण नियोजन नहीं कर लेता, तब तक यह उक्त खण्ड (घ) में विनिर्दिष्ट प्रतिभूतियों सहित ऐसी प्रतिभूतियों में जिन्हें वह समीचीन समझे, निधियों को इस प्रकार निवेशित नहीं रख सकता

(ङ) निवेश संबंधी विहित प्रतिबंध निवेश करते समय की परिस्थितियों के संदर्भ में लागू होंगे, लेकिन बाजार मूल्य या निवेश में उतार-चढ़ाव के कारण या जिस कम्पनी की प्रतिभूतियों में निवेश किया गया हो, उस कम्पनी द्वारा बोनस शेयर या राइट शेयर जारी करने के कारण सीमा वस्तुतः बढ़ जाने के बावजूद यह नहीं माना जाएगा कि वह बढ़ गई है

[1][योजना के अन्तर्गत 01/08/96 से प्राप्त किसी भी अभिदान का निवेश भारतीय यूनिट ट्रस्ट हेतु सेबी विनियमों एवं नियामक ढांचे के अनुसार किया जाएगा जैसे

(1) सभी ऋण लिखतें जिनमें योजना द्वारा निवेश किया जाता है, उनके निवेश दर्जे का निर्धारण सी आर आई एस आई एल/आई सी आर ए/सी ए०आर०ई० या समय-समय पर मान्यता प्राप्त किसी अन्य दर्जा निर्धारण करने वाली एजेन्सी द्वारा किया जाएगा। परन्तु यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा।

(2) इस योजना द्वारा कोई सावधि ऋण नहीं दिया जाएगा।

(3) निजी रूप से नियोजित डिबेंचरों, प्रतिभूत ऋणों और अन्य असूचीबद्ध ऋण लिखतों के जरिए किया गया निवेश योजना की कुल आस्तियों के 10% से अधिक नहीं होगा।

(4) यह योजना अपने निकाय का 5% से अधिक किसी एक कंपनी के शेयरों में निवेश नहीं करेगी।

(5) इस योजना सहित यूनिट ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों का 10% से अधिक किसी एक कंपनी के शेयरों, डिबेंचरों अथवा अन्य प्रतिभूतियों में निवेश नहीं किया जाएगा।

(6) इस योजना सहित यूनिट ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों का 15% से अधिक किसी एक उद्योग के शेयरों अथवा डिबेंचरों में निवेश नहीं किया जाएगा। परन्तु यह प्रावधान उस योजना को लागू नहीं होगा जो एक अथवा अधिक विशिष्ट उद्योगों के लिए जारी की गई है और उस आशय की घोषणा पेशकश पत्र में की गई है।

(7) इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब–

(क) उधृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण स्पाट आधार पर किए गए हों।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनसे ऐसे अन्तरण किए जाते हैं।

(ग) असूचीबद्ध या अनोधृत निवेश का अंतरण यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा।

(8) सेबी द्वारा म्यूचुअल फंड विनियमों/दिशानिर्देशों/निदेशों के अंतर्गत अन्य प्रकार से अनुमति न मिलने तक यह योजना यूटीआई की किसी अन्य योजना प्लान में निवेश नहीं करेगी अथवा उसे उधार नहीं देगी।

(9) जब तक सेबी द्वारा म्यूचुअल फंड विनियमों/दिशा-निर्देशों/निदेशों के अंतर्गत अन्यथा अनुमति न हो तब तक यह योजना अपने निवेशों के वित्त पोषण के लिए निधियां उधार नहीं लेगी।

XXVI. यूनिट प्रमाणपत्र का फार्म :

1[यूनिटधारकों को आवेदन पत्र की स्वीकृति की तारीख से 6 सप्ताह के भीतर आवंटित यूनिटों की संख्या दर्शाते हुए यूनिट प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे।]

1. 26-06-96 को जोड़ा गया।

1. 26-06-96 को जोड़ा गया।

2. 16-06-96 को जोड़ा गया।

यूनिट प्रमाणपत्र इसके साथ संलग्न फार्म 'क' या ऐसे फार्म में होगा, जो योजना के निर्बाध परिचालन के लिये ट्रस्ट द्वारा अनुमोदित किया जाए। प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र में विभेदक संख्या, प्रमाणपत्र में अंकित यूनिटों की संख्या और यूनिट धारक का नाम होगा। प्रमाणपत्र 100 ग्रैंडमास्टर यूनिटों के विपणन योग्य लाट में, अधिकतम 20 ग्रैंडमास्टर प्रमाणपत्र (अर्थात् रु० 20,000/–), तक होगा। रु० 20,000/– से अधिक के निवेश के लिये एक समेकित प्रमाणपत्र (21वां प्रमाणपत्र) जारी किया जाएगा (अर्थात् 2,000 ग्रैंडमास्टर यूनिट)। निवेशक के अनुरोध पर यह समेकित प्रमाणपत्र एक बार बिना खर्च के विभाजित किया जाएगा और उसके बाद ट्रस्ट द्वारा यथा निर्धारित प्रभार के भुगतान पर विभाजन की अनुमति दी जा सकेगी। 2 [अनिवासी भारतीयों के लिये प्रमाणपत्र 100 यूनिट के विपणन योग्य लाट में जारी किये जाएंगे, चाहे कितनी भी राशि का निवेश किया गया हो।]

XXVII. यूनिट प्रमाणपत्र तैयार करने की रीति :

समय-समय पर बोर्ड द्वारा किये गये निर्धारण के अनुसार यूनिट प्रमाणपत्र उत्कीर्ण या अश्ममुद्रित या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा ट्रस्ट की ओर से हस्ताक्षरित होगा। हरेक ऐसा हस्ताक्षर या तो अपने हाथ से किया जाएगा या यांत्रिक विधि से किया जाएगा। जब तक यूनिट प्रमाण-पत्र पर इस प्रकार से हस्ताक्षर नहीं किया जाता तब तक वह विधिमान्य नहीं होगा। इस प्रकार से हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाणपत्र विधिमान्य होगा तथा इसके बावजूद भी कि जारी किये जाने के पूर्व उस पर जिस व्यक्ति का हस्ताक्षर था अब ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर के लिये प्राधिकृत नहीं रहा हो, बाध्यकारी होगा। किन्तु यह और कि इस प्रकार से तैयार किये गये यूनिट प्रमाणपत्र पर ऐसे प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर हो, जो प्रमाणपत्र जारी करते समय मृत हो, तो ट्रस्ट उस रीति से, जिसे वह सर्वाधिक उपयुक्त समझता है, प्रमाणपत्र पर विद्यमान ऐसे व्यक्ति का हस्ताक्षर निरस्त कर सकता है और किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति से उस पर हस्ताक्षर करवा सकता है। इस प्रकार निर्गत यूनिट प्रमाणपत्र भी विधिमान्य होगा।

XXVIII. ट्रस्ट द्वारा यूनिट प्रमाणपत्र संबंधी मान्यता नहीं दिया जाना :

जो व्यक्ति यूनिट धारक के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से यूनिट प्रमाणपत्र जारी किया गया है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा यूनिट धारक के रूप में मान्य होगा और जो यूनिट प्रमाणपत्र और यूनिट उसके नाम से है, उसमें उसका अधिकार, हक और हित है इसलिये ट्रस्ट ऐसे यूनिट धारक को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और इसके विपरीत किसी नोटिस से या न्यास के निष्पादन की नोटिस से बाध्य नहीं होगा या उस बात को छोड़कर जैसा इसमें व्यक्त रूप से कहा गया हो या सक्षम अधिकारिता वाले किसी न्यायालय द्वारा आदेश दिया गया हो कि यूनिट प्रमाणपत्र या उसकी यूनिटों में निहित हक को प्रभावित करने वाले किसी ट्रस्ट या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता दी जाए।

XXIX. यूनिट प्रमाणपत्र का विनिमय और उसके कटे-फटे, विरूपित हो जाने, खो जाने की स्थिति में प्रक्रिया :

(1) इस योजना के उपबंधों के अधीन हरेक यूनिट धारक अपने किसी या सभी यूनिट प्रमाणपत्रों के बदले यूनिटों की उसी संख्या वाले विपणन योग्य लाट में एक या अधिक यूनिट प्रमाणपत्र प्राप्त करने का हकदार होगा। ऐसे विनियम के लिये आवेदन करते समय यूनिट धारक विनिमय हेतु यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट को सौंप देगा और नये यूनिट प्रमाणपत्र के निर्गम से संबंधित पूरी राशि (यदि उसके लिये देय हो) का भुगतान करेगा।

(2) यदि कोई प्रमाणपत्र कट–फट जाए या फटा–पुराना या विरूपित हो जाए तो ट्रस्ट अपने विवेक पर हकदार व्यक्ति को नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है, जिसमें यूनिटों की संख्या वही होगी, जो कटे–फटे या फटे पुराने या विरूपित यूनिट प्रमाणपत्रों में थी।

यदि कोई यूनिट प्रमाणपत्र खो जाए, चोरी या नष्ट हो जाए तो ट्रस्ट अपने विवेक पर हकदार व्यक्ति को उसके बदले में नया यूनिट प्रमाणपत्र जारी कर सकता है। कोई भी नया यूनिट प्रमाणपत्र तब तक जारी नहीं किया जाएगा जब तक आवेदक ने पहले ही :

(i) मूल यूनिट प्रमाणपत्र के कटे-फटे होने फटे-पुराने होने, विरूपित हो जाने, चोरी हो जाने या नष्ट हो जाने का संतोषजनक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया हो।

(ii) तथ्यों की जांच से संबंधित सभी खर्चों का भुगतान नहीं कर दिया हो।

(iii) कटे-फटे, फटे-पुराने या विरूपित होने की दशा में वैसा यूनिट प्रमाणपत्र ट्रस्ट को प्रस्तुत और सुपुर्द नहीं कर दिया हो; तथा

(iv) ट्रस्ट की अपेक्षानुसार उसे क्षतिपूर्ति बंधपत्र प्रस्तुत नहीं कर दिया हो। इस खण्ड के उपबंधों के अधीन ट्रस्ट सद्भावपूर्वक ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने का दायित्व नहीं लेगा।

20-06-1996 को जोड़ा गया।
16-06-1993 को जोड़ा गया।

(3) इस खण्ड के उपबंधों के अधीन कोई प्रमाणपत्र जारी करने के पहले ट्रस्ट यह अपेक्षा करेगा कि आवेदक उसके द्वारा निर्गत प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र के लिये रु० 1/- का भुगतान करे। साथ ही, स्टाम्प शुल्क, यदि हो या डाक पंजीकरण प्रभार सहित अन्य खर्च या कर, जो ऐसे प्रमाणपत्र के निर्गम और प्रेषण के संबंध में देय हो, के लिये ट्रस्ट की राय में पर्याप्त राशि का भी भुगतान करे। लेकिन निम्नलिखित मामलों में यूनिट प्रमाणपत्र जारी करने के संबंध में कोई शुल्क, स्टाम्प शुल्क या डाक पंजीकरण प्रभार देय नहीं होगा :

i) जब आवेदक या अंतरिती को निर्गत या खंड XI (ञ) के अन्तर्गत यूनिट प्रमाणपत्र उप विभाजन के लिये पहली बार प्रस्तुत किया जाए।

ii) जब ट्रस्ट द्वारा यूनिट प्रमाणपत्र के समेकन का सुझाव यूनिट धारक द्वारा स्वीकार कर लिया गया हो।

1[XXX. विकास प्रारक्षित निधि (डी० आर० एफ०) में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% ट्रस्ट के डी० आर० एफ० में अंशदान के रूप में रखा जाएगा।

XXXI. कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा।

2[XXXII.] यूनिट धारी के लिए योजना का बाध्यकारी होना :

इस योजना की शर्तों के साथ इसमें समय-समय पर किये गये संशोधन (बशर्ते ऐसे संशोधन मूल प्रकृति से भिन्न न हों और इस योजना के उद्देश्य प्राप्त करने वाले हों) प्रत्येक यूनिट धारक और उसके माध्यम से या उसके अंतर्गत दावा करने वाले व्यक्ति मानो वह/वे व्यक्त रूप से सहमत हो/हों कि वे बाध्य होगा/होंगें, के लिये बाध्यकारी होंगे।

योजना की प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाएगी :

इस योजना की प्रतिलिपि, जिसमें इसके सभी संशोधन भी शामिल होंगे, पूरे कार्य समय के दौरान निबंधक या इस योजना के कार्यालयों (स्थापित होने पर) में निरीक्षण के लिये उपलब्ध कराई जाएगी और यूनिटधारक को रु० 5/- का भुगतान करने पर उसकी आपूर्ति की जाएगी।

1. 26-06-96 को जोड़ा गया।

2. खंड "यूनिट धारी के लिए योजना का बाध्यकारी होना" से "उपबंधों का शिथिलीकरण/परिवर्तन/संशोधन तक का संख्या XXIX से XXXIII 26-06-96 को XXXII से XXXVI तक पुन: की गई।

XXXIV योजना में परिवर्धन और संशोधन :

बोर्ड समय-समय पर इस योजना में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन या परिवर्तन कर सकता है और उसमें किये गये संशोधन या परिवर्तन को राजपत्र में अधिसूचित करेगा।

1[किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा। योजना के प्रावधानों में संशोधन कार्यकारिणी समिति और सेबी के पूर्व अनुमोदन से प्रभावी हो सकते हैं।]

XXXV उपबंधों का अर्थ लगाने का अधिकार :

योजना के किसी उपबंध के निर्वचन में कोई संदेह उत्पन्न होने पर अध्यक्ष या उन की अनुपस्थिति में कार्यपालक न्यासी को योजना के उपबंधों का अर्थ लगाने का अधिकार होगा ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला नहीं होगा या योजना की मूल संरचना के विपरीत नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय अंतिम और निश्चायक होगा।

XXXVI उपबंधों का शिथिलीकरण/परिवर्तन/संशोधन :

अध्यक्ष या उनकी अनुपस्थिति में ट्रस्ट के कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य या योजना के निर्बाध और सहज परिचालन के लिए योजना के किसी उपबंध को शिथिल, परिवर्तित या संशोधित कर सकते हैं, यदि किसी यूनिट धारक या यूनिट धारक वर्ग के लिये ऐसा करना उचित समझा जाए।

यूनिटधारकों के अधिकार

1. योजना के अधीन सदस्यों को योजना की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा योजना द्वारा घोषित लाभांश, यदि कोई हो, में समानुपातिक अधिकार है।
2. यूनिटधारकों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव रखती हो तथा सदस्यों को ऐसी जानकारी देने के लिये न्यासी बाध्य होंगे।
3. लाभांश की घोषणा किये जाने के 42 दिनों के भीतर सदस्य लाभांश वारन्ट के प्रेषित किये जाने के हकदार होंगे।
4. सदस्यों को "निरीक्षण के लिये उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अन्तर्गत सूचीबद्ध किये गये सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है।

अभिरक्षक

भारतीय स्टाक धारिता निगम के साथ 17 जनवरी 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं और प्लानों का अभिरक्षक भारतीय स्टाक धारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल कोर्ट, बी विंग नरीमन प्वाइंट, मुम्बई-400021 में स्थित है।

1. 26-06-96 को जोड़ा गया।

अभिरक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत सभी योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित सभी प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी ले और उन्हें अभिरक्षा में धारित करें। अभिरक्षक उनकी सुपुर्दगी केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त करने पर ही करेंगे।

जब तक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निदेश न दिया गया हो, अभिरक्षक, एजेंट के रूप में उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, पुनर्खरीद, अन्तरण एवं अन्य लेन-देन से संबंधित अभिरक्षा सम्बन्धी सामान्य कार्यों का पालन करने के लिये सभी गैर विवेकाधीन एवं प्रक्रियात्मक ब्यौरों के लिये सामान्यतया प्रधिकृत होगा। अभिरक्षक सभी सूचनायें रिपोर्ट अथवा ट्रस्ट की योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित प्रतिभूतियों के वास्तविक रूप से सत्यापन एवं मिलान और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध करायेंगे।

निबन्धक

मैसर्स एम० एन० दस्तूर एण्ड कं० लि० को रजिस्ट्रार (निबन्धक) के रूप में कार्य करने के लिये नियुक्त किया गया है।

यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि रजिस्ट्रार के पास आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग, करने, प्रमाण पत्रों को निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने और निवेशकों की शिकायतों को दूर करने जैसी जिम्मेवारियों का निर्वहन करने के लिये पर्याप्त क्षमता है।

आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग और बिक्री के पश्चात् सेवायें रजिस्ट्रार की चार मुख्य शाखाओं द्वारा प्रदान की जाएगी।

पश्चिमी अंचल
**मातुल्य सेन्टर,
ए० बिल्डिंग, 249 सेनापति बापट मार्ग,
लोअर परेल,
मुम्बई-400 013
टेलीफोन-493 1065

उत्तरी अंचल
**फ्लैट सं० ए-301-311
तीसरी मंजिल, सोमदत्त चेम्बर्स-1, 5,
भीकाजी कामा प्लेस,
आर० के० पुरम,
नई दिल्ली-110 066
टेलीफोन-616 8838।

पूर्वी अंचल,
**कम्प्यूटर सेन्टर
52, चौरंगी रोड,
(4थी मंजिल)
कलकत्ता-700 071
टेलीफोन-242 5142

दक्षिणी अंचल
**इंजिनियरिंग सेंन्टर
480, अन्ना सलाई,
नन्दनम,
मद्रास-600 035
टेलीफोन-434 2303

निरीक्षण के लिये उपलब्ध दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिये केन्द्रीय निवेशक सम्पर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एस० एन० डी० टी० महिला विश्वविद्यालय, बेसमेंट, द्वार नं० 1 सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुम्बई-400 020 में उपलब्ध रहेंगे :

*यू० टी० आई० अधिनियम
*सामान्य विनियम
*अभिरक्षकों और रजिस्ट्रारों के साथ किये गये करार
*ग्रैंडमास्टर 93 के प्रावधानों की प्रति

ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना-1993

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

13, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग

(न्यू मरीन लाईन)

मुम्बई-4000 20

यह प्रमाणित किया जाता है कि इस प्रमाणपत्र में नामांकित व्यक्ति ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना-1993 के उपबन्धों के अन्तर्गत ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना-1993 में विनिर्दिष्ट निवेदक संख्या (ओं) वाले निम्नलिखित ग्रैंडमास्टर का/के पंजीकृत धारक है/हैं प्रत्येक ग्रैंडमास्टर के लिये इस पर अंकित राशि चुका दी गई है।

प्रत्येक ग्रैंडमास्टर रुपये	10/-
प्रति ग्रैंडमास्टर चुकता राशि रुपये	10/-

प्रमाणपत्र सं०

धारक का/के नाम (1) ----------------------

(2) ----------------------

(3) ----------------------

धारित यूनिट (टों) की सं० ----------------------

विभेदक सं० ----------------------

दि० [1][1] को प्रदत्त

ग्रैंडमास्टर यूनिट योजना -1993

अध्यक्ष :

न्यासी :

1. "1993" 26-06-1996 को हटाया गया ।

निवेशकों की शिकायतें

01-07-95 से 30-6-1996 तक की अवधि के लिए प्राप्त शिकायतों की संख्या, जिनका निवारण किया गया और जो निवारणाधीन हैं, उन्हें नीचे दिया गया है :

योजना का नाम	शिकायतों की संख्या			कुल प्राप्त में से निवारणाधीन शिकायतें
	प्राप्त शिकायतें	जिनका निवारण किया गया	निवारणाधीन	
1	2	3	4	5
सी सी सी एफ	2230	2157	73	3.27%
सी जी जी एफ	13927	13328	599	4.30%
सी जी एस	22401	22259	142	0.63%
सी जी यू एस-91	4294	3463	831	19.35%
सी आर टी एस	144	135	9	6.25%
डी आई यू पी-93	489	465	24	4.91%
डी आई यू पी-95	52	34	18	34.62%
डी आई यू एस-90	4322	4034	288	6.66%
डी आई यू एस-91	3451	3049	402	11.65%
डी आई यू एस-92	2692	2626	66	2.45%
आई आई एस एफ यू एस	4	4	0	%0.00
जी सी जी आई	399	364	35	8.77%
ग्रैंडमास्टर-93	1171	1156	15	1.28%
जी एम आई एस-91	7646	7492	154	2.01%
जी एम आई एस-92	3748	3643	105	2.80%

1	2	3	4	5
जी एम आई एस–92(II)	1157	1139	18	1.56%
जी एम आई एस–बी–92	507	484	23	4.54%
जी एम आई एस–बी–92 (II)	3798	3680	118	3.11%
जी यू पी–94	1353	1305	48	3.55%
एम यू एस	326	275	51	15.64%
एम ई पी–91	6275	6170	105	1.67%
एम ई पी–92	36041	35236	805	2.23%
एम ई पी–93	18915	18660	255	1.35%
एम ई पी–94	13657	12888	769	5.63%
एम ई पी–95	32301	30589	1712	5.30%
एम ई पी–96	58	51	7	12.07%
मास्टर गेन–92	42709	41705	1004	2.35%
मास्टर ग्रोथ–93	2782	2688	94	3.38%
एम आई पी–93	1925	1908	17	0.88%
एम आई पी–94(I)	4226	4154	72	1.70%
एम आई पी–94(II)	4274	4221	53	1.24%
एम आई पी–94(III)	9440	8998	442	4.68%
एम आई पी–95	402	351	51	12.69%
एम आई पी–95 (II)	352	250	102	28.98%
एम आई पी–95 (III)	164	85	79	48.17%
एम आई पी–96	11	6	5	45.45%
एम आई एस–90(I)	479	348	131	27.35%
एम आई एस–90 (II)	3670	3598	72	1.96%
एम आई एस–बी–93	4318	4101	217	5.03%
एम आई एस जी–91	3905	3824	81	2.07%
मास्टर प्लस–91	43259	41635	1624	3.75%
मास्टर शेयर–86	65438	55117	10321	15.77%
ओमनी-प्लान	61	43	18	29.51%
पी ई एफ	683	547	136	19.91%
आर बी पी	204	122	82	40.20%
राजलक्ष्मी यूनिट प्लान	8689	8493	196	2.26%
वरिष्ठ नागरिक यूनिट प्लान	1523	1434	89	5.84%
यू जी एस–2000	62274	60122	2152	3.46%
यू जी एस–5000	14943	14107	836	5.59%
यूलिप	10397	9243	1154	11.10%
यू एस–64	593936	587033	6903	1.16%
यू एस–92	15949	14943	1006	6.31%
यू एस–95	4	4	0	0.00%
कुल	1077375	1043766	33609	3.12

शिकायतें लम्बित रहने के कारण :

(1) संग्रहणकर्ता बैंकों में आवेदन पत्र/निधियों का प्राप्त न होना।

(2) आवेदन पत्र में निवेशक के पते, नाम और हस्ताक्षर सहित अपूर्ण विवरण।

(3) निवेशक के पते में हुए परिवर्तन को सूचित नहीं किया जाना/अद्यतन नहीं किया जाना।

(4) मार्ग में ही खो जाना।

(5) डाक सेवा में विलम्ब।

(6) अन्तरण/मृत्यु दावों/पुनर्खरीद के मामलों में अपेक्षित दस्तावेजों का उपलब्ध नहीं कराया जाना।

(7) शिकायतें भेजते समय अपूर्ण ब्यौरा।

(8) कमीशन प्राप्त न होना/विलम्ब से प्राप्त होना।

(9) पत्रों/दस्तावेजों को गलत कार्यालय/रजिस्ट्रार को भेजा जाना।

सभी निवेशक निवेश का पूरा विवरण देते हुए अपनी शिकायत संबंधित निवेशक सम्पर्क कक्ष को नीचे दिये गये पतों पर भेज सकते हैं :—

पश्चिमी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक सम्पर्क कक्ष, कॉमर्स सेंटर 1, 28वीं मंजिल,
विश्व व्यापार केन्द्र, जी० डी० सोमानी मार्ग,
कफ परेड, मुम्बई–400005।
टेली : 218 0172/2181600

पूर्वी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक सम्पर्क कक्ष
2, फेयरली प्लेस, 2री मंजिल,
कलकत्ता–700001
टेली : 2434581

दक्षिणी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट
निवेशक सम्पर्क कक्ष,
यू० टी आई हाउस, 29, राजाजी सलाई,
मद्रास–600001
टेली : 517101 विस्तारीत : 360/364

उत्तरी अंचल :
भारतीय यूनिट ट्रस्ट,
निवेशक सम्पर्क कक्ष,
हैरॉल्ड हाउस, 2री मंजिल,
5 ए, बहादुर शाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली-110002
टेली : 3329860

पूर्ववर्ती आंकड़े

विवरण		यू एस 64			पी ई एफ	
	1993–94	1994–95	1995–96	1993–94	1994–95	1995–96
क. कुल आय	3622.78	3380.41	1748.52	—	2.39	14.78
ख. व्यय (प्रावधानों सहित)	84.91	92.99	152.49	—	4.83	2.66
ग. शुद्ध आय (क–ख)	3537.87	3287.42	1596.03	—	–2.44	12.12
घ. लाभांश	3128.07	3976.22	2733.78	—	—	—
ङ. शुद्ध आस्ति मूल्य आरंभिक	—	—	—	—	—	9.95
अंतिम	—	—	—	—	9.95	12.28
च. पुनर्खरीद प्रारम्भिक	15.00	15.50*	15.00*	—	—	10.10**
अंतिम	18.00@	18.05	16.25$	—	—	11.84
छ. औसत मासिक आस्तियों का व्यय (प्रतिशत)	—	—	—	—	—	—
ज. पोर्टफोलियो कुल बिक्री दर	—	—	—	—	—	—
ज. बाजार मूल्य (उच्चतम/न्यूनतम)	—	—	—	—	—	—
झ. बिक्री मूल्य आरंभिक	16.00	16.50*	15.50*	—	—	10.25**
अंतिम	19.30	19.35‡	17.20$	—	—	12.44
ञ. यूनिटों की सं० (लाख में) (अवधि के अंत में)	120146.09	152767.34	135094.59	—	1749.42	1819.79

*वर्ष का 1 जुलाई से 15 जुलाई की अवधि के लिए

@अप्रैल 94 के लिए अनुमानित

‡मई 95 के माह के लिए अनुमानित

$1–5–96 से 15–5–96 की अवधि के लिए

**1–8–95 से 9–8–95 की अवधि के लिए

मुंबई, दिनांक 23 दिसंबर 1996

सं० यूटी/डीबीडीएम/आर 173//एमपीडी 74-ई/96-97—भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) की धारा 19(1)(8)(सी) के अन्तर्गत बनाये गये मास्टर इक्विटी प्लान 1997 जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अन्तर्गत बनाई गई यूनिट योजना, इक्विटी सम्बद्ध बचत योजना 1997 से संबंधित है, का पेशकश दस्तावेज, जिसे 07-10-96 को हुई कार्यकारिणी समिति की बैठक में अनुमोदित किया गया, इसके नीचे प्रकाशित किया जाता है।

ए० जी० जोशी
महाप्रबन्धक
व्यवसाय विकास एवं विपणन

भारतीय यूनिट ट्रस्ट
मास्टर इक्विटी प्लान 1997
पेशकश (ऑफर) दस्तावेज

22 नवम्बर 1996 से 31 मार्च, 1997 तक पेशकश खुली रहेगी।

मास्टर इक्विटी प्लान 1997 भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम 1963 (1963 का 52) की धारा 19 (1)(8)(सी) के अन्तर्गत बनाया गया है, जो कथित अधिनियम की धारा 21 के अन्तर्गत यू टी आई के न्यासी मंडल द्वारा बनाई गई इक्विटी सम्बद्ध बचत यूनिट योजना 1997 के सम्बन्ध में है।

*प्लान के विवरण भारत सरकार की ई० एल० एस० एस० योजनाओं पर अधिसूचना और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1993 के अनुसार तैयार किये गये हैं और जन साधारण के अभिदान हेतु पेश किये गये यूनिट सेबी द्वारा न तो अनुमोदित अथवा अननुमोदित किये गये हैं न ही सेबी ने पेशकश दस्तावेज की यथार्थता अथवा पर्याप्तता को ही प्रमाणित किया है।

प्लान का उद्देश्य

इक्विटी सम्बद्ध बचत योजना पर सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार बनाए गए इस प्लान का उद्देश्य निवेश की गई राशि पर कर छूट उपलब्ध कराना तथा कुछ अवधि के बाद कथित राशि में उचित वृद्धि प्रदान कर यूनिटधारकों को दोहरा लाभ देना है।

विशिष्टताएं

- यह एक दस वर्ष का प्लान है।
- प्लान इनके लिए खुला है : निवासी वयस्क व्यक्तियों/अवयस्कों/हिन्दू अविभक्त परिवारों/व्यक्तियों का कोई संघ या व्यक्तियों का निकाय, जिसमें किसी भी मामले में केवल पति और पत्नी शामिल होंगे जो गोवा राज्य और संघशासित क्षेत्र दादरा और नगर हवेली और दमन और दिव क्षेत्रों में प्रचलित सामुदायिक या सांपत्तिक प्रणाली से नियंत्रित हैं।
- आयकर अधिनियम 1961 की धारा 88 के अन्तर्गत इस प्लान में किया गया निवेश, रु० 60,000/- की सम्पूर्ण सीमा के भीतर रु० 10,000/- तक की निवेशित राशि का 20% आयकर छूट के योग्य होगा।
- आबंटन की तिथि से 3 वर्षों की प्रारम्भिक समय बन्दी के बाद पुनर्खरीद की अनुमति होगी।
- तीन वर्षों की समय बन्दी के बाद योजना ओ० टी० सी० ई० आई० में सूचीबद्ध की जायेगी।
- प्लान में नवम्बर, दिसम्बर, जनवरी, फरवरी और मार्च माह में शामिल होने हेतु निवेश की गई राशि पर क्रमश: 4.5%, 3.5%, 2.5%, 1.5% और 1% की दर से निवेशकों को क्षतिपूर्ति अदा की जायेगी।
- पूंजी वृद्धि पर आयकर अधिनियम 1961 की धारा 48 तथा 112 के अन्तर्गत कर लाभ।

जोखिम के तत्व

*प्लान के यूनिटों में निवेशों पर बाजार का जोखिम होता है और प्लान के शुद्ध आस्ति मूल्य (एन० ए० वी०) का ऊपर या नीचे जाना प्लान के पोर्टफोलियो पर बाजार की शक्तियों के प्रभाव पर निर्भर करता है।

*ट्रस्ट की पहले की योजनाओं/प्लानों का कार्यनिष्पादन आवश्यक रूप से भावी परिणामों का द्योतक नहीं है। इस प्लान के लक्ष्यों की प्राप्ति का कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है।

*मास्ट इक्विटी प्लान 1997 केवल प्लान का नाम है और यह किसी भी प्रकार से प्लान की गुणवत्ता का संकेत नहीं देता है। निवेशकों से आग्रह किया जाता है कि इस प्लान में निवेश करने से पहले पेशकश की शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लें।

प्रबन्धन के विचार से जोखिम के तत्व

ट्रस्ट 32 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है और इसने 4 करोड़ 80 लाख से अधिक निवेशकों से लगभग 56,800 करोड़ रुपये की निधियों के प्रबन्धन में निपुणता हासिल की है।

नीचे दी गई सारणी ट्रस्ट द्वारा आरम्भ किये गये पिछले मास्टर इक्विटी प्लानों का कार्य निष्पादन दर्शाती है :—

	एन ए वी (उच्चतम)	तिथि	एन ए वी (न्यूनतम)	तिथि	एन ए वी 30-10-96
मास्टर इक्विटी प्लान 1991	41.92	14-09-94	17.96	21-07-93	24.29
मास्टर इक्विटी प्लान 1992	22.84	14-09-94	9.80	21-07-93	14.62
मास्टर इक्विटी प्लान 1993	22.52	17-08-94	12.61	27-01-96	13.07
मास्टर इक्विटी प्लान 1994	9.82	14-08-96	7.24	24-01-96	7.58
मास्टर इक्विटी प्लान 1995	11.90	19-06-96	8.68	24-01-96	9.40
मास्टर इक्विटी प्लान 1996	11.67	17-07-96	9.43	09-10-96	9.85

यू० टी० आई० की स्थापना

यू०टी०आई० अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत भारतीय यूनिट ट्रस्ट की स्थापना की गई थी जिसका उद्देश्य बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिभूतियों के अर्जन, धारण, प्रबन्धन और निपटान से ट्रस्ट को प्रोद्भूत होने वाली आय, लाभों और अभिलाभों में सहभागिता थी। ट्रस्ट ने 1 जुलाई, 1964 से काम करना आरम्भ किया था।

यू० टी० आई० का प्रबंधन

ट्रस्ट के कार्यों एवं व्यवसाय का प्रबंधन न्यासी मंडल में निहित है जिसका भारत सरकार द्वारा नियुक्त एक पूर्णकालिक अध्यक्ष होता है। बोर्ड के अलावा एक सांविधिक कार्यकारिणी समिति होती है जिसमें अध्यक्ष, कार्यपालक न्यासी तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा नामित दो अन्य न्यासी शामिल हैं। यह समिति मंडल की कार्यक्षमता के अन्तर्गत आने वाले किसी भी मामले पर विचार करने के लिए सक्षम है।

न्यासी मंडल

1. श्री जगदीश कपूर	अध्यक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
2. डॉ० पी० जे० नायक	कार्यपालक न्यासी, भारतीय यूनिट ट्रस्ट
3. श्री आर० बी० गुप्ता	उप गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक
4. श्री एस० एच० खान	अध्यक्ष, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक
5. श्री एन० एस० सेखसरिया	प्रबंध निदेशक, गुजरात अम्बुजा सिमेंट लि०
6. डा० अरविंद वीरमणि	सलाहकार, नीति निर्धारण, भारत सरकार, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय
7. श्री पी० आर० खन्ना	सनदी लेखाकार
8. श्री एन० एम० गोवर्धन	अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम
9. श्री पी० जी० काकोडकर	अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक
10. श्री एन० वाघुल	अध्यक्ष, आई०सी०आई०सी०आई० लि०
11. श्री रशीद जिलानी	अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक।

इक्विटी सम्बद्ध बचत यूनिट योजना—1997 का ब्यौरा (ईएलएसएस, 1997)

I. संक्षिप्त शीर्षक और योजना का प्रारम्भ :

(1) यह योजना इक्विटी सम्बद्ध बचत यूनिट योजना, 1997 (ईएलएस एस० 97) कही जाएगी।

(2) यह योजना और इसके अन्तर्गत बना प्लान दस वर्षों के लिए अर्थात् (1 अप्रैल, 1997 से 31 मार्च, 2007) तक की अवधि के लिए होगा।

(3) यूनिटों की बिक्री 22 नवम्बर 1996 से 31 मार्च 1997 तक की जाएगी।

बशर्ते यूनिट ट्रस्ट के न्यासी मंडल की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष किसी भी समय युद्ध या युद्ध जैसी परिस्थितियां उत्पन्न होने पर, स्टाक एक्सचेंजों में व्यवसाय न होने पर या अन्य सामाजिक आर्थिक कारण होने पर अखबारों में 7 दिनों की नोटिस देने के बाद या ऐसी पद्धति से जैसा ट्रस्ट द्वारा निश्चय किया जाए, योजना के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री स्थगित कर सकते हैं।

(4) प्लान इक्विटी सम्बद्ध बचत योजना, 1992 में उल्लिखित भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों और आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 88 के अनुसरण में तैयार किया गया है।

II. परिभाषाएं :

इस योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान में जब तक संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "स्वीकृति तिथि" का अर्थ ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री या पुनर्खरीद के लिए किसी आवेदक द्वारा ट्रस्ट को प्रेषित आवेदन पत्र के संदर्भ में वह तिथि है जब ट्रस्ट संतुष्ट होकर समझता है कि आवेदन सही है और उसे स्वीकार करता है;

(ख) "अधिनियम" का तात्पर्य भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) से है;

(ग) "आवेदक" का अर्थ है वह व्यक्ति जो योजना और उसके अन्तर्गत बनाए गए प्लान में शामिल होने के लिए पात्र होगा, जो अवयस्क नहीं होगा और प्लान के खण्ड III के अन्तर्गत आवेदन करता हो;

(घ) "सूचीबद्ध" का अर्थ है, व्यापार करने के प्रयोजन से यूनिटों को ओवर द काउंटर एक्सचेंज आफ इण्डिया पर (ओ टी सी ई आई) सूचीबद्ध किया जाना;

(ङ) "अवरुद्ध अवधि" का अर्थ है योजना के अन्तर्गत यूनिटों के आबंटन की तिथि से 3 वर्षों की अवधि जिसके दौरान आवेदक को यूनिटें अपने पास रखनी होंगी और पुनर्खरीद के लिए प्रेषित नहीं करनी होंगी;

(च) "निर्गमाधीन यूनिटों की संख्या" का अर्थ है बिक्री किये गए और शेष यूनिटों की कुल संख्या।

(छ) "मान्यताप्राप्त शेयर बाजार" का अर्थ है ऐसा शेयर बाजार जो प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) के अन्तर्गत तत्समय मान्यताप्राप्त है ;

(ज) "रजिस्ट्रार" का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसकी सेवाएं ट्रस्ट द्वारा योजना के अन्तर्गत समय-समय पर रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए ली जा सकें ;

(झ) 'विनियम' का अर्थ अधिनियम की धारा 43 (1) के अन्तर्गत बनाई गई भारतीय यूनिट ट्रस्ट सामान्य विनियमावली, 1964 है ;

(ञ) "सेबी" का अर्थ है भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड जिसे भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड अधिनियम, 1992 (1992 का 15) के अन्तर्गत स्थापित किया गया ;

(ट) व्यापार का अर्थ है 01-04-2000 से ओटीसीईआई के जरिए खरीद कर या बेचकर लेन-देन करना ;

(ठ) "यूनिट" का अर्थ यूनिट पूंजी में दस रुपये के अंकित मूल्य का एक अविभाजित शेयर है ;

(ड) "यूनिट पूंजी" का तात्पर्य फिलहाल इस योजना के अन्तर्गत निर्गत और शेष यूनिटों के अंकित मूल्य के योग से है ;

(ढ) "यूनिट ट्रस्ट" या ट्रस्ट" का तात्पर्य अधिनियम की धारा 3 के अन्तर्गत स्थापित भारतीय यूनिट ट्रस्ट से है ;

(ण) इसमें अपरिभाषित किन्तु अधिनियम/विनियम में परिभाषित अन्य सभी अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो अधिनियम/विनियम में दिए गए हैं ;

(त) एक वचन वाले शब्दों में बहुवचन शामिल हैं और सभी पुल्लिंग संदर्भों में स्त्रीलिंग तथा एक में दूसरे के विपर्यय शामिल हैं।

इक्विटी सम्बद्ध बचत योजना, 1997 के अन्तर्गत बनाए गए मास्टर इक्विटी प्लान, 1997 (एम ई पी, 97) के ब्यौरे यहां नीचे दिए जाते हैं :

I. परिभाषाएं :

शब्द (जो) प्लान में परिभाषित नहीं किये गये हैं तथा योजना और अधिनियम/विनियमों में परिभाषित किए गए हैं, उनके अपने-अपने अर्थ योजना/अधिनियम/विनियमों में दिए गए अर्थ हैं।

II. प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य :

इस योजना के अन्तर्गत जारी प्रत्येक यूनिट का अंकित मूल्य दस रुपये होगा।

III यूनिटों के लिए आवेदन :

(1) यूनिटों के लिए आवेदन केवल निवासियों द्वारा किये जा सकते हैं, जैसे :-

(क) निवासी वयस्क व्यक्ति, एकल रूप से अथवा तीन व्यक्तियों तक संयुक्त रूप से ।

(ख) नाबालिग निवासी की ओर से माता-पिता, सौतेले माता-पिता या अन्य विधिक अभिभावक।

(ग) हिन्दू अविभक्त परिवार।

(घ) व्यक्तियों का कोई संघ या व्यक्तियों का निकाय, जिसमें किसी भी मामले में केवल पति और पत्नी शामिल होंगे जो गोआ राज्य और संघ शासित क्षेत्र दादरा और नगर हवेली और दमन और दिव क्षेत्रों में प्रचलित सामुदायिक या सांपत्तिक प्रणाली से नियंत्रित हैं ।

(2) आवेदन ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा यथानुमोदित पत्र में होगा।

IV. निवेश की न्यूनतम राशि :

आवेदन न्यूनतम 50 यूनिटों के लिए किया जाएगा और इसके बाद 50 यूनिटों के गुणकों में किया जाएगा । कोई अधिकतम सीमा नहीं होगी ।

रु० 50,000/- और उससे अधिक निवेश के मामले में, निवेशक को सलाह दी जाती है कि यदि उसका आयकर पी ए एन/जी आई आर संख्या है तो वह उसे तथा संबंधित आयकर सर्किल के पते का उल्लेख करे ।

V. खर्चों पर सीमा ।

निर्गम के प्रारम्भिक खर्चे प्लान के अन्तर्गत एकत्र निधि के 6% से अधिक नहीं होंगे । प्लान के प्रारंभिक निर्गम खर्चों का अनुमान निम्नानुसार है :—

व्यय	प्रतिशत
मुद्रण और डाक	0.30
प्रचार और मार्केटिंग	1.50
एजेंटों को कमीशन	1.50
बैंक प्रभार	0.30
*विविध	2.40
योग	6.00

*इसमें आवक प्रभार, संसाधन प्रभार, रजिस्ट्रारों की फीस, क्षतिपूर्ति का भुगतान, स्टाम्प शुल्क और अन्य विविध खर्चे शामिल हैं।

इस प्रकार किसी निवेशक द्वारा निवेश किए गए प्रत्येक रुपये के कम से कम 94 पैसे का इस प्लान में निवेश किया जाएगा । प्रारम्भिक निर्गम व्ययों के अतिरिक्त आवर्ती आधार पर प्लान का निम्नलिखित व्यय होगा जो किसी भी लेखा वर्ष के दौरान औसत साप्ताहिक शुद्ध आस्ति मूल्य के 3 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। अनुमानित आवर्ती व्यय निम्नानुसार है :—

व्यय	प्रतिशत
प्रशासनिक व्यय	1.00
अभिरक्षण शुल्क	0.50
विकास प्रारक्षित निधि	0.10
कर्मचारी कल्याण न्यास	0.10
रजिस्ट्रारों के लिए शुल्क	0.50
*अन्य व्यय	0.80
योग	3.00

*अन्य व्यय में वे सभी खर्चे शामिल हैं, जो दिए गए खाता शीर्षों के अन्तर्गत वर्गीकृत नहीं किए जा सकते हैं।

उपरोक्त व्यय अनुमानित हैं और वास्तविक रूप से किए गए व्ययों में परस्पर परिवर्तित किए जाने के अधीन हैं । फिर भी, सेबी (म्यूचुअल फंड) विनियम, 1993 के अनुसार कुल प्रारम्भिक निर्गम व्ययों के रूप में कुल व्यय एकत्र निधि की 6 प्रतिशत की सीमा के भीतर तथा आवर्ती व्यय किसी भी लेखा वर्ष के दौरान साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य के 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर ही होगा। इसके अलावा प्रशासनिक व्यय, विकास प्रारक्षित निधि और कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान लेखा वर्ष के दौरान प्लान के साप्ताहिक औसत एन ए वी के 1.25 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

सेबी द्वारा नियुक्त की गई विशेषज्ञ समिति ने म्युचुअल फंड सेबी को प्रस्तुत की है जो सेबी के विचाराधीन है। फीस, व्यय और लेखा नीति सेबी द्वारा जारी किए गए विनियमों/दिशा-निर्देशों पर निर्भर करते हुए परिवर्तन के अधीन हैं।

VI. भुगतान विधि :

(1) (i) किसी आवेदक द्वारा आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान आवेदन-पत्र के साथ नकद, चैक या ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा। जहां आवेदन ट्रस्ट के शाखा कार्यालयों में जमा किये जाएं, वहां चैक या ड्राफ्ट उसी शहर में स्थित बैंकों की शाखा पर आहरित किये जाएं, जिस शहर में स्थित कार्यालय में आवेदन किए जाएं। लेकिन जहां आवेदक ट्रस्ट के कार्यालय/संग्रहण केन्द्र/विशेष प्राधिकृत कार्यालय वाले स्थान से भिन्न स्थान से आवेदन करना चाहे तो आवेदित यूनिटों के लिये आवेदन-पत्र के साथ देय बैंक ड्राफ्ट के लिए देय बैंक प्रभार घटाकर बैंक ड्राफ्ट भेजते हुए ऐसा कर सकता है। उदाहरणार्थ, यदि आवेदन राशि रु० 10,000 है तथा बैंक ड्राफ्ट प्रभार इस राशि के लिए रु० 20/- है। इस तरह ड्राफ्ट रु० 9,980/- (रु० 10,000 में से रु० 20 घटाकर) के लिए बनवाया जा सकता है। ड्राफ्ट कमीशन प्रभार प्लान के आरम्भिक निर्गम व्ययों का एक अंश होगा।

किन्तु जहां ट्रस्ट का कार्यालय/संग्रहण केन्द्र/विशेष प्राधिकृत कार्यालय है और आवेदन स्थानीय बैंक ड्राफ्ट के साथ मिला है तो बैंक ड्राफ्ट कमीशन निवेशक को ही भरना होगा।

(ii) यदि भुगतान चैक द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ट्रस्ट के शाखा कार्यालय या प्राधिकृत संग्रहण केन्द्र द्वारा आवेदन प्राप्ति की तिथि होगी, बशर्ते चैक की वसूली हो। यदि भुगतान ड्राफ्ट द्वारा किया जाए तो स्वीकृति तिथि ऐसे ड्राफ्ट की निर्गम तिथि होगी, बशर्ते ड्राफ्ट की वसूली हो, लेकिन आवेदन ड्राफ्ट के जारी किए गए दिनांक से 15 दिनों के भीतर ट्रस्ट या संग्रहण केन्द्र को प्राप्त हो जाए। यदि आवेदित यूनिटों के लिए भुगतान की गई राशि आवेदित यूनिटों के लिए देय राशि से कम हो, तो आवेदक को उतनी ही कम संख्या में यूनिट जारी किए जाएंगे, जितने इस योजना के अन्तर्गत किए जा सकेंगे। उसको देय शेष राशि ट्रस्ट द्वारा यथोचित रीति से उसके खर्च पर उसे वापस कर दी जाएगी।

(2) (क) आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ट्रस्ट का होगा :

ट्रस्ट को यह अधिकार होगा कि वह अपने विवेक से योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में यूनिट जारी करने के लिए आवेदन स्वीकृत और/या अस्वीकृत कर सके। योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में आवेदन करने के संबंध में किसी व्यक्ति की पात्रता या अन्यथा के बारे में ट्रस्ट का निर्णय अन्तिम होगा।

(ख) अपूर्ण आवेदन अस्वीकृत किये जा सकते हैं।

आवेदन अपूर्ण पाये जाने पर, अस्वीकृत कर दिया जाएगा और बिना किसी ब्याज या अन्य राशि के, चाहे जो भी हो, आवेदन राशि ट्रस्ट द्वारा यथाशीघ्र वापस कर दी जाएगी। राशि अपेक्षित परिचालनगत और प्रक्रियागत औपचारिकताएं पूरी होने पर वापस की जाएगी।

(3) यूनिट जारी होने से पहले आवेदक को योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान से संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करना होगा :

योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान में यूनिटों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को, आवेदन करने की अपनी पात्रता के बारे में ट्रस्ट को संतुष्ट करना होगा और उन्हें सभी अपेक्षाएं जैसे अवयस्क के मामले में जन्म प्रमाणपत्र, एनआरआई/एफआईआई/एच यू एफ आदि के मामले में शपथ-पत्र, आदि पूरी करनी होंगी। अपेक्षाएं पूरी करने या नहीं करने के प्रति ट्रस्ट की संतुष्टि उसके अपने विवेक पर निर्भर होगी। गलत घोषणा करके यूनिट रखने वाला व्यक्ति अपनी यूनिट धारिता के निरस्तीकरण का भागी होगा और उसका नाम यूनिट धारकों की पंजी से काट दिया जाएगा।

ट्रस्ट को अधिकार होगा कि वह ऐसी स्थिति में 25 प्रतिशत दण्ड के तौर पर घटाने के बाद सममूल्य पर या ट्रस्ट द्वारा निर्धारित मूल्य पर यूनिट की पुनर्खरीद करे और गलती से भुगतान किये गये आय वितरण की वसूली पुनर्खरीद राशि से करे और शेष वापस करे।

पुनर्खरीद करने और आवेदक को पुनर्खरीद राशि भेजने में ट्रस्ट को जो भी समय लगेगा उसके लिए राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

VII. यूनिटों की बिक्री :

प्लान के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री की पेशकश 22 नवम्बर, 1996 से 31 मार्च, 1997 तक (दोनों दिनों को सम्मिलित करते हुए) खुली रहेगी।

ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में 31 मार्च, 1997 को कारोबार का समय समाप्त होने के बाद और उसके उपरान्त प्राप्त आवेदन-पत्रों को अवैध माना जाएगा और उन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

पेशकश की अवधि के दौरान यूनिटों की बिक्री सममूल्य पर होगी। यूनिटों की बिक्री के लिए संविदा ट्रस्ट द्वारा स्वीकृति तिथि को पूरी हुई समझी जाएगी। बिक्री संविदा पूर्ण होने पर ट्रस्ट यथाशीघ्र आवेदक को प्रति 50 यूनिट विपणन योग्य लाट में यूनिट प्रमाणपत्र जारी करेगा, जो इस बात का साक्ष्य होगा कि उसे योजना और इसके अन्तर्गत बनाए गए प्लान में यूनिट धारकों के रूप में शामिल कर लिया गया है। प्रेषित यूनिट प्रमाणपत्र के खो जाने, क्षतिग्रस्त हो जाने, गलत डिलीवरी या डिलिवरी नहीं होने का कोई दायित्व ट्रस्ट पर नहीं होगा। ट्रस्ट प्लान के अन्तर्गत यूनिटों की बिक्री की समाप्ति तिथि से 10 सप्ताह के भीतर यूनिट प्रमाण-पत्र भेजेगा।

VIII. निवेशकों को क्षतिपूर्ति :

प्लान में शामिल होने की तिथि के अनुसार निवेशक को निवेश राशि पर निम्नलिखित रूप से क्षतिपूर्ति राशि अदा की जाएगी :—

22-11-96 से 30-11-96 तक	4.5%
01-12-96 से 31-12-96 तक	3.5%
01-01-97 से 31-01-97 तक	2.5%
01-02-97 से 28-01-97 तक	1.5%
01-03-97 से 31-03-97 तक	1.0%

क्षतिपूर्ति राशि बैंक के जरिए अदा की जाएगी और बैंक यूनिट प्रमाणपत्र के साथ भेज दिया जाएगा। शीघ्र निवेश के लिए अदा की गई क्षतिपूर्ति राशि प्रोत्साहन राशि, अथवा यू टी आई द्वारा निवेशकों के लिए पेश किया गया कोई विशेष लाभ नहीं है। यह क्षतिपूर्ति राशि प्रारंभिक निर्गम व्ययों और निधि द्वारा उत्पादित आय में भी शामिल होगा।

IX. यूनिटों का आबंटन :

31 मार्च, 1997 को यूनिटों का आबंटन किया जाएगा।

X. अवरुद्ध अवधि :

प्लान के अन्तर्गत यूनिट धारक द्वारा किये गये निवेश को आबंटन की तारीख से कम से कम 3 वर्ष की अवधि अर्थात् 31 मार्च 2000 तक रखा जायेगा। यह 3 वर्ष की अवधि "अवरुद्ध अवधि" कही जाएगी।

प्लान की इस तीन वर्षों की अवधि के दौरान यूनिटों की पुनर्खरीद नहीं की जाएगी। हालांकि सदस्य की मृत्यु होने की स्थिति में उक्त सदस्य को यूनिटें आबंटित करने की तारीख से एक वर्ष पूर्ण होने के बाद, वैध उत्तराधिकारी या योजना के अन्तर्गत यूटी आई की बहियों में पंजीकृत नामित व्यक्ति, मृत सदस्य के नाम जमा यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए पेश कर सकता है।

XI. यूनिटों की पुनर्खरीद :

(1) ट्रस्ट यूनिटों की आबंटन की तिथि (अर्थात् 1 अप्रैल 1998) से एक वर्ष की समाप्ति के बाद और इसके बाद अर्ध वार्षिक आधार पर पुनर्खरीद मूल्य घोषित करेगा।

(2) आबंटन की तिथि से 3 वर्ष की अवधि के बाद अर्थात् 1 अप्रैल, 2000 से जब यूनिटों की पुनर्खरीद प्रारंभ होगी, ट्रस्ट योजना में दिये गये आधार पर प्रत्येक महीने या जैसा इसके द्वारा निश्चित किया गया हो, पुनर्खरीद मूल्य घोषित करेगा।

(3) पुनर्खरीद मूल्य जिस पर यूनिटें खरीदी जायेंगी उसे समय-समय पर घोषित एनएवी के आधार पर परिकलित किया जायेगा। पुनर्खरीद मूल्य परिकलित करते समय ट्रस्ट प्रशासनिक लागत और अन्य प्रभार जो औसत एनएवी के 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष से ज्यादा नहीं होगा, काटने के लिए स्वतंत्र होगा।

(4) यूनिट प्रमाण-पत्र के विधिवत विमोचन के प्राप्त होने पर पुनर्खरीद की जाएगी।

(5) पुनर्खरीद के लिए संविदा स्वीकृति तिथि को पूर्ण समझी जाएगी।

(6) यूनिट धारक के लिए अपनी यूनिटों को उपरोक्त उपबंध (1) के अनुसार पुनर्खरीद के लिए पेश करना आवश्यक नहीं होगा तथा योजना के चालू रहने के दौरान वह जब तक चाहे, उन्हें अपने पास रखने के लिए स्वतंत्र होगा।

(7) पुनर्खरीद की गई यूनिटों को पुनः जारी नहीं किया जाएगा

(8) पुनर्खरीद किए गए यूनिटों के लिए अदायगी ट्रस्ट द्वारा स्वीकृति तिथि के बाद 10 कार्य दिवस के भीतर की जाएगी। आवेदक को देय राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा और ट्रस्ट द्वारा भेजे गए चैक या ड्राफ्ट को वसूली और प्रेषण (डाक सहित) की लागत आवेदक द्वारा वहन की जाएगी और वार्षिक आवर्ती व्यय का ही भाग समझा जाएगा।

(9) पुनर्खरीद मूल्य के परिकलन और प्रकटीकरण, जब भी वे कार्यान्वित किए जाएंगे, विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के अनुसार किया जाएगा।

XII. यूनिटों की पुनर्खरीद पर प्रतिबंध :

प्लान के किसी भी उपबंध में अंतर्विष्ट किसी बात के बावजूद ट्रस्ट यूनिटों की पुनर्खरीद के लिए बाध्य नहीं होगा :

(i) ऐसे दिन, जो कार्य दिवस नहीं हों, और

(ii) ऐसी अवधि में जब बही और लेखा की वार्षिक बन्दी ट्रस्ट द्वारा यथाअधिसूचित) के संबंध में यूनिट धारकों की पंजी बन्दी हो।

स्पष्टीकरण :

इस योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ शब्द "कार्य दिवस" का अर्थ वह दिन है, जो न तो

(i) महाराष्ट्र राज्य या ऐसे अन्य राज्यों में, जहां ट्रस्ट के कार्यालय हों, सार्वजनिक अवकाश के रूप में परकाम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत अधिसूचित हो और न ही

(ii) भारत के राजपत्र में ट्रस्ट द्वारा ऐसे दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया हो कि ट्रस्ट का कार्यालय बंद रहेगा।

XIII. पुनर्खरीद मूल्य का प्रकाशन :

पुनर्खरीद मूल्य के निर्धारण के बाद ट्रस्ट यथाशीघ्र इसे प्रेस को प्रकाशन करने हेतु जारी करेगा।

XIV. सूचीबद्ध किया जाना :

आबंटन की तिथि (अर्थात् 1 अप्रैल, 2000) से 3 वर्षों की अवरुद्ध अवधि के समाप्त होने के बाद इस योजना के अन्तर्गत जारी किए गए यूनिट ओटीसीईआई में सूचीबद्ध किए जायेंगे।

XV. यूनिट प्रमाण-पत्र का फार्म :

यूनिट प्रमाण-पत्र ट्रस्ट के कार्यपालक निदेशक द्वारा यथानिर्दिष्ट फार्म में होंगे। प्रत्येक यूनिट प्रमाण-पत्र पर विभेदक संख्या, यूनिटों की संख्या जिनके लिए प्रमाण-पत्र जारी किया गया हो, तथा सदस्य के नाम का उल्लेख होगा।

XVI. यूनिट प्रमाण-पत्र तैयार करने की विधि :

जैसा बोर्ड समय-समय पर निर्धारित करेगा, यूनिट प्रमाण-पत्र उत्कीर्ण या लिथोग्राफ या मुद्रित किया जाएगा और ट्रस्ट द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत दो व्यक्तियों द्वारा ट्रस्ट की ओर से हस्ताक्षरित होगा। ऐसा प्रत्येक हस्ताक्षर स्वहस्ताक्षरित होगा या किसी यांत्रिकी विधि से लगाया गया होगा। जब तक यूनिट प्रमाण-पत्र इस रूप में हस्ताक्षरित नहीं होगा, तब तक वह वैध नहीं होगा। इस रूप में हस्ताक्षरित यूनिट प्रमाण-पत्र वैध होगा और इस बात के होते हुए बाध्यकारी होगा कि उसे जारी करने से पहले किसी व्यक्ति, जिसका हस्ताक्षर उस पर है, ट्रस्ट की ओर से यूनिट प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने हेतु प्राधिकृत व्यक्ति न रहा हो।

किन्तु इस रूप में तैयार किए गए यूनिट प्रमाण-पत्र में किसी प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर है जो प्रमाण-पत्र जारी होने के समय मृत है तो ट्रस्ट किसी तरीके से जिसे वह सर्वोत्तम समझता है प्रमाण-पत्र पर विद्यमान उक्त व्यक्ति के हस्ताक्षर को निरस्त कर सकता है और उस पर किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर करवा सकता है। इस रूप में जारी यूनिट प्रमाण-पत्र भी वैध होंगे।

XVII. यूनिट प्रमाण-पत्र के कट-फट, विरूपित हो जाने, खो जाने की स्थिति में प्रक्रिया :

(1) इस योजना और इसके अन्तर्गत बने प्लान के प्रावधानों के अधीन, प्रत्येक सदस्य अपना कोई एक या सभी यूनिट प्रमाण-पत्रों को अपनी आवश्यकतानुसार किसी भी मूल्यवर्ग के एक या अधिक यूनिट प्रमाण-पत्रों के साथ, जो यूनिटों की समान कुल संख्या दर्शाते हों, विनिमय करने का हकदार रहेगा। उक्त विनिमय के लिए आवेदन करते समय सदस्य ट्रस्ट को विनिमय किये जाने वाला यूनिट प्रमाण-पत्र या प्रमाण-पत्रों को अभ्यर्पित करेगा और नया यूनिट प्रमाण-पत्र/प्रमाण-पत्रों के निर्गम के सम्बन्ध में सभी धन राशियां (यदि कोई देय हो) ट्रस्ट को अदा करेगा।

(2) यदि कोई यूनिट प्रमाण-पत्र कट-फट जाता है या घिस-पिट या विरूपित हो जाता है तो ऐसे मामले में ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को एक नया यूनिट प्रमाण-पत्र जारी कर सकता है जिसके यूनिटों की कुल संख्या उतनी हो होगी जितनी कि कटे-फटे, विरूपित यूनिट प्रमाण-पत्र की थी। यदि कोई यूनिट प्रमाण-पत्र खो जाता है, चुराया जाता है या नष्ट हो जाता है, तो ट्रस्ट अपने विवेक के अनुसार स्वत्वाधिकारी व्यक्ति को उसके बदले में नया यूनिट प्रमाण-पत्र जारी करेगा कोई नया यूनिट प्रमाण पत्र तब तक जारी नहीं किया जायेगा जब तक आवेदक :—

(1) मूल यूनिट प्रमाण-पत्र के कट-फटे होने, टूटने, विरूपित होने, खो जाने, चुरा लिए जाने या नष्ट हो जाने के सन्तोषजनक साक्ष्य ट्रस्ट को प्रस्तुत नहीं करता।

(2) तथ्यों की जांच के सम्बन्ध में सभी खर्चों का भुगतान नहीं करता।

(3) (कटे-फटे या घिसे-पिटे या विकृपित यूनिट प्रमाणपत्र के मामले में) ट्रस्ट को ऐसे कटे-फटे घिसे-पिटे या विकृपित यूनिट प्रमाण पत्र प्रस्तुत और अभ्यर्पित नहीं करता और

(4) ट्रस्ट को आवश्यक क्षतिपूर्ति बन्धपत्र प्रस्तुत नहीं करता। इस खण्ड के प्रावधान के अन्तर्गत ट्रस्ट सदभावना के आधार पर उक्त प्रमाण पत्र जारी करने का उत्तरदायित्व नहीं लेगा।

(3) इस खण्ड के प्रावधान के अन्तर्गत कोई प्रमाणपत्र जारी करने के पहले ट्रस्ट चाहेगा कि आवेदन इसके द्वारा निर्गत प्रत्येक यूनिट प्रमाणपत्र पर पांच रुपए का भुगतान करे। साथ ही ट्रस्ट के मतानुसार किन्हीं प्रभारों या करों के लिए पर्याप्त धन राशि या डाक पंजीकरण खर्च सहित जो उक्त प्रमाणपत्र को जारी करने और प्रेषित करने के सम्बन्ध में देय हो, उसे भी जमा करेगा।

18. यूनिट धारकों का रजिस्टर:

यूनिट धारकों के पंजीकरण के मामले में निम्नलिखित प्रावधान किए जाएंगे :—

(1) ट्रस्ट द्वारा एक यूनिटधारक पंजी रखी जाएगी और जिसमें अन्य के साथ-साथ निम्न प्रविष्टियां दर्ज की जाएंगी।

(क) यूनिट धारकों के नाम और पते,

(ख) ऐसे प्रत्येक व्यक्ति द्वारा धारित यूनिटों की संख्या; और

(ग) जिस व्यक्ति के नाम यूनिट है उसके धारक बनने की तिथि

(2) किसी सदस्य को अपने नाम और पते में हुए परिवर्तन की सूचना ट्रस्ट को देनी होगी। ऐसे परिवर्तन से सन्तुष्ट होने पर और ट्रस्ट द्वारा अपेक्षित औपचारिकताएं पूरी किए जाने पर पंजी में तदनुसार परिवर्तन किया जाएगा।

(3) पंजियों की बन्दी अवधि को छोड़कर इसमें इसके पश्चात् इस सम्बन्ध में अन्तर्विष्ट उपबन्धों के अनुसार कार्य-अवधि के दौरान (ट्रस्ट द्वारा लगाए गए उचित प्रतिबन्धों के अधीन, किंतु प्रत्येक कार्य-दिवस में कम से कम दो घंटे निरीक्षण के लिए खुली रहेगी)। सदस्य के निरीक्षण के लिए निःशुल्क और उसके खेद के निवेश के सम्बन्ध में खुली रहेगी।

(4) ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर निर्धारित समय और अवधि के लिए पंजी बन्द रहेगी। परन्तु किसी भी वर्ष में वह 45 दिनों से अधिक समय के लिए बन्द नहीं रहेगी। ट्रस्ट द्वारा ऐसी बन्दी की सूचना विज्ञापन के रूप में समाचार पत्र में या अन्य माध्यम से दी जाएगी।

(5) किसी यूनिट के सम्बन्ध में पंजी में किसी दायित्व की स्पष्ट विवक्षित या आन्वयिक सूचना अंकित नहीं की जाएगी।

19. ट्रस्ट के उन्मोचन के लिए सदस्य द्वारा रसीद :

प्रमाणपत्र में अंकित यूनिटों के सम्बन्ध में सदस्य को भुगतान की गई राशि के लिए उसकी रसीद ट्रस्ट के लिए अच्छा उन्मोचन माना जाएगा।

20. यूनिटधारक द्वारा नामांकन :

(1) नामांकन सुविधा केवल व्यक्तियों के लिए अपनी ओर से अर्थात, अकेले या तीन व्यक्तियों तक संयुक्त रूप से आवेदन करने पर उपलब्ध है। आवेदक एक व्यक्ति को नामांकित कर सकते हैं नाबालिग और अनिवासी भारतीय भी नामित किए जा सकते हैं। लेकिन यूनिट अन्तरण के मामले में अन्तरिती को नामांकन सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। प्लान के चालू रहने के दौरान आवेदक नामांकन में कभी भी परिवर्तन कर सकता है।

परन्तु यह भी कि नाबालिगों, हिन्दू अविभक्त परिवारों, व्यक्ति संघों और व्यक्ति निकायों की ओर से आवेदन करने वाले व्यक्ति नामांकन नहीं कर सकते।

(2) रजिस्ट्रार ऐसे निर्देशों और प्लान के प्रावधानों के अधीन निर्धारित फार्म जारी कर सकते हैं और उपरोक्त उपखण्ड (1) के अधीन निर्धारित फार्म में नामांकन स्वीकार कर सकते हैं और उसे पंजीकृत कर सकते हैं। वे ऐसे निर्देशों के अधीन ऐसे में विभिन्नता, संशोधनों और परिवर्तनों और उनका पंजीकरण भी कर सकते हैं।

अन्य प्रावधान विनियमों में किए गए प्रावधानों की सीमा तक होंगे।

21. यूनिट धारक की मृत्यु :

(1) यूनिटों के संयुक्त धारिता के मामले में प्रथम धारक की मृत्यु हो जाने पर ट्रस्ट द्वारा दूसरे नामित यूनिटधारक को तथा दूसरे नामित यूनिट धारक की भी मृत्यु पर तीसरे नामित यूनिटधारक को ही योजना और उसके अन्तर्गत बने प्लान के यूनिटों के हकदार होने या उनके हिताधिकारी होने की मान्यता दी जाएगी। लेकिन इसमें अन्तर्विष्ट कोई भी बात उक्त यूनिटों के सम्बन्ध में ऐसे जीवित व्यक्ति के विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति के किसी अधिकार को प्रभावित नहीं करेगी।

(2) प्लान के अन्तर्गत किसी एकल सदस्य की मृत्यु की स्थिति में नामिती को उन यूनिटों के सम्बन्ध में ट्रस्ट द्वारा देय राशि के हकदार व्यक्ति के रूप में ट्रस्ट द्वारा मान्यता दी जाएगी जो मृत यूनिटधारक के नाम जमा हो।

(3) किसी एकल द्वारा सदस्य वैध नामांकन नहीं किए जाने की स्थिति में मृत व्यक्ति का निष्पादन या प्रशासक या भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 (1925 का 39) के भाग 10 के अन्तर्गत जारी उत्तराधिकार प्रमाणपत्र का धारक ही व्यक्ति होगा, जिसे यूनिट के हकदार के रूप में ट्रस्ट मान्यता दी जा सकती है।

(4) यूनिटधारक (धारकों) की मृत्यु के परिणामस्वरूप यूनिटों के हकदार बनने वाले किसी भी व्यक्ति को ट्रस्ट द्वारा उसके हक के लिए पर्याप्त समझे गए साक्ष्य के प्रस्तुत किए जाने पर मृतक के नाम जमा सभी बकाया यूनिटों का पुनर्खरीद मूल्य (यूनिटों की आबंटन तिथि से 1 वर्ष के बाद) उस पुनर्खरीद मूल्य पर अदा किया जाएगा, जिस तारीख को दावेदार द्वारा दावे से संबंधित सभी औपचारिकताएं पूरी की गई हों।

ईक्विटी सम्बद्ध बचत योजना 1997 (ईएलएसएस' 97) का ब्यौरा जारी

3. इस योजना से संबंधित आस्तियों का मूल्यांकन :

(1) अवरुद्ध अवधि के अधीन वाले निवेशों सहित उद्धृत निवेशों का मूल्यांकन, मूल्यांकन की तारीख के आधार पर बंद मूल्य पर या मूल्यांकन की तारीख से दो माह पूर्व की अवधि में बिल्कुल हाल की उपलब्ध दर पर किया जाता है। यदि मूल्यांकन की तारीख से दो माह की अवधि हेतु कोई भाव उपलब्ध नहीं है तो उसे अनुद्धृत निवेश माना जाता है।

(2) उधृत निवेशों और बाण्डों के मामले में, बाजार दर, जो ब्याज सहित है उसे ब्याज तत्व, यदि हो, के लिए समायोजित किया जाता है ।

(3) अनोधृत इक्विटी और अधिमान शेयर, जिनमें अवरुद्ध अवधि वाले शेयर शामिल हैं, को लागत पर लिया जाता है ।

(4) अनोधृत डिबेंचर, बाण्डों और अंतरणीय नोट परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) के आधार पर जैसा कि ट्रस्ट के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित हो, मूल्यांकित किए जाते हैं ।

(5) अनोधृत वारंट, पड़े हुए शेयरों की बाजार दर पर लाभांश तत्व, यदि हो, के लिए बट्टा काट कर तथा देय प्रायोगिक देय मूल्य ज्यादा हो, वहां वारंटों का मूल्य शून्य लिया जाता है ।

(6) परिवर्तनीय डिबेंचर और बाण्ड, जहां मिश्र बाजार भाव उपलब्ध न हों, वहां परिवर्तनीय भाग का मूल्यांकन, संबंधित इक्विटी शेयरों, जिनमें लाभांश तत्व, यदि हो, के लिए बट्टा काटा गया हो, पर किया जाता है । ऐसे डिबेंचरों एवं बाण्डों का अपरिवर्तनीय भाग, यदि हो, का मूल्यांकन उपरोक्त (4) के अनुसार किया जाता है । जहां परिवर्तनीय भाग के लिए परिवर्तन की शर्तें विनिर्दिष्ट न हों, वहां उन्हें लागत पर लिया जाता है ।

(7) मुद्रा बाजार लिखतों को वही मूल्य पर लिया जाता है ।

(8) सरकारी प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, प्रचलित ब्याज दरों पर आधारित, परिपक्वता पर प्रतिफल (वाईटीएम) आधार पर किया जाता है ।

(9) उपरोक्त पैरा (1) से (8) तक के अनुसार यथासंगणित निवेशों के सकल मूल्य की तुलना ऐसे निवेशों की सकल लागत से की जाती है और परिणामी मूल्यह्रास, यदि हो, को राजस्व लेखे से प्रभारित किया जाता है ।

(10) आस्तियों का मूल्यांकन यथासमय सेबी द्वारा निर्धारित विनियमों और दिशानिर्देशों के अधीन होगा ।

4. शुद्ध आस्ति मूल्य (एनएवी) का निर्धारण :

योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान के अंतर्गत जारी यूनिटों के शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन, योजना के उपचयों और उपबंधों का ध्यान में रखते हुए योजना की आस्तियों के मूल्य को निर्धारित कर और योजना की देयताओं को घटाकर किया जाएगा। प्रति यूनिट शुद्ध आस्ति मूल्य का परिकलन योजना के एनएवी में उस तिथि को जारी और बकाया यूनिटों की कुल संख्या से भाग देकर किया जाएगा । इस एनएवी को (पूर्ववर्ती आधार पर) एक महीने के अंतराल में अथवा सेबी द्वारा ऐसे प्रस्तावित अंतराल में प्रकाशित करने हेतु प्रेस को जारी किया जाएगा ।

शुद्ध आस्ति मूल्य का अभिकलन और प्रकटीकरण विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के लागू होने पर उनके अनुसार होगा ।

5. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के प्रयोजनार्थ ट्रस्टों को स्वीकृति और मान्यता नहीं दिया जाना :

जो व्यक्ति सदस्य के रूप में पंजीकृत है और जिसके नाम से सदस्यता सूचना जारी की गई है, वही व्यक्ति ट्रस्ट द्वारा सदस्य के रूप में मान्य होगा और चूंकि ऐसे यूनिटों में उसका अधिकार, हक और हित है, इसलिये ट्रस्ट ऐसे सदस्य को उसके पूर्ण स्वामी के रूप में मान्यता देगा और इस योजना से संबंधित यूनिटों के हक को प्रभावित करने वाले न्यास या इक्विटी या अन्य हित को मान्यता देने के लिए यहां स्पष्ट रूप से किए गए प्रावधान या किसी सक्षम प्राधिकारवाले न्यायालय के आदेश को छोड़ कर किसी विपरीत नोटिस या किसी न्यास के निष्पादन पर ध्यान देने के लिए बाध्य नहीं होगा ।

6. यूनिटों का अंतरण/गिरवी रखा जाना/समनुदेशन :

यूनिटों के आबंटन की तिथि से 3 वर्ष की अवरुद्ध अवधि के बाद इस योजना के अंतर्गत यूनिटों के अंतरण/गिरवी रखने/समनुदेशन की अनुमति दी जाएगी । अवरुद्ध अवधि के दौरान अथवा उसके बाद किन्तु योजना समाप्त होने के पूर्व एचयूएफ, एओपी, बीओआई से संबंधित यूनिट धारण के विभाजन और/अथवा विघटन की स्थिति में इसमें ऊपर उल्लिखित कुछ भी कथित विभाजन अथवा विघटन के संदर्भ में तत्संबंधी कानून को लागू करने में बाधक नहीं होगा बशर्ते अन्यथा विशिष्ट रूप से सहमति प्रकट की गई हो अथवा उल्लेख किया गया हो और जो कथित कानून, यदि कोई हो, के विरुद्ध न हों । एचयूएफ, एओपी, बीओआई के सदस्यों में आय वितरण और यूनिटों का विभाजन, समय-समय पर प्रचलित तत्संबंधी कानून, यदि कोई हो, के अनुसार नियंत्रित होगा ।

7. जारी करने के बाद यूनिटों का अंतरण :

इस योजना के अंतर्गत जारी तथा बकाया सभी यूनिट, आबंटन की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के बाद (अर्थात् 1 अप्रैल, 2000 से) निम्न शर्तों के अधीन, मुक्त रूप से अंतरणीय होंगे :

(क) इस योजना के प्रावधानों के अनुसार जारी यूनिट प्रमाणपत्र परक्राम्य रहेगा और जैसा कि इस योजना के प्रावधानों के खण्ड 3 में उल्लेख किया गया है व्यक्तिगत, व्यक्त या अन्य श्रेणियों को अंतरित किया जा सकता है।

अंतरण दस्तावेज की स्वीकृति और अंतरिती का सदस्य के रूप में प्रवेश पूर्णतः ट्रस्ट के विवेकानुसार होगा।

(ख) यूनिट धारण करने की क्षमता रखनेवाले अंतरणकर्ता और अंतरिती के द्वारा और बीच अंतरण प्रभावकारी होगा । किसी अन्य अंतरण को मान्यता देने के लिए ट्रस्ट बाध्य नहीं होगा ।

(ग) संबंधित यूनिट प्रमाणपत्र और योजनाद्वारा समय-समय पर निर्धारित शुल्क के सहित अंतरण दस्तावेज, इस कार्य हेतु नियुक्त किये गए रजिस्ट्रार के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं ।

(घ) ट्रस्ट के किसी भी कार्यालय में प्रस्तुत या कार्यालय द्वारा स्वीकृत अंतरणपत्र नजदीक के रजिस्ट्रार के कार्यालय में अग्रेषित किए जाएंगे ।

(ङ) प्रत्येक अंतरण लिखत पर अंतरणकर्ता तथा अंतरिती का नाम धारकों के रजिस्टर में दाखिल करने तक अंतरणकर्ता को ही यूनिट का धारक समझा जाएगा।

(च) अंतरणकर्ता के स्वात्वाधिकार या उसके यूनिटों का अंतरण करने के अधिकार के समर्थन में रजिस्ट्रार ऐसा कोई सबूत मांग सकते हैं जो उन्हें आवश्यक लगे ।

(ड) यदि यूनिट प्रमाणपत्र खो गया हो/चुराया गया हो/नष्ट हो गया हो तो कुछ आवश्यकताओं, जिन्हें रजिस्ट्रार जरूरी समझें, की पूर्ति करने के बाद मूल यूनिट प्रमाणपत्र की प्रस्तुति के संबंध में रजिस्ट्रार छूट देंगे ।

(ज) यूनिटों के अंतरण का पंजीकरण होने पर अंतरण के सभी दस्तावेज और यूनिट प्रमाणपत्र रजिस्ट्रार के पास रहेंगे ।

(झ) अंतरण को मान्यता देने तथा पंजीकृत करनेवाले रजिस्ट्रार, उक्त प्रमाणपत्र/प्रमाणपत्रों का अंतरण और जारी करने के संबंध में देय अदायगी तथा वसूली के बाद, मूल या नया या नए यूनिट प्रमाणपत्र अंतरिती को जारी करेंगे ।

(ञ) यदि अंतरिती आधिकारिक क्षमता के कारण विधि के परिचालन से या गिरवी लागू होने पर अनुसूचित बैंक यूनिटों का धारक बन जाता है तो इच्छुक अंतरिती यूनिटों के धारण के लिए अन्यथा पात्र होने पर ऐसे साक्ष्य के प्रस्तुतीकरण जिसे वे पर्याप्त समझें, के अधीन रजिस्ट्रार अंतरण लागू करेगा ।

(ट) उपर्युक्त प्रावधानों के अधीन ट्रस्ट अंतरण को पंजीकृत करेगा और यूनिट प्रमाणपत्र दाखिल करने की तिथि से 30 दिनों के भीतर अंतरिती को अंतरण संबंधी दस्तावेजों के साथ यूनिट प्रमाणपत्र वापस करेगा ।

8. निवेश उद्देश्य और नीतियां :

(क) योजना के अंतर्गत संग्रहीत निधियों का कंपनियों के इक्विटी, संचयी परिवर्तनीय अधिमान शेयरों और पूर्णतः परिवर्तनीय डिबेंचरों और बांडों और वारंटों में निवेश किया जाएगा । अंशतः परिवर्तनीय निर्गमों के डिबेंचरों और बांडों, जिसमें राइट्स के आधार पर जारी बाण्डों और डिबेंचरों का भी समावेश होगा, में इस शर्त के अधीन निवेश किए जा सकते हैं कि यथासंभव इस रूप में अर्जित या अभिदत्त डिबेंचरों का अपरिवर्तनीय अंश बारह माह की अवधि के अंदर वापस ले लिया जाएगा ।

(ख) यह सुनिश्चित किया जाएगा कि योजना की निधियां खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट प्रतिभूतियों में कम से कम 80% की सीमा तक निवेशित की जाएंगी । ट्रस्ट उपर्युक्त वर्णित तरीके से निधियों को यूनिटों की बिक्री की बंदी की तारीख से छः माह के अंदर निवेशित करने का प्रयास करेगा । असाधारण परिस्थिति में इस आवश्यकता को ट्रस्ट छोड़ सकता है ताकि यूनिटधारकों के हित सुरक्षित रह सकें ।

(ग) उपर्युक्त वांछित तरीके से यदि निधियों का निवेश लम्बित रहता है तो ट्रस्ट अल्पकालिक मुद्रा बाजार लिखतों में या अन्य नकदी लिखतों में या दोनों में निवेश करेगा ।

(घ) यूनिटों के आबंटन की तारीख के तीन वर्षों के बाद ट्रस्ट योजना की कुल आस्तियों का 20% तक अल्पकालिक मुद्रा बाजार लिखतों में और अन्य नकदी लिखतों में धारित कर सकता है ताकि वे उन यूनिटधारकों की यूनिटों की पुनर्खरीद कर सकें जो पुनर्खरीद के लिए यूनिटों को जमा कराना चाहते हैं ।

(1) सभी ऋण लिखत, जिनमें प्लान द्वारा निवेश किया जाना है उनके निवेश वर्ग का निर्धारण सीआरआईएसआईएल/आईसीआरए/सीएआरई या समय-समय पर मान्यता प्राप्त किसी अन्य क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा किया जाएगा ।

परन्तु यदि ऋण लिखत का निर्धारण नहीं किया गया हो, तो निवेश के लिए ट्रस्ट के न्यासी मंडल से विशिष्ट अनुमोदन लिया जाएगा ।

(2) इस प्लान के अंतर्गत कोई मीयादी ऋण नहीं दिया जाएगा ।

(3) निजी डिबेंचरों, प्रतिभूतित ऋणों और अन्य रेट न किए गए ऋण लिखतों में निवेश, प्लान की कुल आस्तियों का 10% से अधिक नहीं होगा ।

(4) किसी भी एक कंपनी के शेयरों में योजना की निधि के 5% से अधिक भाग का निवेश नहीं किया जाएगा ।

(5) इस योजना की निधियों सहित यूनिट ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों के 10% से अधिक भाग का किसी एक कंपनी के शेयर, डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों में निवेश नहीं किया जाएगा ।

(6) इस योजना की निधियों सहित यूनिट ट्रस्ट की सभी योजनाओं की निधियों के 15% से अधिक भाग का किसी एक उद्योग के शेयरों और डिबेंचरों में निवेश नहीं किया जाएगा।

परन्तु योजना के लिए यह प्रावधान लागू नहीं होगा जिसे एक या अधिक निर्धारित उद्योगों में निवेश के लिए चालू किया गया हो और इस आशय की घोषणा पेशकश पत्र में की गई हो ।

(7) इस योजना से दूसरी योजना/प्लान में अंतरण केवल तभी किया जाएगा जब :

(क) उद्धृत लिखतों के लिए प्रचलित बाजार मूल्य पर ऐसे अंतरण तत्कालिक आधार पर किए गए हों ।

(ख) ऐसी अंतरित प्रतिभूतियां उस योजना/प्लान के निवेश उद्देश्यों के अनुरूप हों जिनसे ऐसे अंतरण किए जाते हैं ।

(ग) सूचीबद्ध या उद्धृत न किए गए निवेशों का प्लान से अन्य योजना/प्लान में अंतरण यूटीआई के न्यासी मंडल द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुसार किया जाएगा ।

(8) प्लान ट्रस्ट की अन्य योजना/प्लान में तब तक निवेश नहीं करेगी या उधार नहीं देगी, जब तक अन्यथा सेबी द्वारा म्यूचुअल फंड विनियमों/दिशानिर्देशों/आदेशों के अधीन अनुमति न दे दी जाए ।

(9) प्लान अपने निवेशों के वित्तपोषण के लिए तब तक निधियां उधार नहीं लेगी, जब तक अन्यथा सेबी द्वारा म्यूचुअल फंड

विनियमों/दिशानिर्देशों/आदेशों के अधीन अनुमति न दे दी जाए ।

9. विकास प्रारक्षित निधि (डीआरएफ) में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% ट्रस्ट के डीआरएफ में अंशदान के रूप में रखा जाएगा ।

डीआरएफ अंशदान आवर्ती व्यय का अंश होगा ।

ट्रस्ट ने इस निधि की स्थापना एक सामान्य निधि के रूप में 1983-84 में की थी ताकि ट्रस्ट नई योजनाओं को लागू करने के संबंध में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को करने, नई पद्धतियों और प्रक्रियाओं का अवधारणा के स्तर पर प्रवर्तन करने तथा उत्पादन एवं विकास से संबंधित ऐसे बहुत से अन्य कार्यों जो किसी विशेष योजना से जुड़े अथवा संबंधित न हों, पर होने वाले व्ययों को पूरा कर सके । इस निधि का उपयोग आर्थिक और पूंजी बाजार अनुसंधान, प्रबंध और व्यावसायिक प्रशिक्षण, ट्रस्ट के लिए सर्वेक्षण एवं बाजार अनुसंधान, मार्केटिंग और कार्पोरेट की छवि निर्माण संबंधी ऐसे प्रयासों जो किसी विशेष योजना से जुड़े हुए न हों तथा मानव संसाधन विकास संबंधी प्रयासों जिनका दीर्घकालिक प्रभाव हो और जो ट्रस्ट के भविष्य के कार्यकलापों से संबंधित हों, के लिए भी किया जा सकता है ।

10. कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान :

प्रत्येक वर्ष साप्ताहिक औसत शुद्ध आस्ति मूल्य का 0.10% कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट में अंशदान के रूप में रखा जाएगा। ट्रस्ट ने कर्मचारी कल्याण ट्रस्ट की स्थापना अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए की है जिसमें विपत्ति में सहायता, चिकित्सा सहायता, स्वास्थ्य सहायता अथवा इसी प्रकार के अन्य प्रयोजन शामिल हैं ।

11. लेखों का प्रकाशन :

ट्रस्ट प्रत्येक वर्ष 30 जून के बाद यथाशीघ्र बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट रीति से लेखों को प्रकाशित करेगा, जिसमें उस तिथि को समाप्त अवधि का योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के कार्यों का विवरण होगा । ट्रस्ट सेबी को विधिवत रूप से परीक्षित तुलनपत्र सहित वार्षिक लेखों की प्रतियां और राजस्व लेखा अपरीक्षित अर्ध वार्षिक लेखों और एनएवी में हुए उतार चढ़ाव का एक तिमाही विवरण और पिछली अवधि में हुए परिवर्तनों सहित तिमाही पोर्टफोलियो विवरण भेजेगा ।

ट्रस्ट निवेशकों को वह जानकारी देगा जो उनके निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के बारे में हो और जिसका सूचित किया जाना आवश्यक हो । ट्रस्ट, सदस्य से लिखित रूप में अनुरोध प्राप्त होने पर, उसे प्रकाशित लेखों और विवरणों की एक प्रति भेजेगा ।

शिकायतें लंबित रहने के कारण :

सेबी द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट सेबी को प्रस्तुत की है जो सेबी के विचाराधीन है । अत: शुल्क, व्यय और लेखा नीतियां सेबी द्वारा जारी विनियमों/दिशानिर्देशों पर निर्भर रहते हुए परिवर्तन के अधीन होंगी ।

12. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन और संशोधन :

बोर्ड समय-समय पर इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान में परिवर्धन या अन्यथा संशोधन कर सकता है और उसमें किये गये परिवर्धन/संशोधन की अधिसूचना सरकारी राजपत्र में की जाएगी । किसी संशोधन के मामले में सेबी का पूर्व अनुमोदन लिया जाएगा ।

13. योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति :

(क) 31-03-2007 को अर्थात् योजना के अंतर्गत यूनिटों के दस वर्ष बाद यह योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की अंतिम रूप से समाप्ति हो जाएगी ।

(ख) यदि प्लान के अंतर्गत जारी यूनिटों में से 90% से अधिक यूनिटों की दस वर्ष पूरा होने से पहले ही पुनर्खरीद की जाती है तो ट्रस्ट अपने विवेकानुसार यह प्लान दस वर्ष की निर्धारित अवधि से पहले भी समाप्त कर सकता है और ट्रस्ट द्वारा निर्धारित किये जाने वाले अंतिम पुनर्खरीद मूल्य पर बकाया यूनिटों को मुक्त कर सकता है ।

जहां प्लान ऊपर उप-खण्ड (ख) के अनुसरण में बंद की जाती है, वहां ट्रस्ट समाप्ति की तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले इसकी सूचना सेबी को और अखिल भारतीय स्तर पर परिचालित दो समाचार पत्रों और मुम्बई के एक स्थानीय भाषा के समाचार पत्र में देगा ।

(ग) योजना की समाप्ति संबंधी विज्ञापन की तिथि को और उस तिथि से ट्रस्ट :—

(1) इस योजना से संबंधित कोई भी व्यावसायिक क्रियाकलाप नहीं करेगा ।

(2) इस योजना के अंतर्गत यूनिटों को उत्पन्न और रद्द करना बंद करेगा ।

(3) इस योजना में यूनिटों को जारी करना और यूनिटों का प्रतिदान बंद करेगा ।

(घ) न्यासी मंडल यूनिटधारकों की एक बैठक बुलाएगा जिसमें उपस्थित यूनिटधारकों द्वारा विचार किया जाएगा तथा साधारण बहुमत से आवश्यक संकल्प पारित किया जाएगा और मतदान द्वारा न्यासियों अथवा किसी अन्य व्यक्ति को योजना की समाप्ति हेतु कदम उठाने के लिए प्राधिकृत किया जाएगा ।

(ङ) (1) न्यासी मंडल योजना से संबंधित आस्तियों को योजना के यूनिट धारकों के सर्वोत्तम हित में निपटाएगा ।

(2) ऊपर दिए गए खण्ड (ङ)(1) के अनुसार की गई बिक्री की राशि को पहले दृष्टान्त में, योजना के अंतर्गत ऐसी देयताओं के उन्मोचन के लिए उपयोग किया जाएगा जो उचित रूप से देय हों और ऐसी समाप्ति से संबंधित व्ययों को चुकाने के लिए उचित प्रावधान करने के बाद समाप्ति का निर्णय लेने की तिथि को योजना की आस्तियों में यूनिट धारकों के हित के समानुपात में उन्हें शेष राशि का भुगतान किया जाएगा ।

(च) समाप्ति पूरी होने पर, ट्रस्ट सेबी और यूनिट धारकों को समाप्ति पर एक रिपोर्ट प्रेषित करेगा जिसमें ऐसी परिस्थितियां जिनके कारण योजना समाप्त हुई, समाप्ति से पूर्व निधि की आस्तियों के निपटान के लिए उठाए गए कदम, समाप्ति के लिए की गई निधियों का व्यय, यूनिटधारकों को वितरण के लिए उपलब्ध शुद्ध आस्तियों के वितरण और योजना के लेखा परीक्षकों से प्राप्त एक प्रमाण पत्र शामिल होगा ।

(छ) इसमें ऊपर दी गई किसी भी बात के बावजूद, सेबी [म्यूच्युअल फंड] विनियम 1993 के प्रावधान, अर्धवार्षिक रिपोर्ट और वार्षिक रिपोर्ट के प्रकटीकरण के लिए लागू रहेंगे।

(ज) खण्ड 13(च) में संदर्भित रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद यदि सेबी संतुष्ट है कि योजना समाप्त करने की सारी कार्यवाही पूरी हो गयी है तो योजना समाप्त हो जाएगी।

(झ) ट्रस्ट द्वारा विधिवत्-रूप से यूनिट प्रमाणपत्रों का उन्मोचन प्राप्त होने पर और अन्य प्रक्रिया और परिचालन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने पर यथाशीघ्र पुनर्खरीद मूल्य का भुगतान किया जाएगा। विधिवत् रूप से उन्मोचित यूनिट प्रमाणपत्र और अन्य फार्म, यदि कोई हो, ट्रस्ट द्वारा रद्दकरण के लिए सुरक्षित रखे जाएंगे।

14. उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध की व्याख्या में कोई संदेह उत्पन्न होने पर केवल अध्यक्ष और यदि उस समय कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो, तो कार्यपालक न्यासी को योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों के अर्थ निर्धारण का अधिकार होगा। ऐसा अर्थ किसी भी रूप में प्रतिकूल प्रभाव डालनेवाला या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की मूल संरचना के विपरित नहीं होगा तथा ऐसा निर्णय निश्चायक, बाध्यकारी और अंतिम होगा।

इसके अंतर्गत बने योजना के प्रावधान और प्लान के प्रावधान, जैसे योजना में कहा गया है, एक दूसरे के साथ पढ़े जाएं।

15. उपबंधों में ढील :

केवल अध्यक्ष और यदि कोई अध्यक्ष नियुक्त न हो तो ट्रस्ट का कार्यपालक न्यासी कठिनाइयों को कम करने के उद्देश्य से या योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के निर्बाध और सहज संचालन के लिये योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के किसी भी उपबंध में सेबी को सूचित करते हुए ढील दे सकता है, परिवर्तित या संशोधन कर सकता है, बशर्ते किसी यूनिट धारक या यूनिट धारक वर्ग के लिए ऐसा करना समीचीन हो।

प्रावधान में परिवर्तन सेबी के पूर्व अनुमोदन के बाद ही किया जाएगा।

16. योजना और उसके अंतर्गत बना प्लान यूनिट धारकों के लिए बाध्यकारी होगा :

इस योजना और इसके अंतर्गत बने प्लान की शर्तों के साथ-साथ समय-समय पर इनमें किये गये संशोधन और परिवर्तन प्रत्येक यूनिट धारकों और उसके माध्यम से दावा करने वाले हरेक अन्य व्यक्ति के लिये इस प्रकार बाध्यकारी होंगे, मानो वह योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान के उपबंधों में अंतर्विष्ट किसी विपरीत बात के बावजूद ऐसा करने के लिये बाध्य हो।

17. यूनिट धारकों को लाभ :

योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति के समय पूंजी, आरक्षित निधि और अधिक राशि के संबंध में योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान में उपचित सभी लाभ केवल उन्हीं यूनिट धारकों को प्राप्त होंगे जो योजना और उसके अंतर्गत बने प्लान की समाप्ति तक पूरी अवधि के लिए यूनिट के धारक रहे हों।

18. कर विधि का लागू होना :

आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 88 के अंतर्गत एमईपी-97 के यूनिटों में निवेश की गई राशि के 20% पर अधिकतम 10,000/- रु. तक) कर की छूट होगी। दूसरे शब्दों में, निवेश की गई राशि का 20% (अधिकतम 10,000/- रु. तक) निवेशक द्वारा देय कर से घटा दिया जाएगा।

यूनिटों से प्राप्त अन्य पूंजी लाभ पर प्रचलित कर विधि के अनुसार कर लगाया जाएगा। वर्तमान में "एमईपी-97" सहित ट्रस्ट की सभी योजनाओं के अंतर्गत यूनिटों से प्राप्त आय पर आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 एल के अंतर्गत रु. 15,000/- तक की कुल सीमा तक आय से कटौती उपलब्ध होगी तथा इस प्लान के अंतर्गत होने वाले कोई भी दीर्घावधि पूंजीगत लाभ आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 48 और 112 में दिए गए निर्देशों के अधीन कार्रवाई के योग्य होंगे।

इस प्लान के अंतर्गत यूनिटों में किए गए निवेश का मूल्य पूर्णतया धनकर से मुक्त है।

स्रोत पर कर की कटौती, यदि कोई हो, प्रचलित कर विधि के अनुसार की जाएगी।

यूनिट धारकों के अधिकार

1. प्लान के अधीन यूनिट धारकों को प्लान की आस्तियों के लाभकारी स्वामित्व तथा प्लान द्वारा घोषित लाभांशों में समानुपातिक अधिकार है।

2. यूनिट धारकों को न्यासियों से ऐसी कोई भी जानकारी प्राप्त करने का अधिकार है जो उनके निवेशों पर प्रतिकूल प्रभाव रखती हो तथा यूनिट धारकों को ऐसी जानकारी देने के लिए न्यासी बाध्य होंगे।

3. लाभांश की घोषणा किए जाने के 42 दिनों के भीतर यूनिट धारक लाभांश वारंट के प्रेषित किए जाने के हकदार हैं।

4. यूनिट धारकों को 30 दिनों की अवधि के भीतर यूनिटों को अंतरित करवाने का अधिकार है।

5. यूनिट धारकों को "निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज" शीर्षक के अंतर्गत सूचीबद्ध किए गए सभी दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है।

अभिरक्षक

भारतीय स्टाक धारिता निगम के साथ 17 जनवरी 1994 को हुए करार के अनुसार हमारी सभी योजनाओं और प्लानों का अभिरक्षक भारतीय स्टाक धारिता निगम है जिसका कार्यालय मित्तल कोर्ट, बी विंग, नरीमन पाइंट, मुम्बई-400021 में स्थित है।

अभिरक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे ट्रस्ट के नाम से पंजीकृत सभी योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित संपत्तियों की सुपुर्दगी लें और अभिरक्षक केवल ट्रस्ट के अनुदेशों के अनुसार और प्रतिफल प्राप्त होने पर ही प्रतिभूतियों की सुपुर्दगी देंगे।

जब तक ट्रस्ट द्वारा अन्यथा निदेश न दिया गया हो, अभिरक्षक, एजेंट के रूप में उसके द्वारा धारित प्रतिभूतियों, अन्य आस्तियों की बिक्री, खरीद, अंतरण एवं अन्य लेन-देन से संबंधित अभिरक्षा संबंधी सामान्य कार्यों का पालन करने के लिए सभी गैर-विवेकाधीन एवं प्रक्रियात्मक ब्यौरों के लिए सामान्यतया प्राधिकृत होगा। अभिरक्षक सभी सूचनाएं रिपोर्ट अथवा ट्रस्ट की योजनाओं/निधियों/प्लानों से संबंधित प्रतिभूतियों के वास्तविक रूप से सत्यापन एवं मिलान और लेखा परीक्षा के प्रयोजन हेतु ट्रस्ट अथवा ट्रस्ट के लेखा परीक्षकों द्वारा मांगा गया कोई भी स्पष्टीकरण उपलब्ध करायेंगे।

लेखा परीक्षक

मेसर्स एस. के. कपूर एण्ड कं. 16/98, एलआईसी बिल्डिंग, दी माल, कानपुर-208001 और मेसर्स कल्याणीवाला एण्ड मिस्त्री, माणकजी वाडिया बिल्डिंग, 127, महात्मा गांधी रोड, मुम्बई को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। लेखा परीक्षक हर वर्ष परिवर्तित होने के अधीन हैं।

निवेशकों की शिकायतें

जुलाई 1995 से सितम्बर 1996 तक की अवधि के लिए योजना-वार प्राप्त और निवारण की गई शिकायतों की संख्या नीचे दी गई है :—

योजना का नाम	शिकायतों की संख्या			कुल प्राप्त में से निवारणाधीन शिकायतें
	प्राप्त शिकायतें	जिनका निवारण किया गया	निवारणाधीन	
1	2	3	4	5
सीसीसीएफ	2907	2820	87	2.99%
सी जी जी एफ	19868	19212	656	3.30%
सी जी एस–83	22480	22284	196	0.87%
सी जी यू एस–91	2904	2860	44	1.52%
सी आर टी एस	169	165	4	2.37%
डी आई यू पी–93	235	210	25	10.64%
डी आई यू पी–95	722	667	55	7.62%
डी आई यू एस–90	1339	1334	5	0.37%
डी आई यू एस–91	1559	1539	20	1.28%
डी आई यू एस–92	969	954	15	1.55%
आई आई एस एफ यू एस	5	5	0	0.00%
जी सी जी आई	5318	4655	663	12.47%
ग्रैड मास्टर–93	310	290	20	6.45%
जी एम आई एस–91	2738	2575	163	5.95%
जी एम आई एस–92	1378	1301	77	5.59%
जी एम आई एस–92 (II)	774	736	38	4.91%
जी एम आई एस–बी–92	174	150	24	13.79%
जी एम आई एस–बी–92 (II)	739	731	8	1.08%
गृह लक्ष्मी यू पी–94	1927	1811	116	6.02%
आवास यूनिट योजना	328	289	39	11.89%
एम ई पी 91	5050	4625	425	8.42%
एम ई पी–92	46836	46193	643	1.37%
एम ई पी–93	2518	2478	40	1.59%
एम ई पी–94	4389	4301	88	2.01%

1	2	3	4	5
एम ई पी-95	27530	27466	64	0.23%
एम ई बी-96	189	167	22	11.64%
मास्टर ग्रेन-92	17553	15885	1668	9.50%
मास्टर ग्रोथ-93	1623	1502	121	7.46%
एम आई पी-93	1623	1604	19	1.17%
एम आई पी-94	1147	1126	21	1.83%
एम आई पी-94 (II)	1703	1659	44	2.58%
एम आई पी-94 (III)	605	582	23	3.80%
एम आई पी-95	2808	2684	124	4.42%
एम आई पी-95 (II)	3851	3627	224	5.82%
एम आई पी-95 (III)	6693	6372	321	4.80%
एम आई पी-96	896	777	119	13.28%
एम आई पी-90 (I)	510	374	136	26.67%
एम आई एस-90 (II)	1175	1080	95	8.09%
एम आई एस-बी-93	872	860	12	1.38%
एम आई एस जी-91	1607	1517	90	5.60%
मास्टर प्लान-91	5915	5709	206	3.48%
मास्टर शेयर-86	29980	25693	4287	14.30%
ओमनी प्लान	75	63	12	16.00%
पी ई एफ-95	814	684	130	15.97%
सेवा निवृत्ति लाभ प्लान	3870	3602	268	6.93%
राजलक्ष्मी यू पी	10438	10044	394	3.77%
वरिष्ठ नागरिक यूनिट प्लान	1642	1553	89	5.42%
यू जी एस-2000	60364	57268	3096	5.13%
यू जी एस-5000	12664	10408	2256	17.81%
यूलिप-71	15761	13690	2071	13.14%
यू एस-64	628393	598040	30353	4.83%
यू एस-92	407	405	2	0.49%
यू एस-95	4	4	0	0.00%
कुल	966348	916630	49718	5.14

शिकायतें लंबित रहने के कारण

(1) संग्रहणकर्ता बैंकों से आवेदन पत्र/निधियों का प्राप्त न होना।

(2) आवेदन पत्र में निवेशक के पते, नाम और हस्ताक्षर सहित अपूर्ण विवरण।

(3) निवेशक के पते में हुए परिवर्तन को सूचित नहीं किया जाना/अद्यतन नहीं किया जाना।

(4) मार्ग में ही खो जाना।

(5) डाक सेवा में विलम्ब।

(6) अंतरण/मृत्यु मामलों/पुनर्वैधीकरण के मामलों में अपेक्षित दस्तावेजों का उपलब्ध नहीं कराया जाना।

(7) शिकायतें भेजते समय अपूर्ण ब्यौरा।

(8) कमीशन प्राप्त न होना/विलम्ब से प्राप्त होना।

(9) पत्रों/दस्तावेजों को गलत कार्यालय/रजिस्ट्रार को भेजा जाना।

सभी निवेशक, निवेश का पूरा विवरण देते हुए अपनी शिकायत संबंधित निवेशक संपर्क कक्ष को नीचे दिए गए पतों पर भेज सकते हैं :

पश्चिमी अंचल :

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

निवेशक संपर्क कक्ष, कामर्स सेंटर 1, 28वीं मंजिल,

विश्व व्यापार केन्द्र, जी डी सोमानी मार्ग,

कफ परेड, मुम्बई-400005।

टेली : 2180172/218 1600

पूर्वी अंचल :

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

निवेशक संपर्क कक्ष,

2, फेयरली प्लेस, 2री मंजिल,

कलकत्ता-700001 ।

टेली : 2434581

दक्षिणी अंचल :

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

निवेशक संपर्क कक्ष,

यूटीआई हाउस, 29, राजाजी सलाई,

मद्रास-600001 ।

टेली : 517101 विस्तारित : 360/364

उत्तरी अंचल :

भारतीय यूनिट ट्रस्ट

निवेशक संपर्क कक्ष,

हेराल्ड हाउस, 2री मंजिल,

5ए, बहादुर शाह जफर मार्ग,

नई दिल्ली-110002 ।

टेली : 3329860

रजिस्ट्रार

यूटीआई इन्वेस्टर्स सर्विसेज लि. को रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है ।

यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि रजिस्ट्रार के पास आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग करने, प्रमाणपत्रों को निर्धारित समय के भीतर प्रेषित करने और निवेशक की शिकायतों को दूर करने जैसी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की पर्याप्त क्षमता है । आवेदन पत्रों की प्रोसेसिंग और बिक्री के पश्चात् सेवाएं रजिस्ट्रार की चार मुख्य शाखाओं द्वारा प्रदान की जाएंगी ।

पश्चिम अंचल : प्लाट नं. 369, मरोल मरोशी रोड, मरोल मरोशी बस डिपो के समीप, विजय नगर, अंधेरी (पूर्व) मुम्बई-400059 ।

पूर्व अंचल : 2, फेयरली प्लेस, पहली मंजिल, पोस्ट बैग नं. 60, कलकत्ता-700001 ।

दक्षिण अंचल : जस्टिस बशीर अहमद सईद बिल्डिंग, 45, दूसरी लाइन बीच, मद्रास-600001 ।

उत्तर अंचल : तेज बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, 8 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 ।

निरीक्षण के लिए उपलब्ध दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेज निरीक्षण के लिए केन्द्रीय निवेशक संपर्क कक्ष, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय बेसमेंट, द्वार नं. 1, सर विट्ठलदास ठाकरसी मार्ग, मुम्बई-400020 में उपलब्ध रहेंगे ।

- यूटीआई अधिनियम
- सामान्य विनियम
- अभिरक्षक, रजिस्ट्रार और संग्रहणकर्ता बैंकों के साथ किए गए करार
- पेशकश दस्तावेज एमईपी 97 की प्रति

यू० टी० आई० के पिछले मास्टर इक्विटी प्लानों का विवरण

प्लान	एम ई पी '91	एम ई पी' 92	एम ई पी' 93	एम ई पी'94	एम ई पी' 95	एम ई पी' 96
आरंभ होने की तिथि	1–4–91	01–04–1992	01–04–1993	01–04–1994	01–4–1995	01–04–1996
समाप्ति की तिथि	31–03–2001	31–03–2002	31–03–2003	31–03–2004	31–03–2005	31–03–2006
संग्रह की गई राशि	रु० 285/- करोड़	रु० 1297/- करोड़	रु. 392/- करोड़	रु० 735/- करोड़	रु० 1162- करोड़	रु० 190 करोड़
आवेदन पत्रों की संख्या	3,85,836	17,96,031	5,59,224	9,85,511	14,72,918	2,33,867

पूर्ववर्ती आंकड़े	1991-92		1992-93			मास्टर इक्विटी प्लान 1993-94			
	एमईपी '94	एमईपी '92	एमईपी '91	एमईपी '92	एमईपी '93	एमईपी '91	एमईपी '92	एमईपी '93	एमईपी '94
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
(क) कुल आय	7,425.64	52,603.65	1,335.06	3,571.45	1331.92	10,323.42	4,415.51	1,367.03	702.76
(ख) व्यय (संदिग्ध आस्तियों के लिए प्रावधान सहित)	570.89	1135.13	81 48	760.79	365.38	179.92	664.16	256.82	433.50
(ग) शुद्ध आय	6,854.75	51,468.52	1,253.58	2,810.66	966.54	10,143.50	3,751.35	1,110.21	269.26
(घ) लाभांश	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(ङ) एनएवी (प्रति यूनिट)									
—वर्ष के आरम्भ में	10.59	—	21.95	11.97	—	19.06	10.66	10.31	—
—वर्ष के अंत में	24.95	11.97	19.06	10.66	10.31	37.87	21.54	19.64	10.98
(च) औसत मासिक शुद्ध आस्तियों में व्यय (%)	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(छ) पोर्टफोलियो कुल बिक्री दर	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(ज) बाजार मूल्य									
—उच्चतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—न्यूनतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(झ) पुनर्खरीद मूल्य									
—उच्चतम	—	—	—	—	—	34.35	—	—	—
—न्यूनतम	—	—	—	—	—	33.10	—	—	—
(ञ) बिक्री मूल्य									
—उच्चतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—न्यूनतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(ट) अवधि की समाप्ति पर बकाया यूनिटों की सं० (लाख में)	2,863.06	12,519.94	2,859.36	12,743.68	3,923.27	2,418.09	12,735.92	3,939.27	7,298.06

पूर्ववर्ती आंकड़े

(रुपए लाख में)

पूर्ववर्ती आंकड़े	1994-95					1995-96					
	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21
(क) कुल आय	19,111.21	10,761.23	1,066.92	1,172.02	1,298.71	4,278.75	25,133.60	4,919.38	943.99	8,447.17	402.38
(ख) व्यय (संदिग्ध आस्तियों के लिए प्रावधान सहित)	412.08	1,219.02	237.03	14,614.10	5,861.06	1,55.82	1591.58	491.88	387.14	607.58	144.58
(ग) शुद्ध आय	18,699.13	9,542.21	829.89	13,442.08	4,562.35	4,122.93	23,542.02	4427.50	9,556.85	7,839.59	257.80
(घ) लाभांश	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(ङ) एनएवी (प्रति यूनिट)											
—वर्ष के आरम्भ में	37.87	21.54	19.64	10.98	—	28.01	15.44	14.48	8.21	9.61	—
—वर्ष के अंत में	28.01	15.44	14.48	8.21	9.61	30.26	17.59	16.50	9.51	11.57	12.00
(च) औसत मासिक शुद्ध आस्तियों में व्यय (%)	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(छ) पोर्टफोलियो कुल बिक्री दर	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(ज) बाजार मूल्य											
—उच्चतम	—	—	—	—	—	—	—	14.25	—	—	—
—न्यूनतम	—	—	—	—	—	—	—	10.00	—	—	—
(झ) पुनर्खरीद मूल्य											
—उच्चतम	39.80	15.95	—	—	—	29.45	21.90	—	—	—	—
—न्यूनतम	25.35	14.30	—	—	—	17.00	12.45	—	—	—	—
(ञ) बिक्री मूल्य											
—उच्चतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
—न्यूनतम	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—	—
(ट) अवधि की समाप्ति पर बकाया यूनिटों की सं० (लाख में)	1,658.30	11,709.20	3,927.80	7,372.90	11,597.10	1,447.02	9,254.14	3,492.94	7,370.25	11,577.96	1,966.27

कार्पोरेट कार्यालय

आंचलिक कार्यालय

पश्चिमी अंचल : केन्द्र-1, 28 वीं मंजिल, विश्व व्यापार केन्द्र, कफ परेड, कोलाबा, मुंबई-400005. दूरध्वनि : 2181600. पूर्वी अंचल : 2 फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, कलकत्ता-700001. दूरध्वनि : 2209391. **दक्षिणी अंचल** : यूटीआई हाउस, 29, राजाजी सालै, मद्रास-600001. दूरध्वनि : 517101. उत्तरी अंचल : जीवन भारती, 13 वीं मंजिल, टावर 2, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001. दूरध्वनि : 3329860.

पश्चिमी अंचल के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

अहमदाबाद : बी. जे. हाउस, दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल, आश्रम रोड, अहमदाबाद-380009. दूरध्वनि : 6423043. बड़ौदा : मेघधनुष, चौथी और पांचवीं मंजिल, ट्राम्पेक सर्कल, रेस कोर्स रोड, बड़ौदा-390015. दूरध्वनि : 332481. भोपाल : पहली मंजिल, गंगाजमुना कमर्शियल काम्प्लैक्स, प्लाट नं. 202, महाराणा प्रताप नगर नगर, अंचल 1, स्कीम 13 हबीब गंज, भोपाल-462001. दूरध्वनि : 558308. इन्दौर : सिटी सेंटर, दूसरी मंजिल, 570, एम. जी. मार्ग, इन्दौर-452001. दूरध्वनि : 22796. मुंबई : (1) यूनिट सं. 2, ब्लाक 'बी', गुलमोहर क्रास रोड नं. 9, अंधेरी (पश्चिम), मुंबई-400049. दूरध्वनि : 6201995. मुंबई : (2) पर्सेपोलिस बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, आन्ध्र बैंक के ऊपर, सेक्टर 17, वाशी, नवी मुंबई-400703, दूरध्वनि : 7672607. मुंबई : (3) लोटस कोर्ट बिल्डिंग, 196, जमशेदजी टाटा रोड, बैकबे रिक्लमेशन, मुंबई-400020. दूरध्वनि : 2850821. मुंबई (4) श्रद्धा शापिंग आर्केड, पहली मंजिल, एस. वी. रोड, बोरिवली (पश्चिम), मुंबई-400092. दूरध्वनि 802052 मुंबई : (5) सागर बोनांजा, पहली मंजिल, खोत लेन, घाटकोपर (पश्चिम), मुम्बई-400086 दूरध्वनि : 5162256. कोल्हापुर : अयोध्या टावर्स, सी. एस. नं. 511, के एच-1/2, 'ई' वार्ड, दाभोलकर कार्नर, स्टेशन रोड, कोल्हापुर-416001. दूरध्वनि : 657315. नागपुर : श्री मोहिनी काम्प्लैक्स, तीसरी मंजिल, 345, सरदार वल्लभभाई पटेल रोड, नागपुर-440001. दूरध्वनि : 536893. नासिक : सारदा संकुल, दूसरी मंजिल, एम. जी. रोड, नासिक-422001. दूरध्वनि : 72166. पणजी : ई.डी.सी. हाउस, भूतल, डा. ए बी मार्ग, पणजी, गोवा-403001. दूरध्वनि : 222472. पुणे : सदाशिव विलास, तीसरी मंजिल, 1183 फर्ग्युसन कालेज रोड, शिवाजी नगर, पुणे-411005. दूरध्वनि : 325054. राजकोट : लल्लूभाई सेन्टर, चौथी मंजिल, लखाजी राज रोड, राजकोट-360001. दूरध्वनि : 35112. सूरत : सैफी बिल्डिंग, डच रोड, ननपुरा, सूरत-395001 दूरध्वनि : 434550 ठाणे : यूटीआई हाउस, स्टेशन मार्ग, ठाणे (पश्चिम)-400601. दूरध्वनि : 5400905.

पूर्वी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

भुवनेश्वर : ओसीएचसी बिल्डिंग, पहली और दूसरी मंजिल, 24, जनपथ, खारवेला नगर, राम मंदिर के समीप, भुवनेश्वर-751001. दूरध्वनि : 410995. कलकत्ता : 2 और 4. फेयरली प्लेस, कलकत्ता-700001. दूरध्वनि : 2209391. दुर्गापुर : तीसरी एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, आसनसोल, दुर्गापुर विकास प्राधिकरण, सिटी सेन्टर, दुर्गापुर-713216. दूरध्वनि : 4831. गुवाहाटी : जीवन दीप, एम. एल. नेहरु रोड, पानबाजार, गुवाहाटी-781001. दूरध्वनि : 543131. जमशेदपुर : 1-ए, राम मंदिर परिसर, भूतल और दूसरी मंजिल, जमशेदपुर-831001. दूरध्वनि : 425508. पटना : जीवन दीप बिल्डिंग, भूतल और 5वीं मंजिल, एक्जिबिशन रोड, पटना-800001. दूरध्वनि : 235001. सिलीगुड़ी : जीवन दीप, भूतल, गुरु नानक सारनी, सिलीगुड़ी-734401. दूरध्वनि : 24671.

दक्षिणी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

बंगलोर : विश्व व्यापार केन्द्र, चेम्बर आफ कामर्स, केम्पेगोवडा रोड, बंगलौर-560009. दूरध्वनि : 2263739. कोचीन : जीवन प्रकाश, पांचवीं मंजिल, एम. जी. रोड, एर्नाकुलम, कोचीन-682011. दूरध्वनि : 362354. कोयम्बतूर : चेरन टावर्स, तीसरी मंजिल, 6/25, आर्ट्स कालेज रोड, कोयम्बतूर 641018. दूरध्वनि : 214973. हुबली : कालबर्गी मेंशन, 4 थी मंजिल, लेमिंगटन रोड, हुबली-580020. दूरध्वनि : 363963. हैदराबाद : पहली मंजिल, सुरभि आर्केड, 5-1-664, 665, 669, बैंक स्ट्रीट हैदराबाद-500001. दूरध्वनि : 511095. मद्रास : यू. टी. आई. हाउस, 29, राजाजी सलाई मद्रास-600001. दूरध्वनि : 517101/513695. मदुराई : तमिलनाडु सर्वोदय संघ बिल्डिंग, 108, तिरुप्परनकुन्द्रम रोड, मदुराई-625001. दूरध्वनि : 38186 मंगलौर : सिधार्थ बिल्डिंग, पहली मंजिल, बाल-मत्ता रोड, मंगलौर-575001. दूरध्वनि : 426258. तिरुअनंतपुरम : स्वस्तिक सेन्टर, तीसरी मंजिल, एम. जी. रोड, तिरुअनंतपुरम-695001. दूरध्वनि : 331415. त्रिची : 104, सलाई रोड, वोरेयूर, , तिरुचिरापल्ली-620003. दूरध्वनि : 27060. त्रिचूर : 28/876/77. वेस्ट पल्लिथामाम बिल्डिंग, करुणाकरण नंबियार रोड, राउंड नार्थ, त्रिचूर-680020. दूरध्वनि : 331259. विजयवाड़ा : 27-37-156. बन्दर रोड, मनोरमा होटल के आगे, विजयवाड़ा-520002. दूरध्वनि : 74434. विशाखापट्टनम् : रत्ना आर्केड, तीसरी मंजिल, 47-15-6, स्टेशन रोड, द्वारका नगर, विशाखापट्टनम्-530016. दूरध्वनि : 548121.

उत्तरी अंचल के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले शाखा कार्यालय

आगरा : भूतल, जीवन प्रकाश, संजय प्लेस, महात्मा गांधी रोड, आगरा-282002. दूरध्वनि : 54408. इलाहाबाद यूनाइटेड टावर्स, तीसरी मंजिल, 53, लीडर रोड, इलाहाबाद-211003. दूरध्वनि : 50521. अमृतसर : श्री द्वारकाधीश काम्पलेक्स, दूसरी मंजिल क्विन्स रोड, अमृतसर-143001. दूरध्वनि : 210367 चंडीगढ़ : जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़-160017. दूरध्वनि : 543683. देहरादून : दूसरी मंजिल, 59/3, राजपुर रोड, देहरादून-248001. दूरध्वनि : 26720. फरीदाबाद : बी-614-617, नेहरू ग्राउंड, एनआईटी, फरीदाबाद-121001. दूरध्वनि : 210010. गाजियाबाद : 41, नवयुग मार्केट, सिंघानी गेट के पास, गाजियाबाद-201001. दूरध्वनि : 752040. जयपुर : आनंद भवन, तीसरी मंजिल, संसार चन्द्र रोड, जयपुर-302001. दूरध्वनि : 365212. कानपुर : 16/79-इ, सिविल लाईन्स, कानपुर-208001. दूरध्वनि 317278. लखनऊ : रिजेन्सी प्लाजा बिल्डिंग, 5 पार्क रोड, लखनऊ-226001. दूरध्वनि : 232501. लुधियाना : सोहन

पैलेस, 455, दि माल, लुधियाना-141001. दूरध्वनि : 400373. नई दिल्ली : गुलाब भवन, दूसरी मंजिल, 6, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002. दूरध्वनि : 3318638/3319786. शिमला : 3, माल रोड, पहली मंजिल, जानकीदास एण्ड कं. डिपार्टमेन्ट स्टोर के ऊपर, शिमला-171002. दूरध्वनि : 4203. वाराणसी : पहली मंजिल, डी-58/2ए-1, भवानी मार्केट रथयात्रा, वाराणसी-221001. दूरध्वनि : 54306.

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 16 दिसम्बर 1996

सं. यू-16/53/94-चि. 2 (प. बं.)—कर्मचारी राज्य बीमा निगम (साधारण) विनियम, 1950 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक में पारित किए गए संकल्प के अनुसरण में, एतद्द्वारा सेरमपुर केन्द्र व क्षेत्रीय उप चिकित्सा आयुक्त (पूर्व अंचल) द्वारा नियत किए गए क्षेत्रों के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच करने तथा मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता में संदिग्ध होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए मौजूदा मानकों के अनुसार मासिक पारिश्रमिक पर चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए डा. (श्रीमती) अर्चना राय भट्टाचार्जी की सेवाएं एक वर्ष के लिए 1-1-1997 से 31-12-1997 तक या किसी पूर्णकालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यग्रहण करने तक, जो भी पहले हो, बढ़ाता हूं।

सुरेन्द्र कुमार शर्मा
महानिदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 22 दिसम्बर 1996

सं. ए-12(2)-8/83-स्था.-1(क)—कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34 यथा संशोधित) की धारा 97 की उप धारा (2) के खण्ड 21 और उप-धारा (2क) के साथ पठित धारा 97 की उप-धारा(1) और धारा 17 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और क.रा.बी. निगम निदेशक (जन संपर्क) (भर्ती) विनियम, 1981 में आंशिक संशोधन करते हुए, ऐसे संशोधन से पूर्व किए गए अथवा करने से रह गए कार्यों को छोड़कर, निगम केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन से एतद्द्वारा क.रा.बी. निगम में निदेशक (जन संपर्क) के पद की भर्ती पद्धति को नियमित करने के लिए निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ :

(1) ये विनियम क.रा.बी. निगम, निदेशक (जन संपर्क) भर्ती (संशोधन) विनियम, 1996 कहे जाएंगे।

(2) ये शासकीय राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान :

पदों की संख्या, इनका वर्गीकरण और इनसे संबद्ध वेतनमान इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची के कालम 2 से 4 तक में विनिर्दिष्ट रूप में होंगे।

3. भर्ती पद्धति, आयु सीमा, योग्यताएं आदि :

उक्त पदों की भर्ती की पद्धति, आयु सीमा, योग्यताएं और अन्य संबंधित मामले उक्त अनुसूची के कालम 5 से 14 तक में विनिर्दिष्ट रूप में होंगे।

4. अयोग्यता :

(क) ऐसा कोई व्यक्ति जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है या विवाह करने का इकरार किया है जिसका जीवन-साथी जीवित है, अथवा

(ख) जिसने अपने जीवन-साथी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है अथवा विवाह करने का इकरार किया है।

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा। परन्तु यदि निगम के महानिदेशक इस बात से सन्तुष्ट हैं कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति अथवा विवाह की दूसरी पार्टी पर लागू वैयक्तिक कानून के अन्तर्गत अनुमेय है या ऐसा करने के अन्य आधार भी हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस विनियम से छूट दे सकता है।

5. ढील देने की शक्ति :

जहां निगम के महानिदेशक की राय में ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है तो वह केन्द्रीय सरकार का पूर्व अनुमोदन प्राप्त कर लेने के बाद तथा संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श से और इसके लिए कारणों को लेखबद्ध करके व्यक्तियों के किसी वर्ग अथवा श्रेणी के संबंध में इन विनियमों के किसी उपबन्ध में आदेश द्वारा ढील दे सकता है।

6. अवशिष्ट मामले :

इन विनियमों के उपबन्धों के अध्यधीन, निगम में अधिकारियों के तदनुरूपी वर्ग पर लागू, समय-समय पर यथा-संशोधित क.रा.बी. निगम (भर्ती) विनियम, 1965 में यथा-उल्लिखित सभी विनियम और अनुदेश इन विनियमों के साथ संलग्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट पदों पर लागू होंगे।

7. अपवाद :

इन विनियमों की कोई बात ऐसे आरक्षणों और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग और व्यक्तियों की के अन्य वर्गों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।

सुरेन्द्र कुमार शर्मा
महानिदेशक

क० रा० बी० निगम में निदेशक (जन सम्पर्क)

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद अथवा गैर-चयन पद	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा	क्या सेवा के जोड़ गए वर्षों का लाभ स्वीकार्य है	सीधी भर्ती वाले उम्मीदवारों के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएं
1	2	3	4	5	6	7	8
निदेशक (जन संपर्क)	01* (1995) *कार्यभार के आधार पर संख्या में परिवर्तन हो सकेगा ।	ग्रुप "क"	3700-125-4700-150-5000 रुपये	लागू नहीं	50 वर्ष से अनधिक (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों और आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों को 5 वर्ष तक की ढील) टिप्पणी : आयु सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में उम्मीदवार से आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तारीख होगी और असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर राज्य का लद्दाख प्रभाग, हिमाचल प्रदेश के लाहुल एवं स्पीति जिले तथा चम्बा जिले का पंगी उप प्रभाग, अण्डमान व निकोबार द्वीप तथा लक्षद्वीप के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित तारीख नहीं)	नहीं	अनिवार्य (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की डिग्री अथवा समकक्ष योग्यता तथा माध्यमिक विद्यालय स्तर पर हिन्दी और अंग्रेजी का अध्ययन किया हो । (ii) जन संपर्क के क्षेत्र में 8 वर्ष का अनुभव । टिप्पणी 1. अन्यथा सुयोग्य उम्मीदवारों के मामले में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार योग्यताओं में ढील दी जा सकती है । टिप्पणी: 2. यदि चयन के किसी भी स्तर पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय हो कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित रिक्तियां भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध नहीं हो पाएगी तो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुभव संबंधी योग्यता(ओं) में ढील दी जा सकती है । वांछनीय :– किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से जन-संचार में डिग्री/डिप्लोमा अथवा समकक्ष योग्यता ।

के पद के लिए भर्ती विनियम

क्या सीधी भर्ती के लिए उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आयु और शैक्षिक योग्यताएं पदोन्नति वाले उम्मीदवारों पर भी लागू होंगी।	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो	भर्ती की पद्धति। क्या सीधी भर्ती द्वारा अथवा पदोन्नति द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों की प्रतिशतता	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिनमें से पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण किया जाएगा।	विभागीय पदोन्नति समिति मौजूद होने की स्थिति में उसका गठन।	परिस्थितियां जिनमें भर्ती करने में संघ लोक सेवा आयोग का परामर्श लिया जाना है।
9	10	11	12	13	14
लागू नहीं	सीधी भर्ती वालों के लिए 1 वर्ष	प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण (अल्प कालीन करार सहित) स्थानांतरण जिसके न होने सीधी भर्ती द्वारा। आयोग द्वारा आरंभ में 3000-5000 रुपये (परिशोधित) के वेतनमान में अपग्रेड किए गए 1300-1700 रुपये के परिशोधन पूर्व वेतनमान में निदेशक (जन संपर्क) के पद पर मौजूदा नियमित पद धारी की 3700-5000 रुपये के वेतनमान में अपग्रेड किए गए पद पर उपयुक्तता का मूल्यांकन किया जाएगा। यदि उपयुक्त पाया गया आरंभिक नियुक्ति पर उन्हें पद पर नियुक्त माना जाएगा। यदि अपग्रेड किए गए वेतनमान में नियुक्ति के "अनुपयुक्त" पाया गया तो वह 3000-5000/- रुपये के वेतनमान में कार्य करता रहेगा तथा उनके मामले की प्रत्येक वर्ष समीक्षा की जाएगी।	अल्पकालीन करार सहित प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण/स्थानांतरण केन्द्रीय/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र/स्वायत्त निकाय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के अधीन निम्नलिखित अधिकारी नियमित आधार (क) (i) पर सदृश पद धारक; अथवा (ii) 3000-5000/- रुपये के वेतनमान के पद पर चार वर्ष की नियमित सेवा वाले अथवा समकक्ष (iii) 3000-4500/- रुपये के वेतनमान के पद पर पांच वर्ष की नियमित सेवा वाले अथवा समकक्ष और; (ख) सीधी भर्ती वालों के लिए कालम 8 के अन्तर्गत विहित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव वाले। टिप्पणी :—केन्द्रीय/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के अधिकारी ही स्थानांतरण के के पात्र हैं। (इस नियुक्ति से तुरन्त पूर्व केन्द्रीय सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण (अल्पकालीन करार सहित)/स्थानांतरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।	पुष्टि पर विचार करने के लिए ग्रुप "क" विभागीय पदोन्नति समिति 1. महानिदेशक, 2. बीमा आयुक्त क.रा.बी. निगम : सदस्य टिप्पणी :- सीधी भर्ती वाले की पुष्टि संबंधी विभागीय पदोन्नति समिति की कार्यवाही अनुमोदन के लिए आयोग को भेजी जाएगी। यदि आयोग द्वारा इसका अनुमोदन नहीं किया गया तो संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष अथवा सदस्य की अध्यक्षता में विभागीय पदोन्नति समिति की पुनः बैठक की जाएगी।	प्रत्येक अवसर पर संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक है।

छावनी परिषद, कानपुर

कानपुर, दिनांक 25 सितम्बर 1996

का. नि. अ. औ. एस./65—जबकि छावनी अधिनियम, 1924 (1924 का 2) की धारा 60 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों के अधीन छावनी सीमा के अन्तर्गत कन्जरवेंसी टैक्स लागू करने के लिए एक नोटिस दिनांक 8-8-96 को प्रकाशित की गयी और जिसकी एक प्रति छावनी परिषद कार्यालय के प्रमुख स्थान पर लगाई गयी। जैसा कि धारा 61 जिसे धारा 255, उक्त अधिनियम के अन्तर्गत पढ़ा जाये, इस आशय से नोटिस प्रकाशित की गयी कि इससे प्रभावित होने वाले लोग अपनी आपत्तियाँ एवं सुझाव नोटिस प्रकाशन से 30 दिनों के अन्दर प्रस्तुत कर दें।

और जबकि प्राप्त आपत्तियों पर छावनी बोर्ड, कानपुर की बैठक दिनांक 23 सितम्बर, 1996 में विचार किया गया

अब, इसलिये छावनी अधिनियम, 1924 (1924 का 2) की धारा 60 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुये छावनी परिषद, कानपुर केन्द्र सरकार की पूर्वानुमति के साथ कन्जरवेंसी टैक्स एक प्रतिशत प्रति वर्ष मकान के वार्षिक मूल्यांकन पर एवं या प्रत्येक कियायेदारों पर जो कि मकान के गृहकर के लिये हो, लागू करता है।

हरीश प्रसाद

छावनी अधिशासी अधिकारी, कानपुर

छावनी परिषद

देवलाली, दिनांक 12 दिसम्बर 1996

सं० का० नि० आ० 646 एडीएमई/ह–1—चूंकि देवलाली छावनी की सीमाओं के भीतर वसूल कर रहे चुंगी कर दर-सूची से पुनरीक्षण संशोधन हेतु स्थानीय रूप से एक आम सूचना दिनांक 18–09–1995 को प्रकाशित की गई थी और छावनी अधिनियम, 1924 (1924 का 2) के धारा 61 द्वारा अपेक्षित किए गए अनुसार उसके फलस्वरूप प्रभावित होने वाले सभी व्यक्तियों से उक्त सूचना के दिनांक से 30 दिन के अंदर आपत्तियां तथा सुझाव आमंत्रित किए गए थे ;

और चूंकि 30 दिन के निर्दिष्ट समय में प्राप्त सभी आपत्तियां तथा सुझावों पर छावनी परिषद, देवलाली द्वारा यथोचित रूप से सोच-विचार किया गया है ;

अतएव, अब, उक्त अधिनियम की धारा 60 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तथा अधिसूचना संख्या 646/एडीएम/ह–1 दिनांक 15 नवम्बर, 1980 को रद्द बदल करते हुए, छावनी परिषद, देवलाली केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमति से एतद्द्वारा देवलाली छावनी के सीमाओं के भीतर, उपयोग, उपयोग तथा बिक्री हेतु लाया जाने वाला सामान, प्राणियों तथा वाहनों पर इसके साथ संलग्न सूची में निर्दिष्ट किए गए अनुसार चुंगी कर (वापस न मिलने वाला) के पुनरीक्षित दर लागू करती है :—

अप्रति संदेय चुंगी

क्रम सं०	सामान का विवरण	दर	
		प्रति 100 कि० ग्राम पर	प्रतिशत मूल्य पर
1	2	3	4
वर्ग 1			
1	(अ) सभी अनाज जैसे कि : भारतीय मक्का, नचनी, भूसीदार बरी तथा भूसी रहित सतू या भारतीय जौ, मुटकी, कुलिथ, राजगिरा तथा ऐसे ही अन्य अनाज और दालें जो अन्यत्र विनिर्दिष्ट नहीं है।	0.50	
	(ब) निम्नलिखित अनाज और दालें :— बाजरा, ज्वार, चना और दाल, मसूर और मसूरदाल, मटर, पोश्ता दाणा, छिलकेदार चावल और छिलका रहित चावल, तुरी और तूर दाल, उड़द और उड़द दाल, मूंग और मूंग दाल तथा गेहूं	0.50	
2	अखरोट (छिलके सहित तथा छिलके रहित)		3.00
3	बादाम (छिलके सहित तथा छिलके रहित)		3.00
4	अमसूल		3.00
5	सेब	2.00	
6	अरारोट		3.00

1	2	3	4
7	बेकन		3.00
8	बेकिंग पाउडर		3.00
9	सुपारी		3.00
10	बेर	2.00	
11	पान	3.00	
12	सभी किस्म का भूसा	0.50	
13	बिस्कुट्स		3.00
14	बोर्नविटा		3.00
15	मक्खन बिस्कुट		3.00
16	मक्खन (लोनी)	20.00	
17	केक		3.00
18	कार्बोनिक एसिड गैस (बड़ा सिलेंडर/छोटा सिलेंडर)		3.00
19	केस्टर तेल (सुगन्ध रहित)		3.00
20	चमका		3.00
21	चारोली		3.00
22	चिकू	2.00	
23	पनीर		3.00
24	चरियां		3.00
25	मिर्च (सूखी/हरी)	1.00	
26	चायना घास	0.50	
27	चिवड़ा		3.00
28	चॉकलेट		3.00
29	सभी किस्म की चुनी	1.00	
30	हरा नारियल तथा छिलके सहित नारियल	2.00 (प्रति 100 नग)	
31	नारियल तेल (सुगन्धी/सुगन्ध रहित/साफ किया हुआ तथा अन्य साफ किए हुए खाने के तेल		0.50
32	काफी पाउडर तथा बीज		3.00
33	सभी किस्म के ठंडे पेय		3.00
34	सभी प्रकार की कनफेक्शनरी		2.00
35	धनिया		2.00
36	मक्के की बाल	2.00	
37	मक्के के आटे के कार्न फलेक्स	1.00	
38	बिनौला		2.00
39	दही		3.00
40	करी पाउडर		3.00
41	कस्टर्ड पाउडर		3.00
42	अनार	2.00	
43	ताजा खजूर तथा पेंड खजूर		2.00
44	सभी प्रकार के मेवे और उनकी चकतियां		3.00
45	दाल (द्रोण)		3.00
46	अंडा		2.00
47	एरंडी तेल (साफ तथा बिना साफ किया हुआ)		[illegible].00
48	खाद्यपदार्थों के लिए प्रयोग में आने वाले सभी प्रकार के एसन्स		3.00
49	सूखी मछलियां		3.00

1	2	3	4
50	ताजी मछलियां	2.00	
51	बर्फ में रखी गई मछलियां	2.00	
52	मछली खाद		3.00
53	सभी किस्म का आटा	1.00	
54	गाजर	2.00	
55	लहसुन		2.00
56	घी	10.00	
57	अबरक	5.00	
58	गलूकोज		3.00
59	सभी किस्म की घास/हरा चारा	0.50	
60	साफ तथा बिना साफ किया हुआ मूंगफली तेल		0.50
61	मूंगफली दाना (छिलके सहित तथा रहित)	1.00	
62	अमरूद	2.00	
63	हैम		3.00
64	हैम का बीज		3.00
65	शहद		3.00
66	घोड़े का दाना (अन्यत्र विनिर्दिष्ट नहीं है)	1.00	
67	बर्फ		3.00
68	आइसक्रीम		3.00
69	गुड़		3.00
70	सभी किस्म के रस		1.00
71	कड़वी	0.50	
72	काजू ताजा तथा सूखा		3.00
73	ककड़ी	2.00	
74	ककवी		1.00
75	करडी तेल (असुगंधित तथा बिना साफ किया हुआ तथा साफ किया हुआ)		0.50
76	खरबूजा	2.00	
77	खोबरा		2.00
78	खवा		2.00
79	किसमिस		2.00
80	सभी किस्म का लोहा	1.00	
81	डबल रोटी		2.00
82	अलसी तेल (सिवाय डब्बे)		3.00
83	मैकरोनी		3.00
84	मैथा	1.00	
85	मलाई		3.00
86	आम (कलमी/देसी/किरी/हरा)	2.00	
87	मनुका		2.00
88	उर्वरक (खाद)		4.00
89	गोश्त		2.00
90	मेथी बीज		2.00
91	दूध संघनित, गाय और बकरी का, नैस्प्रो/दुग्ध चूर्ण		2.90
92	मुरमुरा और सभी प्रकार के भुने अनाज	1.00	
93	मुरब्बा		3.00

1	2	3	4
94	सरसों तेल		1.00
95	सरसों		3.00
96	जई	2.00	
97	ग्रांगन तेल		1.00
98	देशी असुगंधित और बिना साफ किए तेल (सिवाय डाले अलसी तेल के)		1.00
99	सभी प्रकार के खल	1.00	
100	सभी किस्म का तिलहन (जो अन्यत्र विनिर्दिष्ट नहीं है)		2.00
101	सूखा प्याज	2.00	
102	सन्तरा	2.00	
103	पामखड़		3.00
104	सभी किस्म के पापड़		1.00
105	ताजा प्याज	2.00	
106	पत्रावली		3.00
107	नाशपाती (पीच)	2.00	
108	पिप्पर्स	2.00	
109	पिपर मिंट		3.00
110	फुटाणा	1.00	
111	सभी प्रकार के अचार		2.00
112	सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ (जो अन्यत्र विनिर्दिष्ट नहीं है)		2.00
113	आलू	2.00	
114	अननास	2.00	
115	पिश्ता दाना (छिलका सहित)		2.00
116	केले	2.00	
117	केला पत्ता और खाने या खाना खिलाने में प्रयुक्त		3.00
118	रामफल	2.00	
119	रवा	1.00	
120	सैकरीन		2.00
121	साबुदाना		2.00
122	सिताफल	2.00	
123	सोयाबीन (सभी किस्म का, जो अन्यत्र विनिर्दिष्ट नहीं है)		2.00
124	चीनी, चीनी की कैन्डी, खण्डसारी चीनी		1.00
125	ईख (गन्ना)	1.00	
126	मीठा तेल (साफ किया हुआ/बिना साफ)		0.50
127	चरबी		3.00
128	इमली	1.00	
129	सभी किस्म की चाय, जिसमें चायचुरा पत्तीयां और चाय डंठल सम्मिलित हैं		3.00
130	सभी किस्म के टीन बंद खाद्य		3.00
131	टीन बंद मछली तथा गोश्त		3.00
132	टाफी		3.00
133	टमाटर	1.00	
134	सभी किस्म की वनस्पति घी	10.00	
135	सभी किस्म की वनस्पतियां (सब्जी)	1.00	
136	सिरका (व्हीनीगर)		3.00
137	जर्दालू		2.00

1	2	3	4
वर्ग 2 :	प्रकाश, धुलाई ताप और चिकनाने के लिए प्रयोग में आने वाले सामान		
1	फिटकरी		3.00
2	नौवहन स्पिरीट तथा सभी प्रकार के स्पिरीट		3.00
3	ब्लीचिंग पाउडर		3.00
4	बर्नेन और प्राकृतिक गैस तथा ताप और पकाने आदि के प्रयोग में आने वाले अन्य देशी गैसें		3.00
5	कैलशियम कार्बाइड		3.00
6	कार्बाइड लैम्प		3.00
7	चारकोल		3.00
8	कोयला, कोयला राख/चूर्ण		3.00
9	विद्युत चलित से भिन्न कुकर तथा प्रकाश, पकाने और ताप के लिए प्रयुक्त ऐसे ही सामान और उनके पुर्जे		3.00
10	अग्निशमक		3.00
11	ईंधन हेतु प्रयोग में आने वाली लकड़ी	1.00	
12	आतिशबाजी का सामान जिसमें रंगीन दियासलाई और पटाखे हैं		3.00
13	ग्रीस		3.00
14	सभी किस्म के गैस लैम्प		3.00
15	सिगड़ी (हिटर)		3.00
16	तापदिप्त लैम्प और उसके पुर्जे		3.00
17	केरोसिन तेल		0.50
18	लैम्प, लैम्प बेट, लालटेन		3.00
19	बीजों के तेलों से भिन्न चिकनाई तेल (ल्युब्रीकैटिंग आईल)		3.00
20	पेट्रोल		2.00
21	पेट्रोलियम जैली और अन्यत्र पेट्रोलियम उत्पादन (जो अन्यत्र विनिर्दिष्ट नहीं है)		3.00
22	सीलींग मोम, मोमबत्ती, मोम		3.00
23	साबुन के टुकड़े/सामान्य फ्लैक्स/औषधी साबुन/साबुन पाउडर/चूरा		3.00
24	सभी प्रकार के स्नान के साबुन (जो अन्यत्र विनिर्दिष्ट नहीं है)		3.00
25	मांडी, कलफ (स्टार्च)		3.00
26	स्टोव, प्रकाश और ताप में प्रयोग में आने वाले विद्युत चलित से भिन्न वैसे ही अन्य बिजली सामान और उनके पुर्जे		3.00
27	शिकाकाई		3.00
28	रीठा		3.00
29	सभी किस्म के वैसलीन		3.00
30	विम और कपड़े का सोडा		3.00
वर्ग 3 :	पहनने का सामान, भवन, निर्माण सामान, रंग रोगन आदि		
1	क्वायर से बने सामान		3.00
2	जूट से बने सामान/नारियल जटा से बना सामान		3.00
3	ताड़पत्र से बने सामान		3.00
4	एसबेस्टोज और उससे भिन्न सामान		3.00
5	एसबेस्टोज की चादरें		3.00
6	एसफाल्ट (डामर)		3.00
7	बांस की पट्टी और उससे बने सामान		3.00
8	सभी किस्म के बांस (बांबू)		3.00

1	2	3	4
9.	बैंगलोरी उनी कालीन		3.00
10.	साधारण लकड़ी की शहतीरें/महागनी और शीशम की लकड़ी/टीक की लकड़ी की शहतीरें		3.00
11.	बायलर कंपोजिशन		3.00
12.	खाली बोतलें		3.00
13.	पालिश करने के चक्के		3.00
14.	बिटूमेन (डामर)		3.00
15.	इमारती पत्थर (साधारण)		3.00
16.	झाड़ू/सिंकी तथा खजूर की पत्तियों से बने झाड़ू		3.00
17.	कुर्सियों, गद्दियों आदि के लिए बेंत/फाड़ा हुआ बेंत और उनसे बने सामान		3.00
18.	सिमेंट, सिमेंट के ब्लाक, पाइपें और टाईल और चादरें		3.00
19.	चीनी मिट्टी/चीनी पाईप तथा बर्तन		3.00
20.	कोल तार		3.00
21.	नारियल झाड़ू/ब्रश/रेशे/पत्तियां		3.00
22.	सभी किस्म की रंगीन मिट्टी/सूखे रंग/रंग की ट्यूबे		3.00
23.	चिथड़े (कपड़े)		2.00
24.	देशी ईंटें/टाईल (पकी हुई या बिना पकी हुई)		3.00
25.	रसोई बर्तन		3.00
26.	तराशा हुआ पत्थर इमारती काम तथा अन्य काम के लिए		3.00
27.	सभी प्रकार के डिस्टेम्पर		3.00
28.	मिट्टी के बर्तन तथा पाईप		3.00
29.	रेगमाली कपड़े/चूर्ण/पत्थर/चक्के		3.00
30.	एनामल पेन्ट तथा बर्तन		3.00
31.	रेशे तन्तु जो अन्यत्र विनिर्दिष्ट नहीं है		3.00
